Page 11



खेल

आईपीएल 2026 में वैभव का वैभवशाली रिकार्ड वैभव की तूफानी बल्लेबाजी से ध्वस्त हुए कई...

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

फैशन स्पेशल, अनुपमा तो हमेशा कॉटन की साड़ी में ही घूमती है : रूपाली गांगुली

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 29 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 176 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,56,060 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1993** : भारतीय सीमा सुरक्षा बल (BSF) की टुकड़ियों ने बदला लेने के लिए BSF के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला करने के बाद जम्मू-कश्मीर के सोपोर में 55 कश्मीरी नागरिकों की हत्या कर दी।

**1885** : आधुनिक भारत के दिग्गज हिंदी कवि और लेखकों में से एक भारतेंदु हरिश्चंद्र का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### डायल 112 में जुड़ेगी एआई तकनीक

**पटना (नि.सं.)**। पुलिस रिस्पॉन्स सिस्टम में बड़ा बदलाव,पटना, 28 मई (वार्ता)बिहार में पुलिस रिस्पॉन्स सिस्टम को और अधिक आधुनिक, तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय गृह सचिव के निर्देश पर गुरुवार )को गृह विभाग में सचिव कुंदन कुमार की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ईआरएसएस योजना, थानों में सीसीटीवी स्थापना, सीसीटीएनएस तथा पुलिस मुख्यालय से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। गृह सचिव ने ईआरएसएस यानी डायल–112 की कार्यप्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं तकनीकी नवाचारों के माध्यम से अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ईआरएसएस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से संबंधित कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया।

### वीर सावरकर जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को दी चेतावनी

# जाति-धर्म की राजनीति नहीं विकास प्राथमिकता : सीएम

## सुशासन से कोई समझौता नहीं, अपराधियों को 48 घंटे के अंदर मिलेगा जवाब

निज संवाददाता | पटना



राजधानी पटना के बिहार विधान परिषद् उपसभागार में प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और अदम्य साहस के प्रतीक स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सावरकर जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके महान जीवन और राष्ट्र के प्रति किए गए कार्यों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस राजकीय समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग और सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सूबे की कानून-व्यवस्था और सुशासन को लेकर अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को बेहद कड़े शब्दों में चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि बिहार में हर हाल में सुशासन स्थापित रखा जाएगा और जो भी व्यक्ति अपराध का रास्ता चुनेगा, उसे राज्य की पुलिस 48 घंटे के अंदर करारा जवाब देने का काम करेगी। उन्होंने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे और वे सीधे जेल के अंदर जाएंगे। इसके साथ ही, उन्होंने अवैध कमाई करने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग गलत तरीके से अचानक अमीर बनना चाहते हैं, उनके घर पर सरकारी एजेंसियों का छापा पड़ना तय है। सूबे की सियासत में अक्सर हावी रहने वाले जातीय समीकरणों पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेहद बेबाक राय रखी। उन्होंने विरोधी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा, 'हमारे लिए किसी जाति या धर्म का कोई विशेष मतलब नहीं है, जो लोग हर बात में इसकी चर्चा करते हैं, उन्हें करते रहने दीजिए।' सीएम ने नसीहत भरे लहजे में कहा कि सत्ता में शीर्ष पदों पर बैठकर केवल अपनी जाति से चिपके रहना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का एकमात्र लक्ष्य और प्राथमिकता सिर्फ और सिर्फ बिहार के विकास की बात करना और उस पर धरातल पर काम करना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सावरकर जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'वीर सावरकर की जीवनी' नामक पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम की तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा कि राष्ट्र के प्रति वीर सावरकर जी का समर्पण, अद्वितीय त्याग और कड़ा संघर्ष हम सभी को हमेशा राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की सच्ची प्रेरणा देता है। उनकी जीवनी आज की युवा पीढ़ी को देश सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### बिहार के विकास के लिए उद्योग जरूरी

सीएम ने कहा, आज झारखंड और ओडिशा की जितनी आबादी केवल बिहार में है। ऐसे प्रदेश को समृद्ध बनाने की जिम्मेदारी हमारे कंधे पर है। बिहार के विकास के लिए उद्योग से जुड़े लोगों को साथ आना जरूरी है।

### वीर सावरकर के आदर्शों को बिहार में उतारेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर सावरकर ने राष्ट्रवाद को मजबूत करने का काम किया और उनके आदर्शों को बिहार में लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि वीर सावरकर गुमनाम हैं। आज देश का हर बच्चा उनके बारे में जानता है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले कई क्रांतिकारियों के इतिहास को लंबे समय तक छिपाया गया। अंडमान निकोबार की सेल्युलर जेल अंग्रेजों की क्रूरता और यातना का प्रतीक है, जहां भारतीयों से जबरन मेहनत कराई जाती थी।

# चीनी उद्योग का पुनर्जीवन गन्ना किसानों के लिए स्वर्णिम युग : मंगल पांडेय

निज संवाददाता | पटना



पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार ने गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए चीनी उद्योग को मिशन मोड में पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया है।

गुरुवार को जारी बयान में मंगल पांडेय ने कहा कि 'सात निश्चय-3' योजना के तहत राज्य में 25 नई अत्याधुनिक चीनी मिलों की स्थापना की जाएगी तथा वर्षों से बंद पड़ी चीनी मिलों को दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बिहार की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाला साबित होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति बिहार के लाखों किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह पहल प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत, किसान कल्याण और विकसित भारत-2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मंगल पांडेय ने कहा कि एक समय बिहार देश का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य हुआ करता था। मोतिहारी, लौरिया, सुगौली, रीगा, मझौलिया और सासामुसा जैसी चीनी मिलों की पहचान पूरे देश में थी। लेकिन वर्ष 1990 के बाद की सरकारों की नीतियों और भ्रष्टाचार के कारण एक-एक कर 28 चीनी मिलें बंद हो गईं, जिससे लाखों परिवार प्रभावित हुए और रोजगार के अवसर खत्म हो गए। उन्होंने कहा कि नई चीनी मिलों की स्थापना और पुरानी मिलों के पुनर्जीवन से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे।

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं की समीक्षा की, राज्यों को समयबद्ध काम के निर्देश



**नई दिल्ली(ए.)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आयोजित प्रगति की 51वीं बैठक में देशभर की विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक 'सेवा तीर्थ' में आयोजित हुई, जिसकी जानकारी प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इनमें रेलवे, बिजली और सड़क संपर्क से जुड़ी परियोजनाएं शामिल थीं, जो देश के नौ राज्यों में संचालित हैं। प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं की समय-सीमा, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय तथा लंबित मुद्दों के समाधान पर विशेष जोर दिया। बैठक में केन-बेतवा लिंक परियोजना और स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचना तैयार करना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक और मापने योग्य बदलाव लाना है। उन्होंने राज्यों से ठोस कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र तथा गोबरधन योजना के तहत बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का आग्रह किया। बिजली क्षेत्र की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री ने शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर सिस्टम को मिशन मोड में लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे बिजली की लागत कम होगी, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों, शहरों और सार्वजनिक संस्थानों में इसके विस्तार की आवश्यकता बताई। सड़क और बंदरगाह संपर्क परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने वधावन बंदरगाह को आधुनिक मल्टी-मॉडल विकास मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही।

# गंगा नदी में नाव पलटी, तीन की मौत, चार लापता

निज संवाददाता | बाढ़ (पटना)



बाढ़ में गंगा नदी में गुरुवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। 15 लोगों को लेकर जा रही नाव बीच धारा में पलट गई, जिससे 3 लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि 4 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। हादसे में 7 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना बाढ़ थाना क्षेत्र के उमानाथ इलाके की है। मृतकों की पहचान नीलम कुमारी (30), श्रवण महतो (36) और काशी कुमार (15) के रूप में हुई है। श्रवण महतो और काशी कुमार पिता-पुत्र थे। घायलों में राहुल कुमार, ममता देवी, कबूतरी कुमारी तथा 16 वर्षीय एक किशोरी शामिल हैं। अन्य घायलों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। नाव पर सवार सभी लोग मासूमगंज बिंद टोली के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 5:45 बजे बिंद टोली के लोग नाव से समस्तीपुर जिले के सुल्तानपुर दियारा गए थे। इलाके के लोग अक्सर खेती और सब्जी तोड़ने के काम से वहां आते-जाते हैं। लौटने के दौरान तेज हवा और नाव पर अधिक भार होने के कारण हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नाव जैसे ही गंगा की बीच धारा में पहुंची, अचानक डगमगाने लगी और कुछ ही देर में पलट गई। तेज बहाव के कारण कई लोग नदी में बह गए। नाव पर किसी तरह के सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं थे।

# टीआरई-4 शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों ने पूर्व सीएम से की मुलाकात



**पटना (नि.सं.)**। बिहार में टीआरई-4 शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है। इसी क्रम में छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अभ्यर्थियों ने टीआरई-4 शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जल्द जारी करने तथा 46 हजार से अधिक पदों पर बहाली निकालने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लाखों अभ्यर्थी लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं और सरकार को इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। छात्र नेताओं ने मांग की कि टीआरई-4 भर्ती प्रक्रिया एक ही परीक्षा के माध्यम से पूरी की जाए, ताकि अभ्यर्थियों को बार-बार परीक्षा और लंबी चयन प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़े। उनका कहना था कि इससे भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में टीआरई-4 भर्ती को लेकर पटना में अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज का मामला भी चर्चा में रहा। आंदोलन के दौरान छात्र नेता दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA


TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

HIMALAYA GROUP OF INSTITUTIONS
HIMALAYA GROUP OF INSTITUTION PATNA
Affiliated To :- Aryabhatta Knowledge University, Patliputra University, M.M.H.A & P.University, Bihar University of Health Science
Approved By :- N.M.C., B.C.I., P.C.I., I.N.C., N.C.I.S.M., A.I.C.T.E., N.C.T.E., N.C.V.T. (Govt. of India) B.N.R.C., S.B.T.E. (Govt. of Bihar)
COURSES OFFERED
Admissions Open
MEDICAL COURSES: MBBS, B.A.M.S.
MANAGEMENT COURSES: MBA | MCA, BBA | BCA, PGDM
LAW COURSES: LLM | LLB, B.A. LLB, BBA LLB
PARA MEDICAL COURSES: Diploma, Degree, Master Degree, Lateral Entry
PHARMACY COURSES: M. Pharm, B.Pharm, B.Pharm (Lateral), D.Pharm
NURSING COURSES: ANM | GNM, B.Sc. Nursing, P.B. B.Sc. Nursing, M.Sc. Nursing
Diploma in ENGINEERING COURSES: Regular/Lateral, Civil | Electrical, Mechanical, Computer Sci.
ITI COURSES: Electrician | Fitter, Mech. Diesel, Electronics Mech.
EDUCATION COURSES: B.Ed., D.El.Ed.



बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
TRAINING WITH 100%* PLACEMENT Assistance
MIG 44, Near Shalimar Sweets, Opposite Bata Showroom, Lohiyanagar, Kankarbagh, Patna-20, Bihar
0612-2355110, 9031624635

## संक्षिप्त समाचार

### रोशना थाना क्षेत्र में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न



**कटिहार**। जिले के रोशना थाना क्षेत्र में बकरीद सह ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया है। रोशना थाना क्षेत्र में ईद उल अजहा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था की कमान रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने स्वयं संभाली हुई थी। थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के संवेदन एवं अति संवेदन क्षेत्र की नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर लगाई हुई थी। पुलिस बल के साथ नियमित रूप से ग्रस्त कर रही थी। थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने लाभा, बंगाउआ,मकरचल्लाह,शाह नगर, रोशना, भारत कोल, लालगंज में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।इस गांव में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में सामूहिक रूप से ईद उल अजहा के अवसर पर नवाज अदा किया। एक दूसरे को बकरीद की शुभकामनाएं भी दिया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस क्षेत्र के लोगों ने त्यौहार मनाया। थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने पुलिस बल के साथ रोशना, लाभा,बंगाउआ, मकरचल्लाह, शाहनगर,भारत कॉल, लालगंज में नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली हुई थी। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद उल अजहा का त्योहार संपन्न कराई। ईद उल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए जागरूक ग्रामीण,जनप्रतिनिधियों ने रोशना थाना पुलिस की सराहना किया। खासकर रोशना थाना के थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी के कार्यशैली की ग्रामीणों ने भूरी भूरी प्रशंसा किया। रोशना क्षेत्र की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों ने सुबह की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे व देश में अमन-चैन की दुआ मांगी।बकरीद से पूर्व शांति समिति की बैठक किया गया था। प्रशासन ने रोशना थाना में पहले ही शांति समिति की बैठकें आयोजित की थीं।थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। रोशना थाना के विभिन्न इलाकों में बकरों का बाजार सज चुका था, जहाँ अच्छी खासी भीड़ देखी गई।त्योहार के दौरान लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ कुर्बानी की रस्म अदा की।

### कटिहार जिले में ईद-उल-अजहा का त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई संपन्न

**कटिहार**। जिले में बकरीद सह ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया है। जिले के कदवा,प्राणपुर, आजमनगर,बारसोई,बलरामपुर,फलका, कुर्सेला,बरारी,कोढ़ा,समेली,मनिहारी, अमदाबाद,मनसाही, हसनगंज और अन्य ग्रामीण व शहरी इलाकों की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों ने सुबह की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे व देश में अमन-चैन की दुआ मांगी।बकरीद से पूर्व शांति समिति की बैठक किया गया था।जिला प्रशासन ने प्राणपुर, रोशना,कुर्सेला,कोढ़ा,कदवा, बलिया बेलौन,सालमारी,बारसोई, बलरामपुर, फलका,तेलता,बरारी,हसनगंज थानों में पहले ही शांति समिति की बैठकें आयोजित की थीं।सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में नगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और एसपी शिखर चौधरी ने 27 मई को रामपाड़ा और ललियाही ईदगाह का निरीक्षण किया था। कटिहार के विभिन्न इलाकों में बकरों का बाजार सज चुका था, जहाँ अच्छी खासी भीड़ देखी गई।त्योहार के दौरान लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ कुर्बानी की रस्म अदा की। बकरीद के त्यौहार को लेकर शहर के ललियाही, मिर्चाईबाड़ी,चौधरी मोहल्ला,रामपारा सहित कई स्थानों पर सामूहिक रूप नवाज पढ़कर एक दूसरे को बधाई दिया पुलिस प्रशासन के द्वारा त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए क्या क्यों बंद सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था।

### नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की सचिव बने शंभू कुमार अग्रवाल

**कटिहार**। नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की सचिव पद पर शंभू कुमार अग्रवाल निर्वाचित हुए हैं। चुनाव पदाधिकारी अधिवक्ता विनोद सिंह के द्वारा चुनाव परिणाम घोषित किया गया जिसमें नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव पद पर शंभू कुमार अग्रवाल चुने जाने की घोषणा की गई। घोषणा होते ही इनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगों के द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। व्यवसायी सत्यनारायण खेतान, विजय डालमिया, भोला साह, लाला सिंघानिया, अनिल चमरिया,गोपी तंबाकू वाला,सुमन जोशी,पंकज तम्बाखूवाला सहित दर्जन ऑन व्यापारीयों ने बधाई दिया है। शंभू कुमार अग्रवाल का जन्म 28 अक्टूबर 1967 को हुआ है। उनके पिता स्वर्गीय गोपी राम अग्रवाल,माता स्वर्गीय शांति देवी, भाई राधेश्याम अग्रवाल,सुशील कुमार अग्रवाल, बहन आशा देवी अग्रवाल, सुनीता देवी अग्रवाल,मीना देवी अग्रवाल है। शंभू कुमार अग्रवाल की शादी 20 जून 1995 को शालिनी देवी अग्रवाल से रीति रिवाज के साथ हुआ है। इन्हें एक लड़की है साक्षी अग्रवाल जो एलएलबी की पढ़ाई पूर्ण कर चुकी है। शंभू कुमार अग्रवाल 1984 में मारवाड़ी पाठशाला से मैट्रिक पास किया है। 1986 में डीएस कॉलेज से आई.कोम की डिग्री प्राप्त की है। इन्होंने 1993 से समाज सेवा करना प्रारंभ किया है। 2002 में आनंद भवन, अग्रसेन भवन, यज्ञशाला मंदिर कमेटी से जुड़े हैं और आज तक कार्य कर रहे हैं। 2004 में आनंद भवन कटिहार ट्रस्ट ट्रस्टी से जुड़े। 2024 में आनंद भवन कटिहार के सचिव बने और अब तक बने हुए हैं। 19 अप्रैल 2026 को अग्रसेन भवन के सचिव बने और अब तक पद पर आसीन है। 2020 में यज्ञशाला समिति मानस मंडल के व्यवस्थापक बने। क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन कटिहार के 2021 से 2025 तक सचिव रहे। 20 मई 2026 को नॉर्थ ईस्टर्न आफ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव निर्वाचित हुए। इन्होंने यज्ञशाला गणेश महोत्सव के सचिव पिछले 10 वर्षों से है। शंभू कुमार अग्रवाल कहते हैं कि नॉर्थ ईस्टर्न ऑफ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव होने के नाते में कटिहार जिले के सभी व्यवसायियों को बधाई देता हूं कि उन्होंने मुझे सचिव पद पर आसीन किया। मैं व्यवसायियों की हित में कार्य करता रहूंगा।

# हथियारबंद बदमाशों के सहारे मकान कब्जाने का खेल!

## नवादा में सफेदपोशों पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा:** नगर के स्टेशन रोड, पम्पूकल रोड चौराहा स्थित करोड़ों रुपये के मकान पर जबरन कब्जे के मामले ने शहर में भू-माफियाओं और सफेदपोशों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित गृहस्वामी उदय सिंह ने आरोप लगाया है कि नालंदा जिले से आये हथियारबंद बदमाशों ने उनके मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया और विरोध करने पर जान मारने की कोशिश की। पीड़ित के अनुसार रहुई थाना क्षेत्र के हवनपुरा गांव निवासी राजीव कुमार उर्फ टुन्नी उर्फ अभय सिंह अपने 10-12 साथियों के साथ हथियार लेकर घर में घुस आया। आरोप है कि बदमाशों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे, फ्रिज एवं अन्य घरेलू सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया ताकि घटना का कोई सबूत न बच सके। गृहस्वामी ने गला दबाकर हत्या के प्रयास का भी आरोप लगाया है।



उदय सिंह का कहना है कि उनका मकान दोनों भाइयों के बीच बंटवारे के बाद पूरी तरह स्पष्ट स्थिति में है और किसी प्रकार का विवाद नहीं है। इसके बावजूद जमीन कारोबार से जुड़े कुछ सफेदपोश लोगों के संरक्षण में अपराधियों द्वारा जबरन कब्जा कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंगलवार रात प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए घंटों थाने में बैठना पड़ा और दबाव के कारण पुलिस शुरू में आनाकानी करती रही।

पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे परिवार की हत्या तक हो सकती है। उदय सिंह ने बिहार के पुलिस महानिदेशक एवं मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव से सुरक्षा की गुहार लगाई है। साथ ही चेतावनी दी है कि मकान खाली नहीं कराया गया तो वे थाने में सपरिवार आत्मदाह करने को विवश होंगे।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवादा में जमीन कब्जा कर बिक्री करने वाले गिरोह सक्रिय हैं और पैरवी व पैसे के बल पर ऐसे मामलों को बढ़ावा मिल रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भू-माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में नवादा सदर एसडीएम अमित अनुराग ने कहा है कि पुलिस को जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

## रजौली अनुमंडल कार्यालय की बदहाल व्यवस्था पर उठे सवाल, 12 दिनों से गिरा है पेड़,साफ-सफाई का आभाव



अनुमंडल कार्यालय परिसर में गिरा पेड़

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली अनुमंडल कार्यालय परिसर की बदहाल स्थिति प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल रही है। बीते 15 मई की शाम में आए आंधी-पानी में कार्यालय परिसर में एक बड़ा पेड़ गिर गया था, लेकिन अब तक उसे हटाया नहीं जा सका है। गिरे पेड़ के कारण आवागमन बाधित हो रहा है और कर्मचारियों व आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कार्यालय भवन की छत पर भारी गंदगी जमा है। लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण छत कचरे का अड्डा बन गई है। वहीं सीढ़ी का लोहे का गेट भी उखड़ चुका है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। भवन के रखरखाव में लापरवाही साफ नजर आ रही है। वहीं शौचालय के पास लगी पानी की टंकी से लगातार पानी बहने के कारण छत पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। लगातार पानी जमा रहने से भवन की छत और सीलिंग को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। जानकारों का कहना है कि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो भवन की संरचना कमजोर हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अनुमंडल कार्यालय की यह स्थिति है तो अन्य सरकारी कार्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों की हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने अनुमंडल प्रशासन से जल्द गिरे पेड़ को हटाने, भवन की सफाई कराने तथा जलनिकासी और मरम्मत की व्यवस्था कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों की ऐसी स्थिति प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है।

## अनुमंडलीय स्तरीय संयुक्त कृषि भवन निर्मित होकर तैयार, जांच के बाद होगा हैंडओवर



नवनिर्मित अनुमंडल स्तरीय कृषि भवन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौरी अनुमंडल कार्यालय के पीछे अनुमंडल स्तरीय संयुक्र कृषि भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस भवन के तैयार होने से क्षेत्र के किसानों को कृषि संबंधी सेवाएं अब एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेंगी। भवन निर्माण पूरा होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने इसका निरीक्षण भी किया और जल्द ही इसके उद्घाटन की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। करीब करोड़ों रुपये की लागत से बने इस संयुक्र कृषि भवन में कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं कृषि तकनीकी से जुड़े विभिन्न कार्यालय संचालित किए जाएंगे। इससे किसानों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। भवन में प्रशिक्षण कक्ष, आधुनिक कार्यालय, किसानों के लिए प्रतीक्षालय तथा तकनीकी सलाह केंद्र जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। स्थानीय रंजीत सिंह,संजय यादव,सुमित तुरिया समेत अन्य किसानों ने भवन निर्माण पूरा होने पर खुशी जताई है। उनका कहना है कि अब खेती से जुड़ी योजनाओं, बीज, उर्वरक, अनुदान और तकनीकी जानकारी के लिए उन्हें दूर-दराज के कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

इस संबंध में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि अनुमंडल स्तरीय कृषि भवन बनकर तैयार हुआ है,वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर भवन का विधिवत संचालन शुरू होगा। संयुक्त कृषि भवन के संचालन शुरू होने के बाद किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शिता और तेजी से मिलेगा। साथ ही कृषि विशेषज्ञ समय-समय पर किसानों को आधुनिक खेती, जैविक कृषि और नई तकनीकों की जानकारी दिया जाएगा।

# मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज में कराटे प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन

## विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

जिले के नारदीगंज स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त एकमात्र मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल ,नारदीगंज में आयोजित दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का उत्साहपूर्ण वातावरण में सफल समापन हुआ। विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज कुमार सिंह के निर्देशानुसार 25 मई से 30 मई तक चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत इस विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर का संचालन मास्टर मार्टिन संतोष कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। सोमवार एवं मंगलवार को आयोजित इस शिविर में लगभग 70 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए।

शिविर में कराटे की बुनियादी तकनीकें, कुमीते के नियम, आत्मरक्षा, फुटवर्क, किक, पंच तथा विभिन्न प्रकार के बचाव कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने पूरे प्रशिक्षण




सत्र के दौरान अनुशासन, ऊर्जा और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कराटे प्रदर्शन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने खूब सराहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि कराटे और मार्शल आर्ट्स न केवल आत्मरक्षा सिखाते हैं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, साहस और सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। साथ ही यह बच्चों को स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार के कई शिक्षक एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सोनू कुमार, सुमित कुमार, ओमप्रकाश, बिट्टू कुमार, राहुल (विद्या), विकास कुमार निराला, महिमा ख्वाहिश, अनमोल कुमार, श्री नारायण पाठक, संगीक ठाकुर ,अर्चना पांडेय,श्वेता कुमारी एवं परमानंद कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे।

विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में हिसुआ एवं नवादा में भी दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को आत्मरक्षा एवं फिटनेस प्रशिक्षण का लाभ मिल सके।

यह प्रशिक्षण शिविर बच्चों के लिए न केवल सीखने का अवसर बना, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, सिर पर ईंट से वार पर एक हालत गंभीर, पीएमसीएच रेफर



एंबुलेंस पर घायल को सदर अस्पताल ले जाते परिजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के सोहदा गांव में गुरुवार की सुबह रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान एक पक्ष के एक युवक के सिर पर छत से ईंट फेंक कर मारने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को डायल 112 की टीम एवं परिजनों के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि घायल की पहचान मंझला गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र प्रवीण यादव है। घायल प्रवीण यादव के सिर में गम्भीर चोटें आई है,जिससे वो बेहोशी अवस्था में है। घायल का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल में मौजूद परिजन देवेन्द्र कुमार सुमन ने बताया कि प्रवीण यादव अपने नानीघर सोहदा आया था और बीमार मामी को बाइक से हॉस्पिटल लेकर जाने वाला था। इसी बीच सोहदा निवासी मोती यादव की पत्नी लालो देवी और उसकी बेटी नेहा ने छत से ईंट फेंककर मार दी,जिससे वो घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। रजौली से नवादा अस्पताल में भर्ती किए जाने पर उसे होश आया, किंतु सदर अस्पताल से भी बेहतर इलाज हेतु पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। वहीं दूसरी ओर से घायल लालो देवी भी अपनी बेटी के साथ इलाज करने अस्पताल पहुंची थी। लालो देवी ने बताई कि रास्ते के विवाद को लेकर प्रवीण यादव लाठी डंडा लेकर मारपीट करने आया था। साथ ही बताई कि रास्ते के विवाद को लेकर कुछ दिनों पूर्व अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी द्वारा सुलझाया गया था,उसके बाद भी माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सोहदा गांव में हुई मारपीट को लेकर सूचना प्राप्त हुई है। इसमें एक युवक गम्भीर रूप से घायल भी हुआ है। साथ ही कहा कि पीड़ित पक्ष द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सभी विद्यालयों में छः दिवसीय समर कैंप का हुआ शुभारंभ

### समर कैंप के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानकर, निखारने का प्रयास

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

अनुशासन प्रिय शिक्षा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ख्याति प्राप्त दक्षिण बिहार एवं झारखंड के शिक्षण संस्थानों में से शुमार मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया ,न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल ,मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल , पुरानी कचहरी,मॉडर्न पब्लिक स्कूल रामनगर,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज में समर कैंप की शुरूआत हुई। यह आयोजन कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रखा गया है।गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कला, संगीत, नृत्य, योग, खेलकूद, पेंटिंग, हस्तकला एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छह दिवसीय इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाएगा। इसके तहत ड्राइंग- पेंटिंग, आर्ट-क्राफ्ट, नृत्य - संगीत, मेहंदी - रंगोली , तैराकी,बालकवि सम्मेलन, इंग्लिश स्पोकन , संस्कृत श्लोक वाचन के साथ-साथ खेल की कई गतिविधियों को शामिल किया गया है। सोमवार को समर कैंप का शुभारंभ न्यू एरिया स्थित न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य गोपाल चरण दास,उपप्राचार्य सुजय कुमार एवं न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विद्यालय पहुंचने के बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा पुष्प वर्षा कर सभी अतिथियों का स्वागत



किया गया। समर कैंप का आगाज करने पहुंचे प्राचार्य गोपाल चरण दास ने समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।साथ ही बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने आने का अवसर प्रदान करती है। साथ ही यह भी कहा कि इस इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का स्कूल आने में भी मन भी लगता है और वे शिक्षा के साथ-साथ अन्य कार्यों को भी सीखते हैं। कैंप का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तब सीमित न रखकर , बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक, रचनात्मक एवं सामाजिक रूप से सक्षम बनाना है। कैंप के द्वारा बच्चों में नेतृत्व ,अनुशासन एवं सहभागिता की भावना का विकास होगा। विद्यालय के उपप्राचार्य सुजय कुमार ने कहा कि समर कैंप में हर दिन कुशल शिक्षकों के नेतृत्व में अलग-अलग तरह की गतिविधियां कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में कई वर्षों से निरंतर समर कैंप आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष भी इसके आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है तथा उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। सोमवार को कराई गई गतिविधियों में से नृत्य शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार के निर्देशन में विद्यार्थियों को चाहिए कई गीतों पर नृत्य के तौर तरीके बताए गए। अनुमेहा कुमारी, ममता मंडल, हनी कुमारी,लकी कुमारी के कुशल निर्देशन में लड़कियों को कपड़े पर आर्ट क्राफ्ट बनाने की विधियां बताई गई। बच्चों के इंग्लिश स्पोकन के लिए विद्यालय के शिक्षकों की टीम ने अपना भरपूर सहयोग दिया, जिसमें ललन मिश्रा, कुमारी प्रतिभा, रूपाली राणा का सराहनीय योगदान रहा। वहीं छोटे-छोटे बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन भी किया गया जिसमें पूजा कुमारी ,संयुक्ता अजय, विनीता कुमारी, नीलम कुमारी, प्राची कुमारी, शांभवी वत्स, नूरजहां की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुमारी स्वीटी ,शांभवी वत्स के द्वारा नर्सरी से द्वितीय वर्ग के बच्चों के द्वारा तैराकी भी करवाई गयी। वही खेल शिक्षक राकेश रोशन, नीतीश कुमार के निर्देशन में कई तरह के खेल खेलने के गुर बताए गए। इस तरह से और कई गतिविधियां विद्यालय के द्वारा करवाई जा रही है। समर कैंप को आयोजित कराने में विद्यालयों के शिक्षकों में कुमारी स्वीटी ,स्वीटी कुमारी, वंदना कुमारी,शबाना खातून, आशीष कुमार ,धीरज कुमार ,धर्मप्रकाश ,राहुल कुमार, आशुतोष आनंद, सुनील कुमार वर्मा सहित सभी विद्यालयों के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैंप में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिस विद्यालय प्रांगण आनंद एवं ऊर्जा से भर गया।अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए सीखने और मनोरंजन का बेहतर माध्यम साबित हो रहा है।

# रजौली में अकीदत और उत्साह के साथ मनाई गई बकरीद, ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही करबला नगर, तकिया मोहल्ला, चितरकोली, कुंडला मोहल्ला, पचम्बा, अमावां समेत मुस्लिम बहुल गांवों की ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने बकरीद की दो रकात नमाज वाजिब अदा कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की दुआ मांगी। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, खुशहाली और आपसी प्रेम-मोहब्बत कायम रहने के लिए विशेष दुआ की गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।



मस्जिद में नमाज पढ़ते लोग

**हिंदू समुदाय ने भी दी बधाई, दिखी गंगा-जमुनी तहजीब** :- इस मौके पर हिंदू समुदाय से जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ टुनटुन सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रमोद कुमार, अमावां पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, मुखिया उमेश चौधरी, अमावां पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव, डीलर योगेन्द्र पासवान एवं पूर्व पैक्स अध्यक्ष अशोक राय समेत दर्जनों लोग मुस्लिम भाइयों को बधाई देने पहुंचे। इससे रजौली में गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। बकरीद पर बच्चों में खासा उत्साह दिखा। ईदगाहों के पास लगे मेलों में बच्चों ने जमकर खरीदारी की और झूलों का आनंद लिया।

**प्रशासन रहा मुस्तैद** :- पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी ईदगाहों और मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, सीओ मो. गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में ट्रैक्टर-ई रिक्शा की जोरदार टक्कर, बुजुर्ग की मौत, ड्राइवर समेत 4 लोग घायल



**नालंदा।** नालंदा के नोनही गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर समेत 3 लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान खुदागंज के मैंदी कला निवासी कृष्णा प्रसाद चौरसिया(65) के रूप में हुई है। घटना राजगीर थाना क्षेत्र के नाहुब बायपास मार्ग की है। मृतक के दामाद प्रदीप चौरसिया ने बताया कि सास-ससुर, पत्नी और बच्चों के साथ मलमास मेला घूमने गया था। मेला देखने के बाद ई-रिक्शा से लौट रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसमें ससुरल की मौत हो गई। घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में एडमिट कराया गया है। जिसमें सास उषा देवी, पत्नी सविता देवी, बेटा आनंद कुमार शामिल है। हादसे की सूचना मिलते ही राजगीर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ भेज दिया है। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर और आरोपी ड्राइवर की पहचान करने में जुटी है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मणिपुर में तैनात सीआरपीएफ जवान का निधन, ब्रेन ट्यूमर के मरीज थे, तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर एकंगरसराय पहुंचा

**नालंदा।** नालंदा जिले के एकंगरसराय के महुआबाग गांव निवासी सीआरपीएफ जवान मनीष कुमार का मणिपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे थे। गुरुवार को उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा उनके पैतृक गांव पहुंचा, जहां उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। देश सेवा में 24 साल समर्पित करने वाले इस वीर जवान के निधन से पूरा गांव गमगीन है। मनीष कुमार ने साल 2002 में सीआरपीएफ में भर्ती होकर देश की सेवा शुरू की थी। उन्होंने 24 सालों तक नक्सल और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान में वे मणिपुर के जिरीबाग-इम्फाल क्षेत्र में 87वीं बटालियन में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां ब्रेन ट्यूमर के कारण उनका निधन हो गया। गुरुवार को सीटीसी-5 के असिस्टेंट कमांडेंट नीरज कुमार और इंस्पेक्टर डी.के. सिंह जवान मनीष कुमार का पार्थिव शरीर लेकर महुआबाग गांव पहुंचे। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को देखकर पूरा गांव गमगीन हो गया। सीआरपीएफ के जवानों ने अपने शहीद साथी को सम्मानपूर्वक कंधा दिया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन उपस्थित थे, जिन्होंने नम आंखों से अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी। जवान मनीष कुमार के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के लिए फतुहा गंगा घाट ले जाया गया। इस अवसर पर उनके भाई जवान संतोष कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि संतोष यादव, स्थानीय मुखिया सुनील कुमार, जदयू नेता कौशल यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे गांव में शोक का माहौल था और हर कोई मनीष कुमार के बलिदान को याद कर रहा था।

### ढाई डिसमिल जमीन के लिए खूनी संघर्ष, दो भाई आपस में भिड़े, महिलाओं और बच्ची को लाठी-डंडों से पीटा

**नालन्दा।** नालंदा में महज ढाई डिसमिल जमीन को लेकर सगे भाइयों के बीच चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि महिलाओं और एक बच्ची को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। 26 मई को हुई इस खौफनाक वारदात का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मारपीट में छोटे भाई की पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आरोपी और पीड़ित, दोनों पक्षों के घरों पर ताला लटका हुआ है। घटना लहेरी थाना क्षेत्र स्थित मेहरपर मोहल्ले की है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने पहले भी कई बार झगड़ा किया है और केस उठाने की धमकी दे रहे थे। इससे पहले 23 मई को भी मारपीट हुई थी, जिसकी पहली एफआईआर दर्ज कराई गई थी। हालांकि, जमानती धारा होने के कारण पुलिस ने आरोपियों को थाने से ही छोड़ दिया था। थाने से छूटने के बाद से ही आरोपी पक्ष केस वापस लेने का दबाव बना रहा था। इसी रंजिश और जमीन विवाद के चलते 26 मई को इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। वहीं, इस संबंध में लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि कुल सात लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। मां द्वारा छोटे बेटे को जमीन दान देने के बाद से ही यह विवाद गहराया था। बड़े बेटे का दावा है कि जमीन दोनों की है, लेकिन मां के फैसले के बाद विवाद मारपीट में बदल गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

### उत्पाद टीम से बचकर भाग रही स्कॉर्पियो का बैलेंस बिगड़ा, एंबुलेंस में मारी टक्कर, बीमार बच्चे की मौत



**गयाजी।** गयाजी के शेरघाटी में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीमार बच्चे की जान चली गई। उत्पाद विभाग की टीम से बचने के लिए तेज रफ्तार में भाग रही स्कॉर्पियो ने एंबुलेंस में सीधी टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार बीमार बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात तक मृत बच्चे की पहचान नहीं हो सकी थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल वे कुछ भी बताने में स्थिति में नहीं है। हादसा खंडैल और दरियापुर गांव के बीच हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों का कहना है उत्पाद विभाग की टीम एक संदिग्ध स्कॉर्पियो का पीछा कर रही थी। खुद को बचाने के प्रयास में स्कॉर्पियो चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही एंबुलेंस में धक्का मार दिया। टक्कर की आवाज इतनी जबरदस्त थी आसपास के लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार लोग भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें कुछ दूरी पर घेर लिया। मासूम की मौत से गुस्साए लोगों ने सड़क पर जमकर हंगामा किया। क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ भी की गई। ग्रामीणों का गुस्सा उत्पाद विभाग की टीम पर भी फूट पड़ा। लोगों ने खंडैल गांव के पास टीम का पीछा करके रोक लिया और काफी देर तक विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति तनावपूर्ण होते देख सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। हंगामे के बीच उत्पाद विभाग की टीम ने स्कॉर्पियो में सवार दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर भारत यादव ने बताया कि ग्रामीण उत्पाद विभाग की टीम पर पीछा करने का आरोप लगा रहे हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है। शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने सड़क हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# शहर से गांव तक ईदगाहों में उमड़ी भीड़, बकरीद पर गांधी मैदान में विशेष नमाज अदा की गई

## देश-दुनिया में अमन-चैन की मांगी दुआ







सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**गया।** गयाजी में ईद उल अजहा यानी बकरीद का पर्व पूरे उत्साह, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाई गई। शहर से लेकर गांव तक सभी ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। लोगों ने आपसी प्रेम और एकता का संदेश दिया। जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान में नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज शुरू होने से पहले ही पूरा मैदान नमाजियों से भर गया था। नमाजियों ने केवल अपने परिवार और समाज की खुशहाली के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश और दुनिया में शांति कायम रहने की भी दुआ की।

**लोगों से अमन-चैन और शांति की अपीलः** स्थानीय ताबिश पटेल ने कहा कि बकरीद त्याग, बलिदान और इंसानियत का पर्व है। इस त्योहार का संदेश लोगों को एक-दूसरे के साथ प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता है। नमाज के दौरान देश की तरक्की, समाज की खुशहाली और लोगों की बेहतर जिंदगी के लिए दुआएं मांगी गईं, साथ ही दुनिया में चल रहे संघर्षों को समाप्त करने की भी अपील की गई। फैसल रहमानी ने कहा कि बकरीद केवल जानवर की कुर्बानी तक सीमित नहीं है, बल्कि इंसान को अपने अंदर के अहंकार, नफरत और बुराइयों की भी कुर्बानी देनी चाहिए। समाज में प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारा सबसे जरूरी है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की नफरत फैलाने वाली बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। समाज में शांति बनाए रखने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** गांधी मैदान के अलावा गया जामा मस्जिद, कर्बला में भी बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक नमाज अदा की। इस मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सभी जगहों पर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। पूरे शहर में बकरीद का त्योहार उत्साह, श्रद्धा और भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर त्योहार की खुशियां बांटी।

# जहानाबाद साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर सस्पेंड, मगध रेंज के आईजी ने की कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**लापरवाही के कारण आरोपी की मिली थी जमानत**

**गयाजी।** मगध रेंज के आईजी ने जहानाबाद साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। जांच में गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। टेहटा थाना कांड संख्या 321/25 की समीक्षा के दौरान जांच में कई गंभीर खामियां सामने आई थीं। इसके बाद आईजी ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया और इंस्पेक्टर पंकज कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि मामले में गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ तक नहीं की गई। इससे जांच प्रभावित हुआ और केस की कड़ियां कमजोर पड़ गईं। इतना ही नहीं, फरार आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से वारंट लेने के लिए समय पर अर्जी भी दाखिल नहीं की गई। इसका फायदा आरोपियों को मिला और पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई।

**डकैती मामलों के आरोपियों को हुआ फायदाः** आईजी कार्यालय की जांच में यह भी सामने आया कि जांच की प्रगति और रिमांड से जुड़े प्रयासों का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड स्टेशन डायरी में दर्ज ही नहीं था। इससे पूरे जांच की पारदर्शिता और गंभीरता पर सवाल उठे। मामले की समीक्षा के बाद जहानाबाद एसपी ने अपनी रिपोर्ट में इंस्पेक्टर पंकज कुमार पर लापरवाही, शिथिलता, उदासीनता और अनुशासनहीनता का आरोप लगाया था। एसपी ने उनके निलंबन और विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

जांच में यह भी पाया गया कि अनुसंधान में बरती गई लापरवाही के कारण गंभीर लूट और डकैती मामलों के आरोपियों को कोर्ट से राहत मिली। इससे केस की गुणवत्ता प्रभावित हुई व पुलिस जांच की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे। आईजी विकास वैभव का कहना है कि पुलिस जांच में लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निलंबन अवधि में इंस्पेक्टर पंकज कुमार को सामान्य जीवन भत्ता मिलेगा। वहीं विभागीय कार्रवाई के जरिए पूरे मामले की विस्तृत जांच भी कराई जाएगी।

# नालंदा सड़क हादसे में 7 साल के बच्चे की मौत

**दादा के अंतिम संस्कार में जा रहा था, माता-पिता व बहन जख्मी**



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा के एनएच-20 पर आज सड़क हादसे में सात साल के मासूम की जान चली गई। वेना थाना क्षेत्र स्थित डेंटल कॉलेज के पास बख्तियारपुर-रजौली मुख्य मार्ग के फ्लाईओवर पर एक झरझरिया गाड़ी और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सात साल के आरव कुमार ने दम तोड़ दिया। हादसे में बच्चे के पिता अमित कुमार, मां शिल्पी देवी और बहन अनोखी कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। यह परिवार पहले से ही शोक में था और श्राद्धकर्म में शामिल होने अपने पैतृक गांव लौट रहा था।

**दाह संस्कार में शामिल होने जा रहा था परिवारः** भागन बिगहा ओपी क्षेत्र के बबूरबन्ना निवासी अमित कुमार के पिता का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया था। अमित अपनी पत्नी शिल्पी कुमारी, जो बिहार पुलिस में कार्यरत हैं, और अपने दोनों बच्चों के साथ वैशाली में रहते हैं। पिता के निधन की खबर पाकर पूरा परिवार आनन-फानन में वैशाली से अपने गांव बबूरबन्ना लौट रहा था। इसी सफर के दौरान पैठना टोल प्लाजा के पास यह हादसा हो गया। दादा के दाह संस्कार में शामिल होने आ रहे मासूम पोते की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के कारणों को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि भागन बिगहा बाजार में सर्विस रोड का निर्माण काम चलने के कारण सड़क को वन-वे कर दिया गया है। इसके चलते भागन बिगहा चौराहा से पैठना की ओर जाने वाले गाड़ी को लगभग 500 मीटर तक विपरीत दिशा (रॉन्ग साइड) से होकर गुजरना पड़ता है। इसी डायवर्जन के कारण फ्लाईओवर पर चढ़ते समय यह हादसा हुआ।

**यातायात व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने की मांग कीः** इसके अलावा, ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई गाड़ी ड्राइवर टोल टैक्स बचाने के लालच में फ्लाईओवर पर जानबूझकर गलत दिशा से गाड़ी चलाते हैं, जिससे इस मार्ग पर आए दिन जानलेवा हादसे हो रहे हैं। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

# मंत्री संतोष सुमन को गाली देने वाला बदमाश अरेस्ट, वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी की की मुफस्सिल थाना पुलिस ने बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डालने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मानपुर प्रखंड के लखनपुर पंचायत स्थित मसौथा खुर्द गांव का रहने वाला उमेश कुमार है। पुलिस के अनुसार बदमाशों ऑटो चलाने का काम करता था, लेकिन पिछले कुछ समय से उसे सोशल मीडिया पर रील बनाने और वीडियो डालने की आदत हो गई थी। करीब एक सप्ताह पहले उमेश कुमार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में उसने मंत्री संतोष सुमन के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इतना ही नहीं, उसने मंत्री को लेकर कई आपत्तिजनक और भद्दी बातें भी कही थीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा था। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और जांच शुरू की गई।

**आरोपी ने मांझी के खिलाफ अभ्रद्र टिप्पणी कीः** वायरल वीडियो में उमेश कुमार यह कहता नजर आ रहा था कि एक अन्य वायरल वीडियो में मांझी समाज को निशाना बनाया गया है। इसी बात को लेकर उसने मंत्री संतोष सुमन पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया और उन्हें लेकर अपशब्द कहे। खास बात यह है कि पकड़ा गया आरोपी भी मंत्री संतोष सुमन के ही समाज से आता है। मामले की जानकारी मिलने के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने वीडियो की जांच की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# 15 नगर निकायों में बैलेट पेपर से होगा सशक्त स्थायी समिति का चुनाव

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा जिले के सभी 15 नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। आगामी 30 मई को होने वाला यह चुनाव पूरी तरह बैलेट पेपर यानी मतपत्र के जरिए संपन्न कराया जाएगा। इस महत्वपूर्ण चुनाव को लेकर स्थानीय स्तर पर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। अलग-अलग गुटों के बीच जोड़-तोड़ की राजनीति तेज हो चुकी है। प्रशासनिक स्तर पर चुनाव को लेकर रूपरेखा तय कर दी गई है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि सभी निकायों के सदस्यों को चुनाव से संबंधित पत्र जारी कर दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मतदान हॉल में वार्ड पार्षदों का प्रवेश सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगा। मतदान की प्रक्रिया शुरू होने से पहले संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सभी पार्षदों को वोटिंग के नियमों और पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके तुरंत बाद नामांकन का दौर शुरू होगा।

**वोटिंग के तुरंत बाद होगी काउंटिंगः** चुनाव की पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था की गई है। जिस निकाय में जितने पद होंगे, वहां उतने ही बैलेट बॉक्स रखे जाएंगे। इसी कड़ी में बिहारशरीफ नगर निगम में सात सदस्यों का चुनाव होना है, जिसके लिए वहां सात बैलेट बॉक्स लगाए जाएंगे। वहीं, जिले के अन्य 14 निकायों में तीन-तीन सदस्यों के चुनाव के लिए तीन-तीन बैलेट बॉक्स की व्यवस्था की जाएगी। पार्षदों को मतपत्र पर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के नाम के आगे केवल टिक मार्क लगाना होगा। मतदान संपन्न होने के तुरंत बाद अधिकारियों की देखरेख में मतों की गिनती की जाएगी और विजेताओं के नामों की घोषणा कर उन्हें प्रमाणपत्र के साथ पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

**सर्वसम्मति से चुनाव के लिए बुलाई जा सकती है बैठकः** इस चुनाव के लिए प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों का भी निर्धारण कर दिया गया है। बिहारशरीफ नगर निगम के लिए स्मार्ट सिटी सभागार में चुनाव कराया जाएगा। वहीं, हिलसा, इस्लामपुर और राजगीर में नगर परिषद कार्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा अस्थावां, गिरियक, हरनौत, पावापुरी, रहुई, एकंगरसराय, नालंदा, परवलपुर, सरमेरा और सिलाव के नगर पंचायत सभा कक्ष में चुनाव संपन्न होगा, जबकि चंडी निकाय के लिए प्रखंड कार्यालय में मतदान की व्यवस्था की गई है।

इधर, जिले के सबसे बड़े निकाय बिहारशरीफ नगर निगम में सात सीटों पर कब्जे को लेकर मेयर और वार्ड पार्षदों के बीच आपसी तालमेल बिठाने की कोशिशें चरम पर हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि सर्वसम्मति बनाने के उद्देश्य से चुनाव से ठीक एक दिन पहले 29 मई को एक संयुक्त बैठक बुलाई जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, नगर निगम की सात सीटों के लिए एक खास सामाजिक समीकरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत आपसी तालमेल से दो अनुसूचित जाति, दो यादव, एक कुशवाहा, एक अति पिछड़ा और एक अल्पसंख्यक सदस्य को समिति में जगह देने की रणनीति बनाई जा रही है। इस फॉर्मूले के जरिए सभी वर्गों को साधकर सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न कराने की तैयारी है, हालांकि इस रणनीति की असली परीक्षा नामांकन के बाद ही तय होगी।

Minolta

**MINOLTA FINANCE LIMITED**

**Registered Office:** Unique Pearl, BL-A, Hatiara, Roy Para, Kolkata, West Bengal, India, 700157.
**CIN:** L65921WB1993PLC057502 | **Email Id:** minoltafinance@gmail.com | **Website:** www.mintola.co.in

**STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026**

(₹ In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | As on 31.12.2026 | As on 31.12.2025 | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2026 | As on 31.03.2025 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Total Income from Operation | 538.44 | 455.77 | 33.88 | 1,196.92 | 101.88 |
| 2. | Total Expenses | 558.31 | 300.45 | 37.76 | 1,401.97 | 100.40 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax | (19.87) | 155.32 | (3.88) | (205.04) | 1.48 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax | (6.51) | 244.07 | (4.14) | (142.81) | 1.22 |
| 5. | Paid-up Equity Share Capital (Face value 1/- each) | 999.958 | 999.96 | 999.96 | 999.96 | 999.96 |
| | Basic & Diluted | (0.01) | 0.24 | (0.00) | (0.14) | 0.00 |

**Notes:**
1. The above audited Financial Results along with limited review have been reviewed by the Audit Committee thereafter approved and record by Board of Directors at their meeting held on 26.05.2026.
2. As required under clause 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Statutory Auditors of the Company have carried out of financial result for the Financial Result year ended March 31, 2026.
3. The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) for the financial year commencing from 1st April 2019 and above results have been prepared in accordance with IND AS prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and read with relevant rule made thereunder.
4. The Figures of quarter ended March 31, 2026 and March 31,2025 are the balancing figures between the full year ended andnine month ended for comparative year respectively.

The full format is also available on the website of the company i.e. www.mintola.co.in and BSE's and CSE's Website i.e.https://www.bseindia.com and www.cse-india.com.

**MINOLTA FINANCE LIMITED**
**Sd/-**
**Arvind J. Gala**
**Director**
**DIN: 02392119**

**Place: Mumbai**
**Date : 26th May, 2026**

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**काराकाट / रोहतास** । पुलिस ने गुरुवार को अमरथा गांव से एससी/एसटी मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी जोखन सिंह पर मारपीट का आरोप है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसे न्यायालय में पेश किया गया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि जोखन सिंह के खिलाफ इस महीने एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 208/26 दर्ज किया गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ा गया। जोखन सिंह स्वर्गीय रामप्रवेश सिंह का पुत्र है। गिरफ्तारी के बाद, आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की गईं और उसे तुरंत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने जोर देकर कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कानून के तहत दोषियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और छापेमारी तेज कर दी गई है। इसका उद्देश्य अन्य संदिग्धों पर भी निगरानी रखना और न्याय सुनिश्चित करना है।

### करंट लगने से किसान की मौत, गांव में पसरा मातम

**करगहर**। थाना क्षेत्र के बसडीहां गांव के बधार में गुरुवार को सब्जी की पटवन करने के दौरान करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार बसडीहां निवासी दीनानाथ सिंह के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार सिंह गांव के समीप खेत में लगी सब्जियों की सिंचाई करने गए थे। इसी दौरान उन्होंने विद्युत मोटर चालू करने का प्रयास किया। बताया जाता है कि प्लास्टिक तार कटा हुआ था, जिससे अचानक करंट प्रवाहित हो गया और वे उसकी चपेट में आ गए। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने संतोष कुमार सिंह को तड़पते देखा तो दौड़कर उन्हें बचाने का प्रयास किया। तब तक वे गंभीर रूप से झुलस चुके थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर करगहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की असामयिक मौत से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ

### ट्रांसफार्मर लगने से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी



**काराकाट /रोहतास** : काराकाट नगर पंचायत गोड़ारी नहर और दुर्गा स्थान पर शनिवार से लगातार खराब होने वाले ट्रांसफार्मरों की समस्या का समाधान कर दिया गया है । कनीय अभियंता संजीत कुमार की मौजूदगी में नहर पर पांचवां नया ट्रांसफार्मर और दुर्गा स्थान पर दूसरा ट्रांसफार्मर सही सलामत चार्ज में लगा दिया गया । जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने नवस्थापित ट्रांसफार्मरों की पूजा- अर्चना की । बाजार में मंगलवार को जले हुए एक ट्रांसफार्मर को भी बदलवा कर लगवा दिया गया है । विद्युत विभाग ने बताया कि नए ट्रांसफार्मरों को कम से कम 12 घंटे चार्ज करना जरूरी है,उसके बाद नियमित बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी । कनीय अभियंता संजीत कुमार ने आश्वासन दिया कि गुरुवार शाम आठ बजे तक दोनों ट्रांसफार्मरों की सप्लाई चालू कर दी जाएगी । नहर के पास प्रभावित इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से बाजार,दुकानों और बैंक की गतिविधियां प्रभावित हुई थीं,जिससे लोगों को परेशानी हुई । स्थानीय ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक अरुण कुमार सिंह और कनीय अभियंता संजीत कुमार की त्वरित कार्रवाई को सराहा । मौके पर बिजली मिस्त्री ददन सिंह,विकास कुमार,अनिल कुमार पासवान (शिक्षक),भोला सोनी,राजा पासवान,सुरज कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

### नालंदा के सरकारी स्कूलों में 1 जून से समर कैंप, हर सेंटर से 10 से 15 बच्चों को शामिल किया जाएगा




**नालंदा**। नालंदा जिले के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत पांचवीं और छठीं कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी पहल होने जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो हिंदी और गणित विषय में कमजोर हैं, उनके लिए आगामी एक जून से 'समर कैंप' का संचालन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में उम्र और वर्ग के अनुसार जरूरी दक्षता विकसित करना है। कैंप के माध्यम से बच्चों को धारा प्रवाह हिंदी पढ़ने-लिखने के योग्य बनाने और गणित में संख्या पहचान सहित बुनियादी गणितीय समझ को सरल तरीके से विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। समर कैंप के सफल संचालन के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। इसकी मुख्य जिम्मेदारी शिक्षा सेवकों, तालीमी मरकज के कर्मियों और स्थानीय स्वयंसेवियों को सौंपी जाएगी। शिक्षा सेवक और तालीमी मरकज के कर्मी इस कैंप का संचालन अपने तय केंद्रों पर ही करेंगे। अन्य स्वयंसेवियों के लिए शिक्षा विभाग की ओर से अलग से स्थान चिह्नित किए जाएंगे। इस पूरे अभियान के संचालन में 'प्रथम' संस्था के प्रतिनिधि भी अपना सहयोग देंगे। प्रत्येक केंद्र पर कम से कम 10 से 15 बच्चों को शामिल किया जाएगा। बच्चों को रोजाना एक से डेढ़ घंटे की विशेष पढ़ाई करायी जाएगी। गर्मी के मौसम को देखते हुए कैंप स्थल का चयन बच्चों के निवास स्थान के नजदीक किया जाएगा, ताकि उनके स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े। समग्र शिक्षा के डीपीओ मो. शाहनवाज ने बताया कि समर कैंप को बेहतर ढंग से चलाने के लिए स्वयंसेवियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। साक्षरता विभाग के कर्मी, जिला रिसोर्स पर्सन (DRP) और प्रखंड नोडल पर्सन की ओर से ट्रेनिंग दी जाएगी। समर कैंप की व्यवस्था और संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए एक विशेष जांच टीम का गठन भी किया जाएगा। जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारी इन कैंपों का नियमित औचक निरीक्षण करेंगे।

# ईद-उल-अजहा को लेकर मस्जिदों एवं ईदगाहों में अदा की गई नमाज

## ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और भाईचारे का पर्व

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** । नगर क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में निर्धारित समय पर अकीदतमंदों ने नमाज अदा की और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की एवं भाईचारे की दुआ मांगी।

बिक्रमगंज निवासी मो. आदिल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वारसी मदरसा में सुबह 6:30 बजे, आमना मस्जिद में 6:45 बजे, मुख्य ईदगाह में 7:00 बजे, स्टेशन मस्जिद में पहली नमाज 7:15 बजे तथा दूसरी नमाज 8:00 बजे, जामा मस्जिद में 7:00 बजे, धनगाई मस्जिद में 7:00 बजे, कश्मीरी मस्जिद में 6:45 बजे तथा रिजवानुल कुरैश मस्जिद में 6:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई।

ईद-उल-अजहा इस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे त्याग, बलिदान और अल्लाह की राह में समर्पण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। बता दें कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी देने की तैयारी की थी। उनकी इस अटूट आस्था और समर्पण से प्रसन्न होकर अल्लाह ने उनके बेटे की जगह एक दुम्बे की कुर्बानी कबूल की। इसी याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा बकरीद का पर्व मनाया जाता है और कुर्बानी दी जाती है।

पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं उल्लास का माहौल देखा गया। सुबह से ही मस्जिदों एवं ईदगाहों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई थी।

# पंचायत सचिव 50 दिन से हड़ताल पर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- सरकार के प्रतिनिधि नहीं कर रहे वार्ता
- अंतर जिला स्थानान्तरण मांग पर अड़े हैं पंचायत सचिव
- जनता पंचायत सरकार भवन एवं प्रखंड कार्यालय का लगा रही है चक्कर

**राजपुर**। विकास कार्य के लिए पंचायतों में नियुक्त पंचायत सचिव अपनी जरूरी मांगों को लेकर विगत 50 दिनों से हड़ताल पर हैं.इतने दिन बितने के बावजूद सरकार का कोई वाजिब प्रतिनिधि हड़ताली प्रतिनिधियों से बात नहीं कर रहा है.उधर पंचायत सचिव अंतर जिला स्थानान्तरण समेत अपने पांच सूत्रीय मांग पुरा किये जाने को लेकर अडे हुए हैं.

सभी तरह का विकास कार्य लगभग ठप पड़ हुआ है. सरकार के जरूरी कार्यों को प्रखंड कार्यालय किसी तरह निपटवा ले रहा है,लेकिन आम जनता अपने कार्यों के लिए चक्कर लगाने को मजबूर हैं.लोगों को समस्या का हल नहीं मिल रहा है.

राजपुर कार्यालय में नियुक्त पंचायत सचिव विकास कुमार, अमित कुमार अंकित कुमार व अन्य ने बताया कि हम सभी पंचायत सचिव अपनी वाजिब मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं.हमारी मांग है कि अंतर जिला स्थानान्तरण के नियमों में सुधार किया जाय.हमारा ग्रेड पे 4200 रूपया, न्यूनतम योग्यता स्नातक किया जाय,परिवहन भता कम से कम दो हजार रूपया दिया जाय. ठेकेदारी प्रथा से मुक्त मिले.सरकार हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें.सरकार के वाजिब प्रतिनिधि हमारे प्रतिनिधियों से बात करें.हम सभी लोग हर हाल में काम करने के लिए तैयार हैं.

# अमन और अकीदत के माहौल में मनाया गया बकरीद का त्योहार

## ईदगाहों में अदा हुई नमाज, खुदा की राह में दी गई कुर्बानी

मो. शमशाद आलम



**करगहर** : प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व शनिवार को पूरी श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह होते ही विभिन्न गांवों के ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी।

प्रखंड के सेमरी देव, बकसड़ा, बड़हरी, रूपैठ, सहुआर सहित कई गांवों के ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। इसके बाद इस्लामी परंपरा के अनुसार बकरों समेत अन्य जानवरों की कुर्बानी दी गई। पूरे दिन मुस्लिम बहुल इलाकों में पर्व को लेकर खास उत्साह बना रहा। बाजारों और चौक-चौराहों पर भी काफी चहल-पहल देखी गई। बच्चों में नए कपड़ों और पर्व को लेकर खास खुशी दिखाई दी।

धार्मिक जानकारों ने बताया कि बकरीद त्याग और बलिदान का संदेश देने वाला पर्व है। यह हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की उस कुर्बानी की याद में मनाया जाता है, जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करने का संकल्प लिया था। उनकी सच्ची नीयत और अल्लाह के प्रति समर्पण से खुश होकर खुदा ने उनके बेटे की जगह एक दुम्बे की कुर्बानी कबूल कर ली। तभी से इस्लाम में कुर्बानी की परंपरा चली आ रही है।

बकरीद पर कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में बांटने की परंपरा है। एक हिस्सा अपने परिवार, दूसरा रिश्तेदारों और तीसरा गरीबों व जरूरतमंदों को दिया जाता है, ताकि हर कोई पर्व की खुशियों में शामिल हो सके।

पर्व को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा। विभिन्न जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा।

# दो ग्राहकों के बैंक खाता से उडाये पचास हजार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## दौड़ रहे थाना,नहीं हो रहा एफआईआर




**राजपुर**। प्रखंड के पठखौलिया गांव निवासी विजय पाठक के राजपुर पंजाब नेशनल बैंक खाता से विगत कुछ दिन पूर्व दस हजार रूपया चोरी हो गई है.वहीं अमाडी गांव निवासी पिंकी कुमारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र राजपुर खाता से विगत अप्रैल महीने के 14 से 17 तारीख तक दस हजार रूपया प्रति दिन की दर दर से कुल 40 हजार रूपया चोरी कर ली गई है.दोनों ग्राहकों की ना बैंक द्वारा कोई सुनवाई हो रही है और ना हीं स्थानिय पुलिस कुछ सुन रही है.ये ग्राहक अपनी समस्या समाधान पूछने जब बैंक जाते हैं तो एफआईआर करने की सलाह देकर बैरंग वापस लौटा दिया जाता है.फिर ये ग्राहक जब थाना जाते हैं तो वहां पर साईबर पुलिस में मामला दर्ज कराये जाने का ज्ञान दिया जाता है.दोनों ग्राहकों ने बताया कि हम काफी परेशान हैं. कोई नहीं सुन रहा है.

उन्होंने कहा कि हमारे समस्याओं का समाधान के लिए स्थानिय स्तर पर कोई व्यवस्था होना चाहिए.हम इतने पढे लिखे व क्षमतावान नहीं है कि दस हजार चोरी को वापस कराने के लिए डिहरी साईबर पुलिस को एफआईआर दें सके.और बदले में कारवाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए गाडी भाडा आदी में बीस हजार रूपया खर्चा कर सकें

मामले में राजपुर पुलिस के मोबाइल संख्या 7320923970 पर दो घंटे में आधा दर्जन बार फोन किया गया.लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया.

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वय का अभिनंदन किया गया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम /रोहतास**। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास की पूर्व निर्धारित बैठक आज निर्मल धाम तेतरी सासाराम में जिले के प्रख्यात अधिवक्ता नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी सहित विभिन्न प्रखंडों से आए हुए प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई । कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महासचिव संतोष मिश्रा ने किया । कार्यक्रम में जिले के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ आरा के चंदवा निवासी अंजनी तिवारी एवं ललित विजय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विभिन्न प्रखंडों से आए हुए प्रतिनिधियों का परिचय अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ हरिओम शर्मा तथा संगठन महामंत्री आचार्य विशन कौशिक के साथ कराया गया। मौके पर सभी अतिथियों को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।राष्ट्रीय पदाधिकारी गण की सहमति इस बात पर बनी की रोहतास इकाई राष्ट्रीय इकाई के साथ मिलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में कदम से कदम मिलाकर काम करेगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास ने आगामी वर्षों के लिए अपना नौ सूत्री संकल्प दुहराया जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक गतिविधियां, सामूहिक कन्या विवाह, निर्धन ब्राह्मण पुत्रों के लिए उचित मार्गदर्शन, एवं नशा की गिरफ्त में आए हुए अपने समाज के नौजवानों की बेहतरी के लिए काम करने सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोग करने का संकल्प दुहराया गया। सभा में सर्व समिति से यह स्वीकार किया गया कि नौजवानों की एक परशुराम सेना का गठन भी होना चाहिए जो आए दिन कमजोर ब्राह्मणों पर होने वाले सामाजिक अत्याचार का प्रतिकार कर सके ।इसके लिए अंजनी तिवारी को पूरे शाहाबाद के सभी जिलों के लिए संयोजक का दायित्व दिया जाएगा ।जिनकी देखरेख में देखरेख में ललित विजय तिवारी के नेतृत्व में आगे की रणनीति तय की जाएगी। अंजनी तिवारी ने ब्राह्मण महासभा रोहतास को एक ध्वनि विस्तारक यंत्र का सेट गिफ्ट करने का वचन दिया । इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में एक महिला विंग का भी गठन किया गया जिसकी जिम्मेदारी पूर्व सरपंच पतंजलि मिश्रा को दी गई । कार्यक्रम की सफलता में वरीय उपाध्यक्ष डॉक्टर उमाकांत चतुर्वेदी, संगठन महामंत्री बुटाश तिवारी , संयुक्त सचिव शशिकांत चौबे ,प्रवक्ता राजेश तिवारी ,सदस्यता अभियान प्रभारी परशुराम तिवारी , अनिल कुमार दुबे एवं महासभा के कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय ने अपेक्षित सहयोग किया। कार्यक्रम से पूर्व भगवान परशुराम जी की विधिवत आरती हुई तथा प्रसाद वितरण हुआ। भगवान परशुराम की जय के जय घोष के साथ संतोष पाठक, विनोद तिवारी ,सुरेंद्र तिवारी, दीनदयाल तिवारी ,बृज किशोर तिवारी, हरिओम तिवारी, सच्चिदानंद दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, चुन्नू तिवारी ,कामेश्वर चौबे, संजय कुमार तिवारी, राजेंद्र कुमार पांडेय, अभिनव नीरज, नीरज कुमार तिवारी, रितेश तिवारी, शेषनाथ ओझा, अखिलेश तिवारी, प्रमोद कुमार पांडेय ,प्रेम प्रकाश चौबे ,विजय तिवारी एवं पप्पू मिश्रा सहित सैकड़ो विप्र बंधुओ ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

### काराकाट नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों के चुनाव की तैयारियां तेज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास** : काराकाट नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों के चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं । यह चुनाव 30 मई 2026 को प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट के कार्यालय परिसर में सुबह 8 बजे से चुनाव समाप्ति तक होगा । इसमें केवल निर्वाचित वार्ड पार्षद ही मतदान कर सकेंगे । मतदान के समय पहचान-पत्र साथ रखना अनिवार्य किया गया है ।

प्रत्येक पार्षद केवल एक रिक्त पद के लिए नामांकन कर सकता है । यदि कोई पार्षद एक से अधिक पदों के लिए नामांकन करता है,तो क्रमवार पहला नामांकन ही वैध माना जाएगा । यदि तीन पदों के लिए केवल तीन पार्षदों ने नामांकन किया,तो वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जाएंगे । तीन से अधिक नामांकन होने पर गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर चुनाव कराया जाएगा । काराकाट नगर पंचायत में कुल 12 वार्ड पार्षद हैं,जो इस चुनाव में भाग लेंगे । इनमें बिपीन कुमार सिंह (वार्ड 1),संतोष कुमार तिवारी (वार्ड 2),सुरेश माली (वार्ड 3),विनोद कुमार (वार्ड 4),मालती देवी (वार्ड 5),जितेंद्र सिंह (वार्ड 6),संजय राम (वार्ड 7),मतरमाला देवी (वार्ड 8), कलावती देवी (वार्ड 9),सैयद अंसारी (वार्ड 10),गीता देवी (वार्ड 11) और अजय सिंह (वार्ड 12) शामिल हैं ।

यह चुनाव बिहार नगरपालिका संशोधन अधिनियम 2026 के तहत नगर निकायों में स्थायी समिति के गठन के लिए आयोजित किया जा रहा है । पूर्व में घोषित कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था,लेकिन नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार से नए निर्देश प्राप्त होने के बाद पुनः तिथि जारी की गई है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समय पर जानकारी देने और शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है । सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएंगे । कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव स्थल पर दंडाधिकारी और पुलिस बल भी तैनात रहेंगे ।

# नोखा में धूमधाम और भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



नोखा प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को ईद-उल-जोहा (बकरीद) का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोगों ने नमाज अदा की

सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला. इस दौरान अलग-अलग मस्जिदों में नमाज अता की गई. ईद उल अजहा (बकरीद) के त्योहार को लेकर सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया गया. हर जगह जगह पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी. नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी. बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया. प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे. बाजारों में भी सुबह से रौनक बनी रही और लोगों ने खरीदारी का आनंद लिया. इस खास मौके पर पूरे नोखा प्रखंड में भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला.मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सु शेफाली, अंचल अधिकारी मधुसूदन चौरसिया, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह सहित कई अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे. प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया.

# गुरुकुल स्कूल सुजानपुर में पीटीएम एवं एफए-I परीक्षा परिणाम जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी (रोहतास)**। गुरुकुल स्कूल सुजानपुर में बुधवार को निदेशक आर पी सिंह व प्रधानाध्यापक कुमार सविनय के नेतृत्व में अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं एफए-I परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की काफी भीड़ देखने को मिली तथा कुल 533 अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन, व्यवहार एवं आगामी तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण हेतु आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए।

इस अवसर पर निदेशक आर.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रीष्मावकाश केवल आराम का समय नहीं बल्कि बच्चों के लिए सीखने और अनुभव प्राप्त करने का भी सुनहरा अवसर है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों तथा अपने पैतृक गांवों की यात्रा अवश्य कराएं ताकि बच्चे भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं ग्रामीण जीवन को नजदीक से समझ सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी यात्राएं बच्चों के व्यवहारिक ज्ञान एवं जीवन मूल्यों को मजबूत बनाती हैं।

प्रधानाध्यापक कुमार सविनय ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया गया है, ताकि बच्चों को दिए गए गृहकार्य एवं प्रोजेक्ट कार्य को सही तरीके से पूरा कराया जा सके। साथ ही विद्यार्थियों की पढ़ाई से संबंधित समस्याओं एवं डाउट्स का समाधान भी नियमित रूप से ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन अध्ययन के लिए प्रेरित करने एवं विद्यालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुकुल स्कूल सुंदरगंज शाखा के सभी शिक्षक एवं कर्मियों के साथ-साथ सुजानपुर शाखा के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लड़की से समस्तीपुर में रेप की कोशिश

**बेगूसराय ।** समस्तीपुर के एक होटल में बेगूसराय की लड़की के साथ रेप की कोशिश का मामला सामने आया है। बछवाड़ा की रहने वाली एक महिला ने दांत दर्द के इलाज का बहाना बनाकर साथ ले गई लड़की को एक युवक के हवाले कर दिया। दलसिंहसराय स्टेशन के पास स्थित एक होटल के कमरे में युवती के जबरदस्ती की कोशिश की गई। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसे नोटों की गड्डियों का लालच दिया गया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद आक्रोश का माहौल है। मामला सामने आते ही पुलिस ने आरोपी महिला और एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश चल रही है। पीड़िता(18) को अंदाजा भी नहीं था कि उसकी पड़ोसन पिंकी देवी (36) के दिमाग में कितना घिनौना खेल चल रहा है। बीते 23 मई को पिंकी दर्द से कराहने का नाटक करते हुए लड़की के घर पहुंची। नानी से कहा कि दांत में तेज दर्द है, अकेले दलसिंहसराय डॉक्टर के यहां जाने में डर लग रहा है, अपनी नतिनी को साथ जाने दो। डॉक्टर को दिखाने के बहाने लड़की को दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन के पास गुमटी नंबर 31-32 के पास एक होटल में ले गई। वहां पहले से सन्नी चौधरी और सूरज कुमार जाल बिछाकर बैठा था। कमरे में घुसते ही पिंकी ने उसे बहला-फुसलाकर कहा कि जितना पैसा लेना है ले लो। सन्नी और उसका दोस्त सूरज जो करना चाहते हैं, चुपचाप करने दो। लड़की जब तैयार नहीं हुई तो पिंकी देवी और सन्नी कुमार कमरे में उसे बंद कर बाहर निकल गए। कमरे के अंदर सूरज कुमार नाम के दरिंदे ने युवती को दबोच लिया। उसके साथ गंदी हरकतें(छेड़खानी) करने लगा। पीड़िता अपनी आबरू बचाने के लिए करीब 10 से 12 मिनट तक कालकोठरी में तड़पती और चीखती रही। उसके काफी चीखने पर दोनों गेट खोलकर अंदर आए और धमकाने लगे। इसके बाद आरोपियों ने करीब 1 घंटे तक पीड़िता को बंधक बनाकर रखा। धमकी दी कि मुंह खोला तो समाज में थू-थू होगी। डरी-सहमी पीड़िता जब घर लौटी, तो उसने रोते हुए अपनी नानी को इस पूरी कहानी सुनाई। आपबीती सुनकर जब नानी आरोपी पिंकी के घर पहुंची, तो पाप उजागर होने के डर से उसके पैरों में गिरकर माफी मांगने लगी। लेकिन पीड़िता की नानी ने कहा कि वह गांव में पंचायत बुलाएगी। पंचायत की बात सुनते ही एक आरोपी सन्नी चौधरी मंगलवार को अपनी बाइक से पीड़िता के घर में कट्टा लहराते हुए घुस गया। घर में घुसकर आरोपी सन्नी चौधरी ने तांडव मचाना शुरू कर दिया। गाली-गलौज करते हुए उसने धमकाया कि तुम लोग पुलिस के पास जाओगे या पंचायत बिठाओगी, तो याद रखना तुम पूरे खानदान को गोली मार दूंगा। मेरे ऊपर पहले से ही कई मर्डर और रंगदारी के केस चल रहे हैं, एक और हो जाएगा तो मेरा क्या उखड़ जाएगा। मैं यहां का डॉन हूं, जो चाहूंगा वही होगा। गुंडागर्दी और चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुटी और आरोपी को घेर लिया। मामले की सूचना बछवाड़ा थाना को दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी लेने के बाद सन्नी चौधरी और महिला पिंकी देवी को गिरफ्तार कर लिया। तीसरे आरोपी सूरज कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। पीड़िता की नानी के आवेदन पर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि पिंकी देवी का पति पटना में रहकर राजमिस्त्री का काम करता है। आसपास के गांव की लड़कियों को तरह-तरह का बहाना बनाकर दलसिंहसराय और समस्तीपुर ले जाती है। जहां बहला-फुसलाकर या जबरदस्ती गलत काम कराया जाता है।

### युवक का देसी पिस्तौल लहराते

**मुंगेर ।** मुंगेर के हवेली खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र से एक युवक का देसी पिस्तौल लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गुरुवार सुबह से वायरल हो रहे इस वीडियो ने इलाके में सनसनी फैला दी है। वीडियो में एक युवक हाथ में देसी पिस्तौल लेकर उसमें मैगजीन लगाता और दूसरे युवक की ओर निशाना साधता दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में यह भी सुनाई दे रहा है कि सामने मौजूद युवक उसे ऐसा करने से मना कर रहा है। वो कह रहा है कि इस तरह की हरकत से कोई बड़ी घटना हो सकती है। इसके बावजूद युवक बार-बार हथियार लहराते हुए नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार वायरल वीडियो गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोकरी गांव का बताया जा रहा है। हालांकि यह वीडियो कब बनाया गया और इसमें दिख रहा हथियार असली है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया है। पुलिस वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान करने और मामले की सच्चाई पता लगाने में जुट गई है। बिहार में इन दिनों अवैध हथियारों के प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री की ओर से भी सभी पुलिस अधिकारियों को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी बीच मुंगेर से सामने आए इस वीडियो ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था और सोशल मीडिया पर बढ़ते हथियार प्रदर्शन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों के बीच भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मामले को लेकर हवेली खड़गपुर डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया है। इसकी जांच की जा रही है और संबंधित थाना को भी वीडियो भेजकर पड़ताल करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान कर मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वीडियो में दिख रहा हथियार असली है या नहीं।

### इंसान को अपनी जान-माल और इच्छाओं की कुर्बानी देनी चाहिए

**मुंगेर ।** मुंगेर में गुरुवार को मुस्लिम समुदाय ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें लोगों ने कौम और देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। आर एंड डीजे कॉलेज स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज खानकाह रहमानी के सज्जादानशीं और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव सह बिहार, झारखंड, उड़ीसा के अमीर-ए-शरीयत अहमद वली फैसल रहमानी ने अदा कराई। नमाज के बाद मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह त्योहार त्याग और अल्लाह की रजा के लिए सब कुछ कुर्बान करने का संदेश देता है। बकरीद मुख्य रूप से हजरत इब्राहिम और हजरत इस्माइल द्वारा दी गई कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। मौलाना ने बताया कि इस मौके पर की जाने वाली कुर्बानी से यह सबक मिलता है कि इंसान को अपनी जान, माल और इच्छाओं की कुर्बानी देनी चाहिए। समाज की भलाई के लिए अपनी बुरी आदतों का त्याग करना चाहिए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। नमाज के दौरान ईदगाह के चारों ओर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी रखी जा रही थी। इस दौरान एसडीओ कुमार अभिषेक और एसडीपीओ अभिषेक आनंद सहित कई थानाध्यक्ष मौके पर मौजूद रहे।

### बांस लगाकर रेलवे अंडरपास किया जाम

**भागलपुर ।** भागलपुर के नाथनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर खुर्द पंचायत में लगातार 72 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित है। इस कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने रेलवे अंडरपास के पास करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि तीन दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण इलाके में पेयजल संकट गहरा गया है। लोगों को जनरेटर मंगाकर पानी टंकी भरवानी पड़ रही है, जिसके लिए 500 से 1000 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेलवे अंडरपास के पास बिजली का पोल और कई पेड़ गिरकर सड़क पर पड़े हुए हैं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना था कि कई बार बिजली विभाग के एसडीओ और जेई को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सड़क जाम की सूचना मिलने पर मधुसूदनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों ने जाम खत्म कर दिया। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय आदित्य कुमार ने बताया कि पिछले 72 घंटे से पूरे रामपुर खुर्द पंचायत में बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे आम लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

# आरपीएफ जवान की हत्या दो दिन बाद मिली बॉडी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर ।** मुंगेर में ड्यूटी के दौरान लापता हुए RPF जवान धर्मेंद्र कुमार (48) का शव मिला है। परिवार ने अपहरण के बाद हत्या का आरोप लगाया है। 25 मई को वो मालदा डिवीजन के भागलपुर-साहेबगंज रेलखंड स्थित लैलख ममलखा स्टेशन पर तैनात थे। रात 8 बजे उनकी पत्नी से आखिरी बात हुई थी। इसमें उन्होंने कहा था- स्टेशन पर मेरी अकेले ड्यूटी लगाई गई है। मेरे अलावा यहां कोई नहीं है। अगले दिन यानी 26 मई को पत्नी ने फोन किया तो बंद आया। इसके बाद अधिकारियों से शिकायत की। 27 मई की शाम उनका शव भागलपुर के लैलख ममलखा स्टेशन से करीब 3 KM दूर एक तालाब से बरामद किया गया। शव नग्न अवस्था में मिला। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बदमाशों ने उनकी वर्दी, मोबाइल और सोने की अंगूठी भी गायब कर दी। ताकी पहचान ना हो सके।



**पत्नी से वीडियो कॉल पर आखिरी बार बातचीत :** जवान की पत्नी रानी देवी ने बताया, 25 मई की शाम लगभग 8 बजे मेरी उनसे बात हुई थी। हम वीडियो कॉल पर थे। उन्होंने कहा था कि ड्यूटी के लिए जा रहे हैं। मुझे खाना खाकर आराम करने की बात करते हुए फोन काट कर ड्यूटी पर चले गए थे। 26 मई की सुबह जब जवान की पत्नी ने अपने पति से बातचीत करने के लिए फोन लगाया, तब उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। काफी देर तक फोन नहीं लगने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका होने लगी। जिसके बाद मालदा स्टेशन पर रेलवे में कार्यरत एक परिजन को फोन कर घटना की जानकारी दी। रेलवे कर्मचारी ने कहलगांव पोस्ट पर RPF जवान और अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद RPF अधिकारियों ने विभाग के सीनियर ऑफिसर्स को सूचना दी। इस बीच परिजन भी ग्रामीणों के साथ जवान की तलाश करने के लिए लैलख ममलखा स्टेशन पहुंच गए। वहां पर रेल पुलिस फोर्स की सहायता लेकर लापता जवान को खोजने का काफी प्रयास किया गया। जिसके बाद 27 मई को लैलख ममलखा स्टेशन से लगभग 3.5 KM दूर रेल पटरी किनारे शाम 5:30 के करीब एक तालाब में उपलाता हुआ शव मिला। चांदी की अंगूठी से परिवार ने शव की पहचान की। परिजनों के मुताबिक जवान की शरीर पर से वर्दी भी गायब पाया गया। इसके अलावा मोबाइल और एक सोने की अंगूठी भी गायब है। तभी पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर भागलपुर पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया और बुधवार देर शाम शव का पोस्टमॉर्टम कराकर आज सुबह शव एम्बुलेंस से शव को पैतृक गांव महमदा लाया गया। पत्नी ने आरोप लगाया है कि अपराधियों ने उनकी अपहरण के बाद हत्या की है। वो स्टेशन पर अकेले ड्यूटी कर रहे थे।

## आंधी-बारिश के कारण रोड पर गिरे पेड़



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर के जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। अचानक बदले मौसम ने लोगों को भारी परेशानी में डाल दिया। तेज हवाओं के कारण विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर पड़े, जिससे भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर घंटों तक आवागमन बाधित रहा। सड़क जाम होने से यात्रियों और गाड़ी ड्राइवरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगहों पर बिजली के तार टूट गए और बिजली के खंभे भी धराशायी हो गए। इसके कारण पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। अंधेरे और उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं रहने के कारण पेयजल आपूर्ति और अन्य जरूरी काम भी प्रभावित हुए। वहीं आंधी और बारिश से कई दुकानों व प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा, जिससे स्थानीय कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है।

**गैरेज का उड़ा शेड, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त :** स्थानीय व्यापारी राजीव कुमार ने बताया कि तेज तूफान में उनके गैरेज का शेड उड़ गया और मरम्मत के लिए आई कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने कहा कि इस घटना से उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं, स्थानीय निवासी मुकेश मंडल ने बताया कि बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों को पीने के पानी तक के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# 30 मई को जॉब कैंप, 200 युवाओं को ऑपरेटर-इलेक्ट्रिशियन का रोजगार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया ।** अररिया में बेरोजगार युवाओं के लिए 30 मई, शनिवार को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप जिला नियोजनालय परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। हरियाणा की अवसर एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम, ऑपरेटर और इलेक्ट्रिशियन के पदों पर सीधी भर्ती करेगी। कुल 200 रिक्तियां उपलब्ध हैं, जिनमें ऑपरेटर और इलेक्ट्रिशियन के लिए 100-100 पद शामिल हैं।

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास :** जिला नियोजन पदाधिकारी के अनुसार, बिहार के किसी भी जिले के बेरोजगार युवक इस कैंप में भाग ले सकते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास, आईटीआई या डिप्लोमा निर्धारित की गई है। ऑपरेटर पद के लिए आयु सीमा 18 से 30 वर्ष और इलेक्ट्रिशियन पद के लिए 18 से 35 वर्ष है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 15,000 से 22,000 तक वेतन दिया जाएगा। इस जॉब कैंप में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही भाग ले सकेंगे; महिला अभ्यर्थियों के लिए




इस बार कोई पद उपलब्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आईटीआई/डिप्लोमा प्रमाण-पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति लानी होगी।

**कैंप में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं :** यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कंपनी निजी क्षेत्र की है, इसलिए चयन, वेतन, कार्यस्थल और अन्य शर्तों की जिम्मेदारी नियोजक की होगी। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी इच्छुक बेरोजगार युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जॉब कैंप में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# शिव मंदिर में 8 लाख के जेवरात की चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर के बाईपास थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया गांव स्थित पुराने शिव मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने मंदिर का मुख्य दरवाजा और अंदर लगे कई ताले व कुंडी तोड़कर मंदिर में रखे कीमती जेवरात और पूजा के सामान पर हाथ साफ कर दिया। जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर दंग रह गए। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों और पुलिस को दी। मंदिर से चांदी का नाग, बजरंगबली की गदा, मुकुट, कंगन समेत कई कीमती जेवरात चोरी होने की बात सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब आठ लाख रुपये है। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश और भय का माहौल है। सूचना मिलते ही बाईपास थाना अध्यक्ष सुमन कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध लोगों की पहचान में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

**लोगों ने की गश्ति बढ़ाने की मांग :** ग्रामीण किशोर कुमार पाण्डेय ने बताया कि मंदिर पहुंचने पर दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान गायब था। वहीं लाल्टू पाण्डेय ने कहा कि इलाके में नशेड़ियों



और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्ती पर्याप्त नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। कुमार कृष्णानन्द और नवरत्न पाण्डेय ने प्रशासन से रात में नियमित गश्ती बढ़ाने और रात 10 बजे के बाद रोको-टोको अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों की जांच करने की मांग की। सुदामा पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, मनीष पाण्डेय और दशरथ पाण्डेय समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते सख्ती नहीं की गई, तो चोरी और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ सकती हैं। बाईपास थाना अध्यक्ष सुमन कुमार राय ने कहा कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है और जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बकरीद पर जान-माल की दी जाती है कुर्बानी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया ।** अररिया जिले में गुरुवार को मुस्लिम समुदाय ने बकरीद का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए जुटने लगे। हजारों की भीड़ ने पर्व की रौनक बढ़ाई। शहर के प्रमुख ईदगाहों के साथ-साथ खलीलाबाद मस्जिद, आजाद एकेडमी मस्जिद, इस्लाम नगर ईदगाह और बैरगाछी नया ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों में सुबह नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस पर्व की खुशी में शरीक हुए। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, बकरीद का पर्व हजरत इब्राहिम (अ.) के अल्लाह के प्रति पूर्ण समर्पण की याद में मनाया जाता है।



इस अवसर पर लोग कुर्बानी देते हैं, जिसका मांस गरीबों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों में बांटा जाता है। अररिया में भी इस परंपरा का पूरी निष्ठा के साथ पालन किया गया। जिला प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की थी। विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया था। ट्रैफिक पुलिस ने भीड़ प्रबंधन के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की। स्थानीय मुस्लिम नेताओं ने बकरीद को त्याग, भाईचारे और दान का संदेश देने वाला पर्व बताया।

# अग्नि सुरक्षा अभियान शुरू, गर्मी में आग से बचाव के लिए गांवों में जागरूकता फैलाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया ।** गर्मी और तेज हवाओं के मौसम में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए अररिया जिला अग्निशमन कार्यालय ने एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आग से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना और संभावित अग्निकांड की घटनाओं को कम करना है।

**जीविका दीदी समूह की महिलाओं के साथ बैठक :** अभियान के तहत, अग्निशमन कर्मी रंजीत कुमार, दीपक कुमार, रोहित कुमार और नेहा कुमारी ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों और जीविका दीदी समूह की महिलाओं के साथ बैठकें आयोजित कीं, जहाँ आग लगने के प्रमुख कारणों और



बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।


**छोटी-सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण :** अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे घरों में बिजली के तारों की नियमित जांच कराएं, गैस सिलेंडर और चूल्हे का सावधानी से उपयोग करें। साथ ही, मिट्टी का तेल, पेट्रोल और अन्य ज्वलनशील पदार्थों को बच्चों की पहुंच से दूर सुरक्षित स्थान पर रखने की हिदायत दी गई। बैठकों में आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए, इस पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों से अपील की गई कि आग लगने पर तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित करें, घटनास्थल पर भीड़ न लगाएं और प्राथमिक स्तर पर सुरक्षित तरीके से आग बुझाने का प्रयास करें।

**अभियान में सक्रिय भागीदारी का भरोसा :** जीविका दीदी समूह की महिलाओं को विशेष रूप से प्रेरित किया गया कि वे न केवल अपने घर बल्कि पूरे गांव में अन्य महिलाओं और परिवारों को आग सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। महिलाओं ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया है। जिला अग्निशमन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान एक बार का नहीं है, बल्कि आगामी दिनों में इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा। इसका लक्ष्य जिले में अग्निकांड की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाना और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस जागरूकता अभियान को डिजिटल माध्यमों से भी प्रचारित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें और सुरक्षित रहें।

# बैंक कर्मी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में बुधवार की देर रात एचडीएफसी बैंक के लोन रिकवरी एजेंट ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। गुरुवार सुबह कमरे में फंसे से लटकी लाश मिली है। मृतक के परिजन के मुताबिक, मेरे बेटे की मलमास के बाद उसकी गर्लफ्रेंड से सगाई होनी थी। इससे पहले उसने अपनी जान दे दी। वहीं, सुसाइड की खबर मिलने के बाद युवक की गर्लफ्रेंड भी उसके घर पहुंची। उसने बताया कि हमारी रोजाना रात को बात होती थी। बुधवार को भी मैं कॉल कर रही थी, लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। मृतक की पहचान मुरलीधर सिन्हा के इकलौते बेटे ऋतिक रोशन (24) के रूप में हुई है। घटना नगर थाना क्षेत्र के तिलक नगर मोहल्ले की है। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं है। परिजन ने किसी तरह के डिप्रेशन या झगड़े की बात से इनकार किया है, वहीं पुलिस का कहना है कि इस संबंध



में पड़ताल जारी है। ऋतिक की सुसाइड के बाद उसके कमरे से नगर पुलिस और FSL की टीम ने जरूरी सबूत इकट्ठा किए हैं, घटनास्थल की जांच-पड़ताल भी की है।

**दरवाजा तोड़कर निकाली गई ऋतिक की लाश :** ऋतिक रोज की तरह खाना खाने के बाद बुधवार देर रात अपने कमरे में सो गया। गुरुवार सुबह नहीं उठा तो परिजनों को लगा कि बकरीद की छुट्टी है, लेट तक सोने देते हैं। करीब 10:30 बजे तक उसके नहीं जगने पर मां उठाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया, अंदर ऋतिक की लाश पंखा से लटकी हुई थी। ऋतिक ने चादर से फंदा बनाया था।

**सुसाइड की सूचना पर गर्लफ्रेंड भी घर पहुंची :** घटना की जानकारी मिलने के बाद ऋतिक के साथ बैंक में काम करने वाली उसकी गर्लफ्रेंड भी घर पहुंची। उसने बताया कि ऋतिक मेरे साथ काम करता था। हमारी बैंक के अलावा फोन पर रोजाना बातचीत होती थी। लड़की ने कहा कि मेरी रोजाना ऋतिक से बातचीत होती थी। कल रात भी हमने कई बार फोन किया तो उसने रिसीव नहीं किया। मैंने काफी देर तक इंतजार किया, फिर दूसरे नंबर से भी फोन किया लेकिन ऋतिक ने कॉल रिसीव नहीं किया था। मुझे लगा कि सो गया होगा, लेकिन सुबह मुझे ऋतिक की सुसाइड की खबर मिली।

**अफेयर से घरवालों को दिक्कत नहीं थी :** वहीं, मृतक के मौसेरे चाचा प्रकाश कुमार सिन्हा ने बताया कि ऋतिक काफी हंसमुख स्वभाव का लड़का था। एचडीएफसी बैंक में काम कर रहा था।

# इंटर के छात्र का मर्डर, गर्दन-दोनों हाथ तोड़े

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में इंटर के छात्र की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई है। मर्डर के बाद बदमाशों ने लाश तालाब में में फेंक दिया। मृतक की पहचान विकास यादव(16) के रूप में हुई है। विकास की लाश उसके घर बेगूसराय से 90 Km दूर खगड़िया में मिली है। लोगों का कहना है कि लाश देखकर लगता है कि मर्डर से पहले आरोपियों ने विकास को बेरहमी से पीटा है। विकास के दोनों हाथ और गर्दन टूटे हुए थे। पुलिस ने इस मामले में विकास के दो दोस्तों मोहित(19) और विकास(20) को गिरफ्तार किया है।

**अब सिलसिलेवार पढ़िए वारदात की पूरी कहानी :** विकास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कंकौल गांव निवासी राम उदय यादव का बेटा था। मां ने बताया कि मंगलवार(26 मई) को मेरा बेटा दोपहर में पढ़कर आया। सरकार से मिलने वाले 10 हजार रुपए लेने के लिए फॉर्म भरने के लिए घर निकला था। लेकिन वो घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों के यहां पता किए, लेकिन कुछ पता नहीं चला। गांव के कुछ लोगों ने बताया कि, मोहित और विकास उसे बाइक पर बैठाकर ले गए हैं। पुलिस ने दोनों को उठाया और पूछताछ शुरू की। पहले तो दोनों पुलिस को बरगलाते रहे, लेकिन पुलिस ने जब सख्ती की तो दोनों ने सच बताया। इसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों के बताए




लोकेशन पर पहुंची और विकास की लाश बरामद की।

**पीट-पीटकर हत्या की क्या है वजह :** दरअसल, विकास के बड़े भाई नाम शिवम है। आरोपी विकास ने कुछ महीने पहले शिवम के नाम से फेसबुक पर फेक आईडी बनाई और अश्लील फोटो अपलोड करता था। शिवम ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी विकास को पकड़ा और उसे सजा हुई। एक महीने पहली ही विकास जेल से बाहर आया। जेल से बाहर आने के बाद वो लगातार बदला लेने के धमकी देता था। मृतक का चाचा मनीष कुमार ने बताया कि, मारने वाला और मरने वाला दोनों का नाम विकास है। आरोपी विकास सनकी है। चार महीने पहले सोशल मीडिया के मृतक के भाई के नाम से फेक आईडी बनाकर फोटो वायरल किया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

# बकरीद पर हजरत इब्राहिम की कुर्बानी का जिक्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता


**बक्सर** । बक्सर में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इस दौरान देश में अमन-चैन, भाईचारा और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। पूरे जिले में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। शहर की बड़ी मस्जिद समेत दर्जनों छोटी-बड़ी मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज से पहले इमामों ने ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह त्योहार त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देता है, साथ ही आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप को मजबूत करता है।



**हजरत इब्राहिम की कुर्बानी का जिक्र** : बड़ी मस्जिद कमेटी के सदस्य मोहम्मद एजाज ने हजरत इब्राहिम की कुर्बानी का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अल्लाह के आदेश पर हजरत इब्राहिम ने अपने सबसे प्रिय बेटे की कुर्बानी देने का इरादा किया था। उनकी सच्ची निष्ठा से प्रसन्न होकर अल्लाह ने उनके बेटे की जान बचा ली। इसी घटना की याद में मुस्लिम समाज बकरीद का पर्व मनाता है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाइयां दीं। सुबह से ही मुबारकबाद देने का यह सिलसिला जारी रहा, जिससे मुस्लिम बहुल इलाकों में विशेष रौनक देखने को मिली।

**संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारियों तैनात** : पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मस्जिदों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बड़ी मस्जिद में नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई, जिसके तहत मुख्य सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इस अवसर पर एसडीपीओ गौरव पांडेय ने बड़ी मस्जिद पहुंचकर लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और कहीं से किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली।

## चुनावी रंजिश में युवक को मारी गोली



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । भोजपुर में बुधवार की रात पूर्व के चुनावी रंजिश को लेकर युवक को गोली मार दी गई। पेट के पास बुलेट लगी है। इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान उदय महतो के पुत्र दिवाकर कुशवाहा(24) के तौर पर हुई है। डीएलएड की पढ़ाई करता है। घटना पवना थाना क्षेत्र के पवना महतो टोला की है। घायल के पिता उदय महतो ने बताया कि गांव के ही कौशल महतो से पूर्व से विवाद चल रहा है। बराबर कहता था कि तुम लोग पैसे लेकर दूसरी जाति के लोगों वोट देते हो और वह जीत जाता है। हम लोग हार जाते है। जब हमने कहा कि तुम भी जाकर वहां नशा करते हो। इसी बात को लेकर कहा कि कौन देखा है कि हम वहां बैठते है और उसे वोट दिए हैं। तभी कौशल महतो आया और इसी बात को लेकर बहस करने लगा। जब उन्होंने कहा कि मैं भी जानता हूं कि तुम भी उन्हीं लोगों को सपोर्ट करते हो यह बात मेरा बेटा भी जानता है। तो उसने कहा कि तो अपने बेटा को बुलाओ।

**घर से हथियार लाकर मारा** : उदय महतो ने आगे कहा कि जब मैंने अपने बेटे को बुलाया तो उसके साथ गाली-गलौत करने लगे। फिर कौशल घर गया और हथियार लाकर उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे।

**छानबीन में जुटी पुलिस** : फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इलाज कर रहे सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बताया कि ऑपरेशन करके बुलेट निकाल दिया गया है।

## गोलंबर रोड पर खुले नाले और टूटी सड़क से लोग परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । नगर के गोलंबर जासो रोड की बदहाल स्थिति को लेकर एक बार फिर लोगों का गुस्सा सामने आया है। जन सुराज नेता दिवाकर पाठक ने सड़क और खुले नाले की समस्या को उठाते हुए नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि गोलंबर के पास करीब 4 से 5 फीट गहरा खुला नाला बना हुआ है, जो शाम के समय राहगीरों और बाइक सवारों के लिए बड़ा खतरा बन जाता है। दिन में सब्जी विक्रेताओं की भीड़ के कारण लोग किसी तरह बच जाते हैं, लेकिन अंधेरा होते ही यहां दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। दिवाकर पाठक ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गंदा पानी और कचरा जमा रहने से बाजार आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। खासकर महिलाओं और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत झेलनी पड़ रही है। कई बार छींटे पड़ने से कपड़े और स्कूल ड्रेस तक खराब हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। उन्होंने आरोप



लगाया कि यह सड़क करीब 6 से 7 वर्ष पहले पूर्व सांसद अश्विनी कुमार चौबे के फंड से बनाई गई थी, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि एक-दो साल के भीतर ही सड़क टूटने लगी। तब से अब तक इसकी समुचित मरम्मत नहीं कराई गई। सड़क की जर्जर हालत और खुले नाले के कारण लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। जन सुराज नेता ने कहा कि यह इलाका वार्ड नंबर 33 और 41 के अंतर्गत आता है, ऐसे में नगर परिषद को तुरंत संज्ञान लेते हुए सड़क की ढलाई और नाले को ढकने का काम कराना चाहिए।

## ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । आरा शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान बिहार ग्रामीण पुलिस के जवान की पत्नी की मौत हो गई। जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ और सड़क पर खड़े होकर बिल्डिंग पर रोड़ेबाजी की। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रख जाम कर दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अस्पताल प्रबंधन और मृतका के परिजनों के बीच तनाव की स्थिति बनी रही। घटना नवादा थाना क्षेत्र स्थित पकड़ी गैस एजेंसी के पास की है।

**इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी तबीयत** : मृतका की पहचान बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के नवाडीह निवासी सुरेंद्र यादव की पत्नी लाखमुनी देवी(47) के रूप में हुई है। मृतका के बेटे शंकर यादव ने बताया कि16 मई को मां का बायां पैर टूट गया था, जिसके बाद पहले शाहपुर स्थित केशर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने आरा रेफर कर दिया। यहां प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया। बुधवार की शाम ऑपरेशन की



तैयारी चल रही थी। सभी जांच रिपोर्ट सामान्य बताई गई थी। ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के दौरान डॉक्टरों ने बेहोशी का इंजेक्शन दिया, जिसके कुछ देर बाद उनकी मां की हालत बिगड़ गई और मौत हो गई।

**लापरवाही के चलते गई जान** : शंकर यादव ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मौत के कारणों के बारे में पूछताछ की तो अस्पताल कर्मियों ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्र व्यवहार किया। डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनकी मां की जान गई है। अगर जांच रिपोर्ट सामान्य थी तो ऑपरेशन से पहले अचानक ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हो गई। इसी बात को लेकर परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

## महंत महादेवनंद महिला महाविद्यालय में नई उड़ान कलाकारों की पहचान विषय पर हुई प्रतियोगिता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । आरा। महंत महादेवनंद महिला महाविद्यालय, आरा एवं राष्ट्रीय कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में "नई उड़ान : कलाकारों की पहचान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत नृत्य, संगीत एवं रैंपवॉक प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र प्रताप पालित, दक्षिण बिहार अभाविप के प्रांत मंत्री सुमित सिंह, ऋतुराज चौधरी, राहुल कुमार एवं अवंतिका विश्वास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने मां शारदे एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. नरेंद्र प्रताप पालित ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना एवं कला के प्रति रुचि विकसित करना है। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी युवाओं पर है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की 64 कलाओं का उल्लेख करते हुए छात्रों से अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा




को याद रखने का आह्वान किया। सुमित सिंह ने युवाओं से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। संगीत प्रतियोगिता में सम्राट कुमार ने प्रथम, योगेश कुमार ने द्वितीय तथा सुमंत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में कोमल कुमारी प्रथम, ऋचा एंड ग्रुप द्वितीय एवं श्वेता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं रैंपवॉक प्रतियोगिता में शिवम ने प्रथम, शहनाज फातिमा ने द्वितीय तथा दिव्या व सत्यम ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका हर्षिता विक्रम एवं श्रेया स्नेहा ने निभाई, जबकि संचालन सिमरन ने किया। इस अवसर पर डॉ. युगल कुमार, डॉ. अवधेश, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. सरोज कुमारी, राघवेंद्र नारायण विकास, आदित्य सिंह, हैप्पी किशोर, कल्पना भारती व अन्य थे।

## हर-हर गंगे जयघोष से गूंज उठा रामरेखा घाट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मंगलवार की देर शाम रामरेखा घाट स्थित पुराने विवाह मंडप में गंगा महाआरती में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विश्वामित्र सेना एवं श्री गंगा आरती सेवा समिति ट्रस्ट, बक्सर के तत्वावधान में आयोजित भव्य गंगा महाआरती ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। देर शाम तक घाट पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही और पूरा परिसर हर हर गंगे के जयघोष से गुंजायमान रहा। रामरेखा घाट पर महाआरती को लेकर की गई सजावट देखने लायक थी। वहीं गंगा आरती के समय विद्वान पंडित जी द्वारा किए जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार से माहौल भक्तिमय हो गया था। हर कोई मां गंगा की भक्ति में लीन दिखा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान व विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने



मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश व देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए प्रार्थना की। बनारस की तर्ज पर सजे घाट और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई इस महाआरती को देखने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। हर थोड़ी देर पर मौजूद श्रद्धालु मां गंगा की जयकारा लगा रहे थे।

**मां गंगा सनातन सभ्यता की जीवनधारा हैः राजकुमार चौबे** : विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने कहा कि मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति, अटूट आस्था और सनातन सभ्यता की जीवनधारा हैं। विश्वामित्र सेना सदैव सनातन जागरण और अपनी धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए समर्पित रही है। समाज को एकजुट करने के लिए ऐसे भव्य आयोजन भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

**महाआरती के दौरान सुरक्षा और सहयोग के प्रति सक्रिय रहे समिति के सदस्यः** महाआरती के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर समिति के कार्यकर्ता लगातार सक्रिय रहे। गंगा दशहरा के इस पावन मौके पर दीपों की रोशनी से जगमगाता रामरेखा घाट बक्सर की सांस्कृतिक भव्यता की अनूठी मिसाल पेश कर रहा था। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। मौजूद सभी लोग मां गंगा के महाआरती में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें।

## गर्मी से बचाव के लिए पंखा के हवा में रखे जा रहे मवेशी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर जिले में शहर समेत ग्रामीण इलाकों में पड़ रही गर्मी व लू के कारण मानव से लेकर दुधारू पशुओं गाय-भैंस का हाल बेहाल है। सुबह होने के साथ आसमान से आग बरसना शुरू हो जा रहा है। दोपहर में तेज गर्म हवा व लू के थपेड़ों से इंसान क्या मवेशी भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी का असर पशुओं की सेहत पर पड़ रहा है। इंसान की तरह पशुओं को भी गर्मी से बचाव के लिए पंखा के हवा में रखा जा रहा है। जिले में भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में पारा लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहा है। बढ़ते तापमान के कारण दुधारू पशुओं विशेषकर अच्छी नस्ल की गायों व भैंसों की भूख काफी कम हो गई है। गर्मी व हीट स्ट्रोक के कारण दुधारु पशुओं की भूख कम हो गई है, साथ ही वह हांफने लगी हैं। धूप के संपर्क में आने से पशु सुस्त हो रहे हैं। उनकी आंखें लाल हो रही हैं, मुंह से लार गिर रहा है। गर्मी व गंदगी से दुधारू पशुओं के थन में संक्रमण की शिकायतें भी तेजी से बढ़ी हैं।वहीं पशु चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में लू के प्रकोप से पशुओं की आंखें लाल हो सकती हैं, मुंह से लार गिरने लगती है। गोबर रुकने जैसी समस्याएं हो जाती है। यही नहीं, अधिक गर्मी व गंदगी के कारण थनैला रोग होने का भी खतरा बढ़ जाता है।

दूध उत्पादन में 20% की हुई कमी पशुपालकों का कहना है कि तेज गर्मी से मवेशी हरा चारा या दाना ठीक से नहीं खा रहे हैं। तापमान बढ़ने व हीटवेव के कारण गाय-भैंस के शरीर का तापमान असंतुलित हो गया है। इसका सीधा असर उनके हार्मोन्स व दूध बनाने की क्षमता पर पड़ रहा है। तेज गर्मी के कारण मवेशियों के शरीर में पानी की कमी हो रही है। इसकी वजह से उनके थनों से निकलने वाले दूध में करीब 20 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आ गई है। पशुपालकों के अनुसार हरा चारा नहीं मिलने व सिर्फ सूखा भूसा खाने से में कब्ज, पेट फूलना व दस्त जैसी समस्या शुरू हो गई



है। इससे दूस उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आई है। सामान्य दिनों में जो गाय लगभग 10 लीटर तक दूध देती थी, वह इस गर्मी में 8 लीटर या उससे भी कम दूध दे रही हैं। हवादार या छायादार स्थानों पर रखें मवेशी पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार भारती ने बताया कि इस मौसम में किसी दुधारु पशु के बीमार पड़ने पर तत्काल पशु अस्पताल लाएं। सभी पशु अस्पताल में 50 प्रकार की दवाईयां उपलब्ध है। जिला पशुपालन समेतपशु चिकित्सालय व मोबाइल वेटनरी यूनिट में चिकित्सक समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध है। पशुपालक किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल टॉल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करें। कॉल नहीं लगने पर नजदीकी पशु अस्पताल में जाएं वहां मोबाइल वेटनरी यूनिट की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। गर्मी से बचाव के लिए पशुओं को दिन में 3-4 बार साफ व ताजा पानी पिलाएं, साथ ही उन्हें हवादार या छायादार स्थानों पर रखें। गर्मी में पानी की कमी से दुधारु पशुओं में दूध उत्पादन कम हो रहा है। भूसा व चारे की कीमत भी बढ़ी : एक तरफ पशु बीमार पड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भूसा व चारे की कीमत भी आसमान छू रही है। पशुपालकों के अनुसार, उम्मीद थी कि भूसा सस्ता होगा, लेकिन इस बार भूसा ही नहीं मकई व गेंहू के दाने की कीमत भी आसमान छू रही हैं। बाजार में गेहूं का भूसा 800 से 1000 प्रति क्विंटल बिक रहा है जबकि खल, चोकर व मिनरल मिक्चर के दाम भी पिछले साल के मुकाबले बढ़ चुके हैं। पशुपालकों का कहना है कि लागत इतनी बढ़ गई है कि दूध बेचने से मिलने वाला पैसा पशुओं के चारे व दाने पर ही खर्च हो जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से महिला की मौत

**आरा** । भोजपुर में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। घर से शौच के लिए निकली थी। मृतका की पहचान पिरौटा निवासी मिथिलेश पासवान की पत्नी अनीता देवी(40) के तौर पर हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। मृतका के बेटे दीपक पासवान ने बताया कि रास्ते में बिजली के खंभे से उनका हाथ टच हो गया। झटका लगते ही बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। कुछ देर जानकारी मिली, जिसके बाद अस्पताल लेकर गए। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घर में मचा कोहराम

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी मिलने के बाद राजद नेता रघुपति यादव अस्पताल पहुंचे। परिजनों से घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधवाया। मृतका को सिर्फ तीन पुत्र संतोष पासवान, दीपक पासवान और पंकज पासवान है। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दिव्यांगता प्रमाणपत्र शिविर में आए 30 आवेदन

**गड़हनी**| जिला पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड सभागार गड़हनी में दिव्यांगता प्रमाणपत्र शिविर लगाया गया। शिविर डॉ मनन भगत व डॉ आशीष कुमार के देख रेख में लगा । दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिये शिविर में मात्र 30 आवेदन ही आ पाया । सभी आवेदन का सीएचसी में रजिस्टेशन कर अपलोड कर दिया गया है। आवेदन का जांच कर यूडीआईडी कार्ड बनाया जाएगा। जिसमे 17 आवेदकों को आरा रेफर किया गया जिसको डॉक्टर के बोर्ड के द्वारा दिव्यांगता का प्रतिशत दिया जाएगा। वहीं 30 आवेदन में 6 फाइलेरिया के मरीज भी और थे उनका भी दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिये रजिस्ट्रेशन किया गया और इनको भी दिव्यांगता प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

### टैक्सेशन बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

**आरा**| टैक्सेशन बार एसोसिएशन, आरा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। एसोसिएशन की ओर से जारी पत्र के अनुसार वर्ष 2025 में पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया था। विशेष परिस्थिति को देखते हुए पूर्व कार्यकारिणी को निरस्त करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी एवं कार्यसमिति का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में संदीप कुमार को अध्यक्ष, अरविंद कुमार एवं रामप्रकाश पाठक उर्फ नुनु पाठक को सचिव, रामजी कुमार को ऑडिटर तथा मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल,रेफर

**कोईलवर**| स्थानीय कोईलवर थाना क्षेत्र के आरा-छपरा सिक्सलेन पुल पर बुधवार को सड़क हादसे में एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिनगांवा गांव निवासी मुन्ना कुमार यादव के रूप में की गई है। वह अखिलेश यादव के पुत्र बताए जाते हैं। मुन्ना कुमार यादव बिन्दगांवा अपने घर से किसी काम को लेकर बाइक से बिहटा जा रहे थे। इसी दौरान कोईलवर सिक्सलेन पुल के बीचों-बीच किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल युवक को इलाज के लिए कोईलवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### पंचायत व नगर निकाय चुनाव की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**बक्सर** । बुधवार को डीएम साहिला ने बक्सर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यालय कक्ष में पंचायत आम निर्वाचन, नगर निकाय उप निर्वाचन एवं सशक्त स्थायी समिति निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न निर्वाचन प्रक्रियाओं की प्रगति की जानकारी ली गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया कि पंचायत निर्वाचन को लेकर प्रपत्र-1 का प्रारूप प्रकाशन 4 मई 2026 को कर दिया गया था। इस दौरान प्राप्त कुल 26 दावा एवं आपत्तियों का निष्पादन 22 मई 2026 को कर लिया गया है। इनमें 11 दावा/आपत्तियां स्वीकृत हुई हैं, जिनमें से 4 में सुधार कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष 7 मामलों में भी सुधार कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रपत्र-1 का अंतिम प्रकाशन 15 जून 2026 को किया जाएगा। वहीं नावानगर प्रखंड के बरांव पंचायत तथा डुमरांव प्रखंड के छतनवार एवं कुशलपुर पंचायत को छोड़कर अन्य सभी पंचायतों की प्रविष्टियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में नगर निकाय उप निर्वाचन 2026 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 मई को कर दिया गया है तथा 25 मई को मतदाताओं का मतदान केंद्रवार संबद्धीकरण भी पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा ई-वोटिंग के लिए मतदाताओं की पहचान की प्रक्रिया जारी है। सशक्त स्थायी समिति निर्वाचन को लेकर अधिकारियों ने बताया कि चुनाव 29 मई को होना निर्धारित है। निर्वाचन संबंधी आदेश 25 मई को जारी कर दिया गया है तथा सभी निर्वाची पदाधिकारियों को मतपेटिका प्राप्त करने के लिए पत्र भी भेज दिया गया है। बैठक में निर्वाचन कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

### कांग्रेसियों ने जवाहर लाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**बक्सर** । देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि बुधवार को नगर के गोलंबर स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में श्रद्धा और सादगी के साथ मनाई गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने की। सभा को संबोधित करते हुए पंकज उपाध्याय ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश को लोकतंत्र, विज्ञान, शिक्षा और औद्योगिक विकास की मजबूत नींव दी। उनके विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सीमित संसाधनों के बावजूद नेहरू ने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत बनाया। वक्ताओं ने कहा कि नेहरू ने देश में एम्स, आईआईटी, आईआईएम जैसी संस्थाओं की स्थापना कर शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नई दिशा दी। उन्होंने बड़े बांधों, उद्योगों और वैज्ञानिक संस्थानों के निर्माण से भारत को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। नेताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर देश-निर्माण तक नेहरू का योगदान अतुलनीय रहा है। सभा में पूर्व प्रदेश सचिव सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता कामेश्वर पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष कैमूर सुनील कुशवाहा, डॉ. उमाशंकर पांडेय, डॉ. सत्येंद्र ओझा, कमल पाठक, साबिद हाशमी, अजय ओझा, राजीव वर्मा, राजाराम पांडेय, पप्पू दुबे, गुप्तेश्वर चौबे, गुड्डु दुबे, त्रियोगी नारायण मिश्र, गणेश पांडेय और राजा तिवारी समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने "पंडित नेहरू अमर रहें" के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर नीरा

**बक्सर** । बिहार सरकार के गरीबी उन्मूलन व नशा मुक्ति कानून के अनुपालन में बक्सर के इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत कूकढा में दो स्थानों पर नीरा उत्पादन सह विक्री केंद्र का उद्घाटन जीविका परियोजना से जिला परियोजना प्रबंधक दयानिधि चौबे, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्वेता सुरभि एवं प्रखंड मेंटर भोला नाथ पांडेय द्वारा किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक ने कहा कि नीरा का प्रोत्साहन न केवल एक आर्थिक पहल, बल्कि यह ग्रामीण स्वास्थ्य और पोषण को भी सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। नीरा सूर्योदय से पहले एक विशेष विधि द्वारा निकाली जाती है और इसकी शुद्धता बनाए रखने एवं लंबे समय तक भंडारण के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया जाता है। जिला परियोजना प्रबंधक दयानिधि चौबे ने बताया कि नीरा एक शुद्ध, प्राकृतिक और पौष्टिक पेय है। जिसमें भरपूर मात्रा में विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह पेय शरीर को ठंडक प्रदान करता है और गर्मी के मौसम में ऊर्जा का अच्छा स्रोत माना जाता है। प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्वेता सुरभि ने कहा कि देसी शराब एवं ताड़ी उत्पादन से जुड़े परिवारों को सरकार द्वारा स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की पहल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मशहूर एवं अज़ीम शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गुरुवार को जारी शोक संदेश में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि "पद्मश्री" और "साहित्य अकादमी पुरस्कार" से सम्मानित डॉ. बशीर बद्र ने अपनी शायरी के माध्यम से समाज को जोड़ने, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देने तथा गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि डॉ. बशीर बद्र की रचनाएं आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेंगी। उर्दू साहित्य और शायरी की दुनिया में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों, उनके चाहने वालों और साहित्य प्रेमियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### हाजीपुर सदर अस्पताल की व्यवस्था पर उठे सवाल, दिव्यांग संघ अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर सदर अस्पताल में लगातार मिल रही लापरवाही और अव्यवस्था की शिकायतों के बाद दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष पप्पू कुमार ने गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा कर भर्ती मरीजों से बातचीत की और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पप्पू कुमार ने मरीजों से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बताने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान कई मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्था को लेकर अपनी परेशानियां साझा कीं। मीडिया से बातचीत करते हुए दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष ने हाजीपुर सदर अस्पताल की व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कई स्तर पर सुधार की आवश्यकता है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन से भी बातचीत की गई है, जिस पर प्रबंधक ने जल्द ही व्यवस्था बेहतर करने का आश्वासन दिया है। पप्पू कुमार ने जोर देकर कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से इस दिशा में गंभीरता से काम करने का आग्रह किया।

### पानापुर में मिली सरकारी दवाएं और सर्जिकल सामग्री, वैशाली डीएम ने उच्चस्तरीय जांच के दिए आदेश

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के राजापाकर प्रखंड के पानापुर क्षेत्र में भारी मात्रा में सरकारी दवाएं और सर्जिकल सामग्री फेंके जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन हरकत में आ गया। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर महुआ अनुमंडल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पानापुर गांव के चंवर क्षेत्र में एक गड्ढे से बड़ी संख्या में सरकारी दवाएं, इंजेक्शन, सर्जिकल उपकरण और अन्य चिकित्सा सामग्री बरामद की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई दवाओं की एक्सपायरी डेट अभी बाकी है। ये दवाएं वर्ष 2027, 2028 और 2029 तक उपयोग योग्य थीं। इससे सरकारी संसाधनों के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग या अनियमित निकासी की आशंका गहरा गई है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि बरामद कुछ दवाएं वैशाली जिले के लिए आवंटित नहीं लगती हैं। घटनास्थल से मिले एक बोरे पर "मुजफ्फरपुर" लिखा पाया गया है, जिससे यह संदेह है कि यह मामला किसी मेडिकल कॉलेज या बड़े स्वास्थ्य संस्थान की आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ा हो सकता है। मौके से यूरो बैग, मिडाजोलम, जोल्मिट्रिप्टन, पाइरिडोक्सिन सहित कई प्रकार की दवाएं और सर्जिकल सामग्री मिली हैं। सभी बरामद दवाओं के नमूने सुरक्षित कर लिए गए हैं और उनकी विस्तृत जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने इस मामले की सूचना पटना स्थित बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BMSICL) को भी देने की तैयारी की है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि ये दवाएं किस जिले, अस्पताल या संस्थान के लिए आवंटित की गई थीं और वे खुले मैदान में कैसे पहुंच गईं। डीएम वर्षा सिंह ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जांच एजेंसियों को निष्पक्ष और गहन जांच करने का निर्देश दिया है, ताकि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस घटना ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लाखों रुपए की जीवनरक्षक दवाओं और चिकित्सा सामग्री को खुले में फेंकना न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था में संभावित भ्रष्टाचार और लापरवाही की भी बड़ी तस्वीर पेश करता है।

### दूध लदी पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, ड्राइवर की मौत, गाड़ी को काटकर निकाला शव, दूध सप्लाई करने जाते समय हादसा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के दिघरा में आज सड़क हादसा हुआ। इसमें सुधा दूध लदी पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ड्राइवर का शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद गाड़ी को काटकर बाहर निकाला गया। दर्सल, आज सुबह करीब 6 बजे दूध सप्लाई के लिए जा रही पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान सकरा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कंठ निवासी 25 साल के राजकुमार के रूप में हुई है। मृतक के मामा राजेंद्र राम ने बताया कि राजकुमार सुधा दूध सप्लाई गाड़ी पर चालक के रूप में काम करता था और रोज की तरह गुरुवार सुबह भी दूध लेकर निकला था। इसी दौरान हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत काम शुरू किया गया। गाड़ी में शव फंसा होने के कारण काफी देर तक रेस्क्यू चलाया गया। बाद में गाड़ी के हिस्से को काटकर ड्राइवर के शव को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना किन कारणों से हुई, इसकी जांच शुरू कर दी गई है।

### माड़ीपुर-दादर पुल पर भारी वाहनों की एंट्री होगी बंद, शहर पर बढ़ेगा ट्रैफिक लोड, टेक्निकल टीम ने लिया जायजा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर शहर के जर्जर और क्षतिग्रस्त पुलों को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। डीएम ने माड़ीपुर ओवरब्रिज, दादर पुल पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई जाएगी। इनमें ट्रक, बड़े मालवाहक वाहन और बसें भी शामिल है। पथ निर्माण विभाग से अनुमति मिलने के बाद यह आदेश जारी किया गया है। बुधवार को टेक्निकल टीम ने दोनों पुलों का जायजा लिया। दादर पुल के निचले हिस्से में साफ-सफाई के बाद टीम पुल के कमजोर हिस्सो की जांच में जुटी रही। जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। सबसे ज्यादा असर माड़ीपुर ओवरब्रिज पर दिखेगा। यहां बसों के परिचालन पर रोक लगने से इसका सीधा दबाव ब्रह्मपुरा, जूरन छपरा और शहर के अंदरूनी हिस्सों की सड़कों पर पड़ेगा। पहले से जाम झेल रहे इलाकों में ट्रैफिक लोड और बढ़ने की आशंका है। इसी तरह की स्थिति दादर पुल पर भारी वाहन का परिचालन रोकने का होगा। पुल के जर्जर होने की स्थिति में सुरक्षा को लेकर यह फैसला प्रशासन को लेना पड़ा है। प्रशासन ने जिन पुलों पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई है, उनमें माड़ीपुर ओवरब्रिज, चांदनी चौक-बखरी पथ स्थित दादर पुल, देवरिया-बरूराज पथ का पुल और देवरिया-जाफरपुर-अम्बारा पथ का पुल शामिल है। विभागीय रिपोर्ट में इन पुलों की स्थिति को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता जताई गई थी। इसके बाद एहतियातन यह निर्णय लिया गया। यातायात विभाग को अब भारी वाहनों और बसों के लिए वैकल्पिक रूट तय करने होंगे। साथ ही प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त ट्रैफिक व्यवस्था करनी पड़ेगी, ताकि शहर में जाम की स्थिति और खराब न हो। बसों और ट्रकों के लिए वैकल्पिक रूट तय होने के बाद दूसरे इलाकों में दबाव बढ़ेगा। खासकर ब्रह्मपुरा, जूरन छपरा और बैरिया इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था चुनौती बन सकती है। डीएम के आदेश के बाद दादर पुल के दोनों तरफ बैरियर लगाने का काम शुरू कर दिया गया। पुल निर्माण निगम ने दादर पुल के निचले हिस्से में साफ-सफाई कराई, ताकि पुल की वास्तविक स्थिति और डैमेज का सही आकलन किया जा सके।

# अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी।** ईद-उल-अजहा का पवित्र पर्व गुरुवार को अनुमंडल क्षेत्र में श्रद्धा, अकीदत और शांतिपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया। विभिन्न प्रखंडों के ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर देश-दुनिया में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी।

सुबह से ही बड़ी संख्या में नमाजी ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचने लगे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और रौनक का माहौल देखने को मिला। मसौढ़ी के गांधी मैदान स्थित ईदगाह में सुबह सात बजे नमाज अदा की गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मस्जिद के इमाम के नेतृत्व में नमाज संपन्न हुई।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे दिन मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा और क्षेत्र में आपसी भाईचारे तथा सौहार्द का सुंदर माहौल देखने को मिला।

ईद-उल-अजहा के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने-अपने घरों में कुर्बानी की रस्म भी अदा की। यह पर्व त्याग, बलिदान, इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, समाजसेवी नवल भारती, नगर परिषद कर्मी रामाधार प्रसाद, विनेश चौधरी, कृष्णा सिंह, लालमोहन सिंह, एम.के. मंगल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बिहार के 6 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, तापमान 4 डिग्री तक गिरेगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना समेत बिहार के कई जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। हालात ऐसे हैं कि दिन के साथ-साथ रात में लोग गर्मी से परेशान हैं। 42.6 डिग्री के साथ कैमूर सबसे गर्म जिला रहा। जबकि औरंगाबाद का तापमान 40.6 डिग्री रहा। भीषण गर्मी से जूझ रहे पटना समेत प्रदेश के लोगों को जल्द ही बड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने आज 32 जिलों में ऑरेंज और 6 में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है।

इसके साथ ही 60kmph की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, 29 मई को पटना, नालंदा, वैशाली, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर और गया समेत कई जिलों में तेज बारिश के आसार बन रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। इसमें कटिहार के प्राणपुर में सर्वाधिक 62.4 मिमी, मधेपुरा के पुरैनी में 56 मिमी और मधुबनी के झंझारपुर में 51.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।



**अगले एक हफ्ते तक कैसा रहेगा मौसम:** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बिहार में अगले सात दिनों तक तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। बीच-बीच में बारिश और बादल छाए रहने से लू और तेज गर्मी से राहत मिलेगी। कई जिलों में दोपहर और शाम के समय गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। हालांकि कुछ इलाकों में उमस बनी रह सकती है, लेकिन भीषण गर्मी जैसी स्थिति नहीं रहेगी।

**बिहार में मानसून और प्री-मानसून की एंट्री कब:** मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, बिहार में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो रही है। अगले महीने यानी जून के पहले और दूसरे सप्ताह में प्री-मानसून बारिश शुरू हो सकती है। वहीं दक्षिण-पश्चिम मानसून के बिहार में 12 जून से 18 जून के बीच प्रवेश करने की संभावना है। अगर बंगाल की खाड़ी में सिस्टम मजबूत हुआ तो मानसून तय समय से थोड़ा पहले भी पहुंच सकता है।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी-ओंकरी पथ पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जगपुरा गांव के समीप उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घायल व्यक्ति की पहचान कादिरगंज थाना क्षेत्र के डेवा गांव निवासी जगियानंद के रूप में हुई है। वह शिव नारायण राम के 45 वर्षीय पुत्र बताए जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि घायल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जबकि बाइक सवार घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस के जवान मनोज कुमार सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने के कारण घायल की जान बच सकी। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि घायल की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है, हालांकि उसे निगरानी में रखा गया है।



# पंजाब में बिहार की 9 साल की बच्ची से रेप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार की 9 साल की बच्ची के साथ पंजाब के मोगा में रेप की घटना को अंजाम दिया गया। 40 साल के शख्स ने वारदात किया है। बच्ची चिल्लाने लगी और मां को बताने की बात कहने लगी, तो पकड़े जाने के डर से आरोपी ने उसे कमरे के पंखे से फंदे पर लटका दिया। आरोपी का नाम दयानंद है और वह झारखंड का रहने वाला है। वारदात को अंजाम देकर वह उसी शाम ट्रेन पकड़कर झारखंड भागने की तैयारी में था। यहीं नहीं वारदात के बाद उसने अपना फोन भी बंद कर दिया था। लेकिन मोगा पुलिस ने उसे बुगीपुरा चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी पर रेप, हत्या और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

**सूना कमरा देखकर दरिंदे ने बनाया निशाना:** घटना 25 मई की है। गर्मी के कारण दोपहर के समय गली में सन्नाटा था। 9 साल की बच्ची अपने किराए के कमरे में अकेली बैठी हुई थी और मोबाइल फोन देख रही थी। इसी दौरान उसकी बड़ी बहन अपनी मां के पास मोबाइल फोन लेने के लिए कमरे से बाहर चली गई। आरोपी दयानंद, जो मोगा में मजदूरी करता था, काफी समय से इसी इलाके में रह रहा था। वह इस ताक में था कि कब बच्ची अकेली मिले। कमरे को सूना और बच्ची को अकेला पाकर वह चुपके से कमरे के भीतर दाखिल हो गया।



**हवस का शिकार बनाने की कोशिश और बच्ची का शोर:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी अकसर बच्चियों को लेकर गंदी नीयत रखता था। उस दिन जैसे ही उसे मौका मिला तो उसने बच्ची को दबोच लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। इस अचानक हुए हमले से बच्ची घबरा गई और उसने खुद को बचाने के लिए शोर मचाना शुरू किया। इस पर आरोपी के हाथ-पांव फूल गए। उसे डर सताने लगा कि अगर किसी ने आवाज सुन ली तो वह पकड़ा जाएगा।

**राज खुलने के डर से पंखे से लटकाया:** आरोपी ने पुलिस पूछताछ में कहा कि जब बच्ची ने चिल्लाकर अपनी मां को बुलाने और उसका नाम उजागर करने की बात कही, तो उसने पहले बच्ची का गला घोंटने की कोशिश की और फिर कमरे में लगे पंखे से फंदा बांधकर उस पर लटका दिया। उसने ऐसा इसलिए किया ताकि सबको यह लगे कि बच्ची ने खुदकुशी की है और उसका नाम कभी सामने न आ पाए। वह यह सोच रहा था कि बच्ची मर जाएगी तो राज हमेशा के लिए दफन हो जाएगा।

**शोर मचाने पर फंदे से लटकाया, इलाज के दौरान मौत, झारखंड भागने की फिराक में था आरोपी**

**बड़ी बहन जब वापस लौटी तो उड़ गए होश:** कुछ ही देर बाद जब बच्ची की बड़ी बहन अपनी मां से मोबाइल लेकर वापस किराए के कमरे पर पहुंची, तो उसने देखा कि उसकी छोटी बहन फंदे से लटक रही थी। यह देखकर वह जोर-जोर से चीखने-चिल्लाने लगी। उसकी चीखें सुनकर आसपास के घरों में रहने वाले लोग और पड़ोस की एक इमारत में काम कर रहे मजदूर तुरंत मौके पर पहुंचे।

जब पड़ोसी और मजदूर कमरे के अंदर पहुंचे, तो उन्होंने तुरंत बच्ची को फंदे से नीचे उतारा। जब बच्ची को नीचे उतारा गया, तब उसकी सांसें चल रही थीं। लोग उसे गोद में उठाकर मोगा के सरकारी अस्पताल की तरफ भागे। अस्पताल पहुंचने से ठीक पहले उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# मल्टी मॉडल हब में गेट संख्या-2 से ही निकलेंगी बसें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना जंक्शन स्थित मल्टी मॉडल हब में निजी बस पार्किंग के लिए एक अलग स्थान चिन्हित किए जाएंगे। सभी सरकारी और निजी बस एग्जिट गेट संख्या- 2 से ही निकलेंगे। ये अनिवार्य किया गया है। वहीं, बसों को एग्जिट गेट के 12 मीटर पहले पार्क करना होगा। मल्टी मॉडल हब से निकलने के बाद जीपीओ तक कोई भी बस नहीं रुकेगी। अगर किसी भी बस को अनावश्यक रूप से पार्क किया जाएगा और प्रवेश द्वार के समीप खड़ा किया जाएगा, तो उस स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक यशपाल मीणा ने ये आदेश जारी किया है।

**बसों में प्रेशर हॉर्न की जांच की जाएगी:** इसके साथ ही सभी बसों में प्रेशर हॉर्न की जांच की जाएगी। किसी भी तरह की गडबड़ी पर मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार दंड दिया जाएगा। यात्री आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रवेश द्वार पर ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त पटना जंक्शन की दिशा में आने-जाने वाले यात्रियों के लिए आवागमन मार्ग को हर परिस्थिति में बाधारहित बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**मल्टी मॉडल हब प्रशासन, बस स्वामियों का बनेगा कॉमन व्हाट्सएप ग्रुप:** सभी निजी बस स्वामियों को अपने आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और संबंधित वाहनों के पंजीयन एवं परमिट दस्तावेजों का सत्यापन एक सप्ताह के अंदर पूरा कराने का निर्देश दिया गया है।



इसके लिए अधिकृत नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संचालन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निजी बस स्वामियों का मल्टी मॉडल हब प्रशासन के साथ एक कॉमन व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। मल्टी मॉडल हब परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध पार्किंग, अनधिकृत वाहन प्रवेश और सार्वजनिक शांति भंग करने वाली गतिविधियों को गंभीरता से लिया जाएगा। इसमें दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी और आर्थिक दंड में लगेंगे।

# पीएमसीएच के गाड्र्स ने मरीज और परिजन को पीटा, 2 का सिर फटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में गुरुवार सुबह बाइक पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। गाड्र्स ने मरीजों और उनके परिजनों के साथ मारपीट की। दो लोगों का सिर फट गया, जबकि एक महिला के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना इमरजेंसी वार्ड के पास पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद उस समय शुरू हुआ जब बिहटा के कंचनपुर निवासी विमल कुमार सुबह करीब 10:30 बजे अपनी बाइक इमरजेंसी के पास पार्क कर रहे थे। वहां मौजूद गाड्र्स ने उन्हें रोका, जिसके बाद कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया।

आरोप है कि कुछ ही देर में कई गाड्र्स ने विमल कुमार पर हमला कर दिया और उनकी पिटाई की। मारपीट इतनी गंभीर थी कि विमल का सिर फट गया और वह सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायल विमल काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। इस दौरान भी गाड्र्स का आक्रामक रवैया बना रहा। घटना के समय पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद थे, जिससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। विरोध करने पर प्रेम कुमार को भी पीटा घटना के दौरान वहां मौजूद अन्य लोगों ने जब गाड्र्स का विरोध किया तो मामला और बिगड़ गया। पटना के भट्टाचार्य इलाके के रहने वाले प्रेम कुमार अपनी पत्नी का इलाज कराने PMCH पहुंचे थे। उन्होंने घायल विमल कुमार के साथ हो रही मारपीट का विरोध किया और बीच-बचाव की कोशिश की। गाड्र्स ने प्रेम कुमार को भी नहीं बख्शा। उनके साथ भी जमकर मारपीट की गई, जिसमें उनका सिर फट गया। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। कई लोगों ने आरोप लगाया कि PMCH में आए दिन गार्ड मरीजों और उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। महिला के साथ धक्का-मुक्की मारपीट के दौरान सोनपुर की रहने वाली संगीता कुमारी ने जब घायल लोगों को बचाने और विवाद शांत कराने की कोशिश की, तो उनके साथ भी बदसलूकी की गई।



**इमरजेंसी वार्ड के पास बाइक पार्किंग को लेकर हुई कहासुनी**

## पटना नगर निगम 12 नए टैंकर किराए पर लेगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में तेज धूप और गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। ऐसी स्थिति में पटना नगर निगम ने पेयजल व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। अब 7 हजार लीटर वाले वाटर टैंकर लोगों की प्यास बुझाएंगे। शहर में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी 186 पंप हाउसों के संचालन की रेगुलर जांच करने के निर्देश हैं। पटना नगर निगम के पास वर्तमान में करीब 120 किलोमीटर लंबा पाइपलाइन नेटवर्क मौजूद है। पटना नगर निगम के पास वर्तमान में 3600 लीटर क्षमता के कुल 13 वाटर टैंकर संचालित हैं। पेयजल मांग को देखते हुए नगर आयुक्त ने अतिरिक्त टैंकर किराए पर लेकर इनकी संख्या बढ़ाकर 25 करने का निर्देश दिया है। साथ ही भीड़-भाड़ वाले और अधिक आवश्यकता वाले क्षेत्रों में टैंकर तैनात करने को कहा गया है।



♦ 7 हजार लीटर वाले टैंकर शहर के चौक-चौराहों पर रहेंगे


नगर आयुक्त ने वाटर टैंकरों की नियमित सफाई, प्रतिदिन ताजा पानी भरने और पानी को दूषित होने से बचाने के लिए सभी टैंकरों के ढक्कनों को लॉक रखने के निर्देश भी दिए हैं। 3 से 4 टैंकर रिजर्व हैं, जिन्हें गांधी मैदान, शहर के बड़े आयोजनों, परीक्षा केंद्रों और किसी क्षेत्र में बोरिंग खराब होने की स्थिति में आवश्यकतानुसार भेजा जाता है।

# पीएमसीएच में इलाज से पहले लगाने पड़ते चक्कर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पीएमसीएच में मरीजों को इलाज से पहले लंबी मशक्कत करनी पड़ रही है। रजिस्ट्रेशन, जांच और दवा लेने के लिए उन्हें अस्पताल परिसर में कई भवनों और मंजिलों के बीच बार-बार आना-जाना पड़ता है। भीषण गर्मी में यह समस्या मरीजों की परेशानी और बढ़ा रही है। इस व्यवस्था से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों और गंभीर मरीजों को विशेष परेशानी हो रही है। मरीजों और उनके परिजनों के अनुसार, डॉक्टरों से इलाज मिलने में बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन अस्पताल की अव्यवस्थित प्रणाली के कारण पूरा दिन परिसर में भटकते हुए निकल जाता है, जिससे इलाज कराना मुश्किल हो जाता है। पीएमसीएच पहुंचने वाले मरीजों की मुश्किलें अस्पताल के प्रवेश द्वार से ही शुरू हो जाती हैं। निजी वाहन से आने वाले अधिकांश मरीजों को अपनी गाड़ियां अस्पताल परिसर से बाहर ही खड़ी करनी पड़ती हैं।

**जांच करानी हो तो और भी परेशानी होती है:** उदाहरण के लिए, जेपी गंगा पथ की ओर से आने वाले मरीजों को पुल के पास वाहन पार्क करने के बाद राजेंद्र सर्जिकल वार्ड स्थित रजिस्ट्रेशन काउंटर तक पहुंचने के लिए लगभग आधा किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। तेज धूप और उमस में यह दूरी मरीजों के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाती है। रजिस्ट्रेशन के बाद मरीजों को मुख्य अस्पताल भवन स्थित ओपीडी तक जाना होता है। यहां डॉक्टर को दिखाने के लिए उन्हें लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई मरीजों ने बताया कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद नंबर आने में काफी समय लग जाता है। यदि डॉक्टर एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड या अन्य रेडियोलॉजी जांच लिखते हैं, तो मरीजों को अस्पताल परिसर की दूसरी छोर पर स्थित रेडियोलॉजी विभाग जाना पड़ता है। मरीजों के मुताबिक, ओपीडी से रेडियोलॉजी विभाग तक पहुंचने में भी लगभग आधा किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।




**कई बार लिफ्ट बंद होती, सीढ़ियों से जाना होता:** यदि ब्लड जांच लिखी गई हो तो मरीजों को फिर सीयूबी भवन जाना पड़ता है। यहां जांच की सुविधा छठी मंजिल पर है। लिफ्ट में अधिक भीड़ और कई बार लिफ्ट बंद रहने के कारण मरीजों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह परेशानी का सबब बन जाता है। डॉक्टर से परामर्श और जांच रिपोर्ट दिखाने के बाद मरीजों को मुफ्त दवा लेने के लिए मुख्य अस्पताल भवन के पांचवें तल्ले तक जाना पड़ता है। इलाज से ज्यादा थका रही अस्पताल की व्यवस्था मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि इलाज की प्रक्रिया से ज्यादा थकाने वाला अस्पताल का एक भवन से दूसरे भवन तक का सफर है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी के कथित दुरूपयोग के खिलाफ वामदल 29 से करेंगे राज्यव्यापी प्रदर्शन




**रांची।** माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य और विपक्ष के नेता पिनराई विजयन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के खिलाफ वामदलों ने आलोचना की है। इस संबंध में वामदलों ने कहा है कि ईडी की कथित रूप से हो रहे दुरुपयोग के खिलाफ वामदल 29 मई से 01 जून पूरे राज्य भर में प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी की ओर से कहा गया है कि पिनराई विजयन के घर पर की गई छापेमारी राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। भाजपा यह भ्रम न पाले कि इन कार्रवाइयों के जरिए वह पिनराई विजयन, उनके आंदोलन या वामपंथ को कमजोर कर सकती है। माकपा की ओर से गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है पिछले कुछ वर्षों से राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को हथियार बनाना भाजपा की नीतिगत प्रवृत्ति बन गई है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस के समर्थन से भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई भी इसी प्रकार की थी। आपातकाल के दौर से लेकर अब तक उनके खिलाफ हुई अनगिनत राजनीतिक प्रतिशोधात्मक कार्रवाइयों का यह नया अध्याय है। सीएमआरएल से जुड़े किसी भी मामले की किसी भी रूप में जांच करने में कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन यह भी स्पष्ट है कि लगातार की जा रही ये कार्रवाइयां राजनीतिक प्रेरणा से संचालित हैं और इस तथ्य की ओर उच्च न्यायालयों ने भी संकेत किया है। वामदलों ने इस हमले के खिलाफ झारखंड के सभी वर्गों से पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आह्वान किया है।

### प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो अमृत होरो गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो अमृत होरो उर्फ मेचो को लापुंग क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। अमृत पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, रांची एसएसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में पुलिस की स्पेशल टीम ने अमृत को लापुंग से गिरफ्तार किया। वह पीएलएफआई का शीर्ष कमांडर था और संगठन का नेतृत्व कर रहा था। एनआईए के जरिए पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी और फिर गुमला में मार्टिन केरकेटा के एनकाउंटर के बाद अमृत होरो को संगठन का सुप्रीमो बनाया गया था।गिरफ्तारी के बाद पुलिस अमृत से संगठन के नेटवर्क, हथियारों की सप्लाई और अन्य उग्रवादियों के ठिकानों की जानकारी ले रही है।

### रघुवर दास के पूर्व पीए अंजन सरकार ने की पूजा अर्चना



**खूंटी।** खूंटी जिला स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा आम्रेश्वर धाम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के निजी सहायक अंजन सरकार गुरुवार को अपने परिवार के साथ पहुंचे। इस दौरान आंजन सरकार ने बाबा आम्रेश्वर धाम में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और भगवान से राज्यवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंदिर परिसर में उन्होंने श्रद्धापूर्वक दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली और विकास के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर काशीनाथ महतो भी मौजूद रहे। उन्होंने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया और धार्मिक आस्था के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### जल-जंगल-जमीन संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**खूंटी।** झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क सारथी और लोक स्वर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सारथी नेटवर्क के वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर खूंटी प्रखंड के सिल्दा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिल्दा, डांडोल, डुंगरा, कलामाटी एवं चालागी गांवों के ग्राम प्रधान, महिला समूहों की नेत्रियां, किशोरी समूह की सदस्याएं, वार्ड सदस्य, सहिया एवं सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान फोकस ग्रुप डिस्कशन (एफजीडी) आयोजित कर बढ़ते तापमान, हीट वेव, जल संरक्षण, जंगल और जमीन की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने झारखंड की पहचान जल-जंगल-जमीन को सुरक्षित रखने के लिए सामुदायिक स्तर पर पहल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। लोक स्वर की सचिव शालिनी समवेदना ने सारथी नेटवर्क की सोच और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सारथी झारखंड के विभिन्न हिस्सों में कार्यरत 43 सामाजिक संगठनों का साझा नेटवर्क है, जो न्यायपूर्ण बदलाव, पर्यावरण संरक्षण एवं समुदाय आधारित विकास के लिए कार्य कर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक स्वर के समन्वयक गुंजन बेदिया, फील्ड कोऑर्डिनेटर सुमन सनीचरेया और बिट्टू सहित महिला समूह सदस्य हीरा देवी, प्रियंका, सुमितरा देवी एवं गांव के सरकारी विद्यालय के शिक्षक दिनेश ने प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ती गर्मी का प्रभाव ग्रामीण जीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, इसलिए समुदाय को संगठित होकर जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा के लिए आगे आना होगा।

### जल संरक्षण और पौधारोपण को लेकर एकल अभियान की बैठक



**खूंटी।** एकल अभियान मुरहू संच समिति की बैठक गुरुकवार को सरस्वती शिशु मंदिर कोड़ाकेल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संच अध्यक्ष डॉ डीएन तिवारी ने की। बैठक में डॉ तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में सभी लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होने और पानी की बर्बादी रोकने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि एकल अभियान के तहत 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न गांवों में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा। समिति की ओर से आम, कटहल, लीची, अनार, आंवला, नींबू सहित अन्य फलदार पौधे मंगाए जाएंगे। परिवहन और यातायात खर्च को देखते हुए प्रति पौधा 10 रुपये सहयोग राशि ली जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 05 जून से पौधारोपण अभियान शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों के स्वास्थ्य संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गांवों में प्रशिक्षकों की ओर से योग कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। बैठक में जयसिंह मुंडा, महेंद्र नाग, ध्रुवेंद्र भास्कर, दुर्गावती देवी, ओमपति देवी, सुधा कुमारी, मनीषा कुमारी सहित कई आचार्य उपस्थित थे।

# रांची सहित पूरे झारखंड में धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाई गई बकरीद

**एजेंसी। रांची**

रांची सहित पूरे झारखंड में ईद-उल अजहा यानी बकरीद धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाई गई। सुबह से ही शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ लगी रही। लोगों ने नए कपड़े पहनकर ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी और अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। शहर के मेन रोड स्थित जामा मस्जिद, हिंदपीढ़ी, डोरंडा, कांके, बरियातू, नामकुम, हरमू रोड और कडरू, कांटा टोली सहित कई इलाकों की मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। ईदगाहों के बाहर भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। नमाज के दौरान इमामों ने कुर्बानी के महत्व, त्याग, इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बकरीद केवल कुर्बानी का पर्व नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद और समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का भी संदेश देता है। नमाज के बाद लोगों ने अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों से मुलाकात की। मौके पर रांची ईदगाह के मौलाना असगर मिस्बाही ने कहा कि हिंदुस्तान में अमन-चैन बना





रहे, सभी लोग खुशहाल रहें और देश में भाईचारा कायम रहे, इसे लेकर अल्लाह से विशेष दुआ की गई है। वहीं, मौजूद आम नमाजियों ने भी कहा कि भारत गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है और इस परंपरा को मजबूत बनाए रखने की दुआ मांगी गई है। इस दौरान प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस-प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। वहीं, एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि बकरीद पर्व को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए है। सभी ईदगाहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना तहत लाभुकों में वितरित किए गए सुकर




**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

जिले के सदर प्रखंड परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच सुकर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को पशुपालन से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य लालमुनी पुरती, जिला परिषद सदस्य राजश्री सवैया, प्रमुख मंजू देवगम और प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ पूनम सोरेन मुख्य रूप से मौजूद थीं। योजना के अंतर्गत 75 से 90 प्रतिशत अनुदान पर पांच लाभुकों को सुकर उपलब्ध कराया गया। इससे ग्रामीणों को कम लागत में पशुपालन शुरू करने का अवसर मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। लाभुकों में पुराना चाईबासा के अजीत देवगम, करकटा के विजय सिंह सुंडी, सिंहपोखरिया की सुगन्धि देवगम, पांडवीर की जानो कुई और नरसंडा के गोनो सुंडी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान विजय सिंह देवगम, विवेक पूर्ति, शांति देवगम, मनकी देवगम, रमेश सुंडी, सनी देवगम और महांति देवगम सहित कई ग्रामीण और लाभुक उपस्थित थे। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और पशुपालन को रोजगार के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## चाईबासा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिला में मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्योहार बकरीद गुरुवार (जुमरात) को शहर चाईबासा में हर्षोल्लास, भाईचारे और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ मांगी। शहर के मस्जिद ए तैयबा, मस्जिद ए आसरा, मदीना मस्जिद, मदरसा रहमानिया, मदरसा अनवारुल उलूम तथा ईदगाह चाईबासा में विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने देश और दुनिया में शांति, भाईचारे और सौहार्द कायम रहने की दुआ की। ईदगाह चाईबासा में अंजुमन इस्लामिया की ओर से विशेष नमाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर चाईबासा बहामन टूटी, सदर थाना प्रभारी हीरालाल महतो तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार उपस्थित थे। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सचिव फैयाज खान ने कहा कि बकरीद मुस्लिम समुदाय का पवित्र कुर्बानी का त्योहार है। यह पर्व हमें त्याग, प्रेम और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हम अल्लाह ताला से दुआ करते हैं कि पूरी दुनिया में अमन, चैन और शांति बनी रहे तथा लोग आपसी भाईचारे और सम्मान के साथ रहें। पूरे शहर में बकरीद को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। नमाज के बाद लोगों ने अपने घरों और रिश्तेदारों के यहां जाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

## झारखंड में बारिश को लेकर 29 को ऑरेंज अलर्ट,बादल छाने से तापमान में 02 डिग्री की गिरावट

**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान बादल छाने और ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 02 से 03 डिग्री के गिरावट दर्ज की गई है। रांची में अधिकतम तापमान 39 डिग्री से गिरकर 37 डिग्री, पलामू में 45 डिग्री से गिरकर 43 डिग्री और जमशेदपुर में भी भी अधिकतम तापमान गिरकर 39 डिग्री से 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि आने वाले चार-पांच दिनों तक रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। बारिश होने से अधिकतम तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। विभाग ने 29 मई को भी राज्य के उत्तर पश्चिम जिले (गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा) को छोड़कर शेष 20 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 43.5 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान खूंटी में 21.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मंझारी में 49.3 मिलीमीटर रिकार्ड की गई। राज्य के जिन अन्य इलाकों में भी बारिश दर्ज की गई उनमें मझगांव में 35.2



मिमी, खूंटी जिले के दियाकेल में 28 मिमी, चाईबासा में 23.8 मिमी, तांतनगर में 20.2 मिमी, बोकारो थर्मल में 15.8 मिलीमीटर, नीमडीह में 12.6 मिमी और मनोहरपुर में 10.6 मिमी सहित अन्य शामिल हैं। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। कड़ी धूप के कारण लोगों को भीषण गर्मी महसूस हुई। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 22.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 47.8 और न्यूनतम 23.2 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.2 डिग्री और न्यूनतम 23.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## टीएमएच में बकाया बिल के कारण रोका शव, भाजपा नेता से वार्ता के बाद छोडा



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के लूआबसा जुरू गोप (45) की इलाज के दौरान मौत के बाद उनके परिजनों को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब टाटा मेन अस्पताल (टीएमएच) प्रबंधन ने करीब दो लाख रुपये का बकाया बिल जमा होने तक शव सौंपने से इनकार कर दिया। आर्थिक रूप से टूट चुके परिवार के लिए यह स्थिति बेहद दर्दनाक बन गई थी। वहीं नाराज मृतक के परिजनों ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी करने लगे। जानकारी के अनुसार, पांच दिन पूर्व छत से गिरने के कारण जुरू गोप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान परिवार ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये अस्पताल में जमा किए। इसके लिए घर और गहने तक गिरवी रखने पड़े। बावजूद इसके बुधवार को इलाज के दौरान जुरू गोप की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने बताया कि पिता की मौत के बाद अस्पताल ने दो लाख रुपये का अतिरिक्त बिल थमा दिया और भुगतान नहीं होने तक शव देने से मना कर दिया। इसके बाद परिजनों ने भाजपा समर्थित नेता विमल बैठा से मदद मांगी। सूचना मिलते ही वे गुरुवार को अस्पताल पहुंचे और प्रबंधन से वार्ता कर परिवार की माली हालत से अवगत कराया। काफी बातचीत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मानवीय आधार पर पूरा बकाया बिल माफ कर दिया। इसके बाद शव परिजनों को सौंपा गया और देर शाम लूआबसा में अंतिम संस्कार किया गया।

## जमशेदपुर में अकीदत और भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार गुरुवार को जमशेदपुर शहर में पूरी धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अल्लाह की इबादत कर देश-दुनिया में अमन, चैन, तरक्की और इंसानियत कायम रहने की दुआ मांगी। मानगो ईदगाह, आमबगान ईदगाह, जुगसलाई ईदगाह, कपाली ईदगाह, धतकीडीह, सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर, परसुडीह और गोलमुरी सहित शहर के कई इलाकों में सुबह से ही त्योहार की रौनक देखने को मिली। नए कपड़े पहनकर बच्चे, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में नमाज अदा करने पहुंचे। ईदगाहों के आसपास लोगों की चहल-पहल बनी रही और इत्र की खुशबू से पूरा वातावरण महक उठा। ईद की नमाज के दौरान पेश इमामों ने अपने खुतबे में हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी का जिक्र करते हुए लोगों



को त्याग, सब्र, इंसानियत और अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम अपने बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बान करने के लिए तैयार हो गए थे, लेकिन अल्लाह ने उनकी सच्ची नीयत देखकर हजरत इस्माइल की जगह एक दुंबे की कुर्बानी कबूल कर ली। इसी याद में हर वर्ष ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। इमामों ने अपने संबोधन में समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही लोगों से गरीबों, जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों की मदद करने का संदेश दिया। नमाज समाप्त होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चे और युवाओं में त्योहार को लेकर खास उत्साह देखा गया। शहर के विभिन्न इलाकों में सुबह से कुर्बानी का सिलसिला भी शुरू हो गया। इस्लामी परंपरा के अनुसार लोगों ने कुर्बानी देकर उसका हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों के बीच बांटा। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों और मुस्लिम कमेटियों की ओर से जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री और सहायता उपलब्ध कराई गई। बकरीद के मौके पर घरों में सेवइयां, बिरयानी, कबाब और अन्य पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए। लोग अपने रिश्तेदारों और परिचितों के घर पहुंचकर एक-दूसरे को मुबारकबाद देते रहे। मानगो, जुगसलाई, सोनारी और धतकीडीह इलाके में दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहा और त्योहार की रौनक देखने को मिली। त्योहार को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शहर के संवेदनशील इलाकों, ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं नगर निगम की ओर से ईदगाहों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई तथा पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे शहर में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ।

## सारंडा में हाथियों से पीड़ित ग्रामीणों को मिला मुआवजा

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वन प्रमंडल की ओर से गुरुवार को हाथी पीड़ित ग्रामीणों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया गया। डीएफओ अविरूप सिन्हा के नेतृत्व में ससंगदा रेंज अंतर्गत भनगांव और नवागांव के ग्रामीणों को सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम ससंगदा रेंज कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां हाथियों के हमले में घर टूटने, फसल बर्बाद होने और जानमाल की क्षति झेलने वाले ग्रामीणों को लाखों रुपये के चेक सौंपे गए। इस अवसर पर मुखिया लिपि मुंडा की मौजूदगी में वन विभाग के अधिकारियों ने शंकर पांडेय, बलदेव हेंब्रम, अमुश हेंब्रम, सुनील सुंडी, शालिनी कण्डुलना और बासुदेव बिरुआ ने लाभुकों को मुआवजा राशि वितरित की। सहायता मिलने के बाद ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए वन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। वन विभाग ने बताया कि हाथियों के हमले में जिन ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हुए थे, उन्हें निर्धारित मुआवजा राशि दी गई। कुंजो नायक को 1 लाख 31 हजार 456 रुपये, रासाय सिन्दूर को 1 लाख 31 हजार 170 रुपये, बासमती देवी को 1 लाख 32 हजार 2 रुपये, परमिडा देवी को 1 लाख 31 हजार 300 रुपये तथा मिथुन नायक को 1 लाख 31 हजार 352 रुपये की सहायता प्रदान की गई। फसल नुकसान







झेलने वाले किसानों को भी राहत दी गई। धर्मी देवी को 7 हजार 897 रुपये, राम सिद्धू को 2 हजार 633 रुपये तथा बिश्वनाथ सिंह को 4 हजार 17 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। वन विभाग ने कई लाभुकों के बैंक खातों में सीधे मुआवजा राशि ट्रांसफर की। इनमें मेजरी चंपिया, नंदी सिधु, रंजीता देवी, रवींद्र मुंडा, सुकराम सुरीन, मणि तोरकोड, नरसिंह तोरकोड, मुकरू सिधु और बागी सिधु सहित कई ग्रामीणों के खातों में कुल 11 लाख 81 हजार 570 रुपये भेजे गए। वन विभाग के अनुसार हाथी प्रभावित ग्रामीणों को कुल 22 लाख 53 हजार 397 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। यह मुआवजा घर क्षति, फसल नुकसान और हाथी हमले में हुई मौत के मामलों में दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से वन्यजीवों और वनों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि हाथियों की गतिविधियों की जानकारी तुरंत विभाग को दें और किसी भी स्थिति में हाथियों के साथ छेड़छाड़ न करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखना ही सबसे बेहतर उपाय है। विभाग ने कहा कि मानव और वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए ग्रामीणों की भागीदारी बेहद जरूरी है और वन विभाग लगातार प्रभावित परिवारों की सहायता एवं सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



परसूडीह थाना क्षेत्र की कीताडीह स्थित माखन गली में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुन्ना तामसोय को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार होने से पहले आरोपित की सदर अस्पताल में पूरी मेडिकल जांच कराई गई। पुलिस और परिजनों के मुताबिक, मुन्ना मूल रूप से चाईबासा के मंझारी थाना इलाके का निवासी है और फिलहाल कीताडीह में किराये के कमरे में रह रहा था। मंगलवार रात बिजली कटने और गर्मी के कारण जब किशोरी घर के बाहर थी, तो आरोपित ने उसे अकेला पाकर जबरन खींचकर अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। पीड़िता घर लौटकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद आक्रोशित परिजन आरोपित को पकड़ने का प्रयास करने लगे, लेकिन वह भागने में सफल रहा। पुलिस ने जानकारी के बाद आरोपित की तलाश की और उसे टाटानगर स्टेशन से गिरफ्तार किया, जहां वह शहर छोड़कर भागने की तैयारी में था। गिरफ्तार कर हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उसकी मेडिकल जांच सुनिश्चित करवाई और गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। परसूडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा कि मामले में कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी और आरोपित को जल्द से जल्द सख्त सजा दिलाने का प्रयास जारी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिलग्राम ईओ भूसा आपूर्ति कमीशन मामले में फंसे, प्रशासन ने शासन को भेजी रिपोर्ट

**हरदोई एजेंसी।** गोशाला में भूसा आपूर्ति में कमीशन का घालमेल उजागर हुआ है। नगर पालिका परिषद बिलग्राम के अधिशासी अधिकारी नीलाव शाल्या का कथित रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ है। गोशाला में गायों के लिए भूसा आपूर्ति के भुगतान के एवज में कमीशन लेने के आरोपों की जांच में वीडियो की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेज दी है। वीडियो में कथित रुपयों की गड्डी बाइक की डिग्गी में रखते हुए पुराना वाला बाद में दे देना और कुल तीन लाख देंगे जैसी बातें सुनाई दे रही हैं। गोशालाओं में गायों के भूसे के नाम पर कमीशनखोरी के आरोप पहले भी सामने आते रहे हैं, लेकिन बिलग्राम नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नीलाव शाल्या का वायरल वीडियो इस बार पूरे मामले की परतें खोलता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो में रुपये लेते हुए दिखाई दे रहे ईओ अब जांच के घेरे में आ गए हैं। भूसा आपूर्ति के भुगतान के एवज में कमीशन लेने के आरोपों को लेकर शासन स्तर से जांच कराई गई। जांच अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूनम भास्कर ने की।

### अनुपमा तो हमेशा कॉटन की साड़ी में ही घूमती है: रूपाली गांगुली

**मुंबई, एजेंसी।** स्टार प्लस के फैशन स्पेशल 'फैशन के रंग, रिश्तों के संग' को लेकर पहले से ही काफी चर्चा हो रही है। खबरों की मानें तो चैनल इस इवेंट को टेलीविजन का अपना 'मेट-गाला' बनाने की तैयारी में है। 1 जून को शाम 7 बजे टेलीकास्ट होने वाला यह स्पेशल इवेंट फैशन, एंटरटेनमेंट और मजेदार पलों से भरपूर होने वाला है, जहां पूरा स्टार परिवार एक साथ नजर आएगा। इस खास इवेंट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है क्योंकि इस बार टीवी सितारे अपने ऑनस्क्रीन किरदारों से बिल्कुल अलग अंदाज में दिखाई देंगे। रोजाना के सिंपल लुक्स से हटकर कई एक्टर्स स्टेट-इंस्पायर्ड आउटफिट्स में रैंप वॉक करते नजर आएंगे, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता को सेलिब्रेट करेंगे। प्रेम और राही गुजराती लुक में गुजरात को रिप्रेजेंट करेंगे, सायली और सचिन महाराष्ट्र की झलक दिखाएंगे। अरमान और अभीरा राजस्थान की रंगीन संस्कृति को पेश करेंगे। सृति और शब्बीर मध्य प्रदेश को रिप्रेजेंट करेंगे, वहीं अंगद और वृंदा भी गुजराती-इंस्पायर्ड आउटफिट्स में नजर आएंगे। हालांकि, इस पूरे इवेंट में जिस बात ने सबसे ज्यादा लोगों का ध्यान खींचा है, वह है रूपाली गांगुली का बिल्कुल अलग और ग्लैमरस अंदाज। अपने आइकॉनिक किरदार अनुपमा से हटकर नए लुक में नजर आने को लेकर रूपाली ने इवेंट शूट के दौरान कहा, द्वफ्रमैंने कुछ दिन पहले एक मेट गाला वाला पोस्ट डाला था। मुझे बहुत मजा आ रहा था जब फैंस अपने कॉस्ट्यूम्स को मेट -गाला लुक्स में बदल रहे थे। उसी से स्टार प्लस वालों को भी यह आइडिया आया।

### सूरत में घरेलू कलह के बाद 13 साल की किशोरी ने चौथी मंजिल से लगाई छलांग, मौत

**सूरत एजेंसी।** गुजरात के सूरत जिले के ग्रामीण इलाके कडोदरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 13 साल की किशोरी ने इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जांच में घरेलू कलह को घटना की वजह माना जा रहा है। घटना का पूरा मंजर इमारत में लगे कैमरे में कैद हो गया। फुटेज में देखा गया कि किशोरी इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर पहुंची और छत की रेलिंग के पास खड़ी हो गई। उसके इरादों को भांपते ही आसपास मौजूद लोग उसे बचाने के लिए तेजी से छत की ओर दौड़े, लेकिन इससे पहले कि कोई उसे पकड़ पाता, उसने छलांग लगा दी। कहासुनी के बाद किशोरी ने की आत्महत्या घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों और परिजनों ने गंभीर रूप से घायल किशोरी को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन ज्यादा चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना से कुछ देर पहले घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी।

# पहाड़ों पर सैलानी के चलते नैनीताल-मसूरी में उमड़ा सैलाब

## हिमाचल में भी भीषण ट्रैफिक जाम छुड़ा रहा पर्यटकों के पसीने

**शिमला एजेंसी।** उत्तर भारत में आसमान से बरस रही आग से राहत पाने के लिए सैलानी पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। उत्तराखंड के पर्यटन स्थल पर्यटकों से पैक हैं।



मैदानी क्षेत्रों से मसूरी, नैनीताल, धनौल्टी, चकराता, रानीखेत, टिहरी, औली में समान्य दिनों की तुलना में अधिक पर्यटक उमड़ रहे हैं। ऐसे में ट्रैफिक जाम पहाड़ों में पर्यटकों का पसीना छुड़ा रहा है।

मसूरी और नैनीताल में लग रहे जाम से पर्यटकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि भीड़ बढ़ने पर दोनों पर्यटन स्थलों से शटल सेवा की व्यवस्था भी की गई है। मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती तपिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन परवान चढ़ चुका है।

बुधवार को नैनीताल में ही करीब सात हजार से अधिक सैलानियों के पहुंचने का अनुमान है। वीकेंड न होने से यद्यपि मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सामान्य रही, लेकिन शहर में माल रोड सहित आंतरिक सड़कों पर यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। पार्किंग स्थलों के अभाव के कारण समस्या बढ़ी। मस्जिद चौराहा, चिड़ियाघर रोड, मेट्रोपोल रोड में कई बार जाम लगा। हल्द्वानी, कालाढूंगी और भवाली मार्ग पर यातायात रेंगता नजर आया।

नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पीआरओ रुचिर साह के अनुसार कैंची धाम के प्रति बढ़ती आस्था की वजह से इस बार गुजरात का पर्यटक अधिक आ रहा है।

मसूरी में भी बुधवार को होटल, गेस्ट हाउस पैक रहे। कंपनी गार्डन व कैम्पटी फाल में दिनभर पर्यटकों का तांता लगा रहा। मसूरी माल रोड में पर्यटक वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी रही। मसूरी-धनौल्टी मार्ग पर बुधवार को कई बार जाम की स्थिति आई। टिहरी झील भी पर्यटकों से गुलजार है। मीडिया के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में काफी पर्यटकों पहुंच रहे है। शिमला और मनाली में पर्यटक जाम से परेशान हैं। रोहतांग दर्रे पर माइनस तापमान में पर्यटक बर्फ में मस्ती कर रहे हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने में कई स्थानों पर जाम पसीना निकाल रहा है। 1200 पर्यटक वाहनों को ही रोहतांग जाने की अनुमति है। सुबह जब एक साथ इतने वाहन रोहतांग का रुख करते हैं तो जाम लग जाता है।

# 12 जून से फरीदाबाद-गुरुग्राम के 4 टोल हो सकते हैं फ्री, विधायक ने भी की मांग

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद से गुरुग्राम और सोहना हर दिन आने-जाने वाले एक लाख से अधिक लोगों को टोल टैक्स से अगले महीने राहत मिल सकती है। टोल वसूली करने वाली रिलायंस कंपनी का करने का समय 31 मई 2026 तक तय किया गया था। लेकिन कंपनी ने कई कारण गिनाते हुए 12 जून तक इसे बढ़ाने के लिए कहा, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इतना ही नहीं अब कंपनी वसूली की समय-सीमा



करार 12 जून को पूरा हो रहा है। हालांकि, कंपनी ने करार आगे बरकरार रखने की अनुमति प्रदेश सरकार से मांगी है जो अभी विचाराधीन है। उधर, बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर टोल हटाने की मांग की है। करार आगे न बढ़ाने का भी आग्रह किया है। इस परियोजना का नाम गुरुग्राम फरीदाबाद टोल रोड है। 2009 में इस परियोजना के तहत रिलायंस इंफ्रा कंपनी ने फरीदाबाद से गुरुग्राम और बल्लभगढ़ से सोहना तक सड़क बनाई गई थी। 2012 में यह काम पूरा हुआ जो रिलायंस कंपनी गुरुग्राम के बंधवाड़ी और नून्हेरा में और फरीदाबाद के पाखल और पॉली क्रेशर जोन में चार टोल लगाकर वसूली करने लगी। परियोजना के तहत बनी सड़क के रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी इसी कंपनी की है। वसूली और बढ़ाने के लिए सरकार से आग्रह कर रही है। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने इसका विरोध किया है और यह समय-सीमा न बढ़ाने की सिफारिश की है। 'अक्सर गुरुग्राम व सोहना आना-जाना होता है। टोल टैक्स देने के बावजूद वाहनों की लंबी लाइन में लगना पड़ता है। जब समय-सीमा खत्म हो गई है तो टोल भी हटना चाहिए। इससे हजारों वाहन चालकों को राहत मिलेगी।' 'फरीदाबाद के हजारों लोगों की रिश्तेदारी गुरुग्राम व सोहना में हैं। यहां से लोग नौकरी के लिए भी बड़ी संख्या में जाते हैं। इसलिए अब टोल हटना चाहिए। इससे लोगों की जेब पर बोझ कम होगा।' 'इस टोल प्लाजा की निर्धारित समय सीमा पूरी होने वाली है। ऐसे में यदि सरकार इसे आगे न बढ़ाकर बंद कर देती है तो यह जनहित में बेहद सराहनीय कदम होगा।

## अनंगपुर में शुरू हुई पीएलपीए-अरावली के जंगली क्षेत्रों की ग्राउंड ट्रुथिंग, 1500 मकानों की घर-घर जांच

**फरीदाबाद, एजेंसी।** अरावली और पीएलपीए क्षेत्र से जुड़े सुप्रीम कोर्ट में फॉरेस्ट मामले को लेकर गांव अनंगपुर में ग्राउंड ट्रुथिंग शुरू हो गई है। बुधवार को बड़खल के एसडीएम त्रिलोक चंद, तहसीलदार नेहा, वन विभाग के अधिकारी अफजल, राजस्व विभाग, बिजली विभाग और अन्य संबंधित विभागों की टीम गांव पहुंची। ग्रामीणों के साथ बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस और सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) के निर्देशों के अनुसार सैटेलाइट और गूगल इमेज सर्वे कराया गया था। इस सर्वे में गांव अनंगपुर के करीब 1500 मकान पीएलपीए आबादी क्षेत्र में चिन्हित किए गए हैं। अब इनकी वास्तविक स्थिति जानने के लिए ग्राउंड ट्रुथिंग की जाएगी। एसडीएम त्रिलोक चंद के निर्देश पर फारेस्ट विभाग, रेवेन्यू विभाग और अन्य विभागों की अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें अगले पांच दिनों तक घर-घर जाकर निरीक्षण करेंगी और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगी। प्रशासन का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। गांव के लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, बड़खल विधायक धनेश अदलखा और पार्षद वीरेंद्र भड़ाना बिंदे द्वारा ग्रामीणों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया था, जिसके अनुरूप अब सकारात्मक कार्रवाई होती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि गांव की वास्तविक आबादी और वर्षों पुराने मकानों की स्थिति स्पष्ट होने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। बता दें कि अनंगपुर, अनखीर, लक्कड़पुर और मेवला महाराजपुर गांव लंबे समय से पीएलपीए और अरावली क्षेत्र में अवैध निर्माण के आरोपों को लेकर चर्चा में रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 में पंजाब लैंड प्रिजर्वेशन एक्ट (पीएलपीए) के तहत संरक्षित जमीन को वन भूमि मानते हुए अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद हरियाणा सरकार द्वारा कराए गए सर्वे में चार गांवों में करीब 6793 अवैध निर्माण चिन्हित किए गए थे, जिनमें सबसे अधिक निर्माण अनंगपुर गांव में पाए गए। हाल के महीनों में फारेस्ट विभाग और जिला प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर तोड़फोड़ अभियान भी चलाया गया था। हालांकि, सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि वास्तविक आबादी वाले गांवों और व्यावसायिक अवैध निर्माणों में अंतर किया जाए, ताकि ग्रामीणों के अधिकार प्रभावित न हों।

# बंगाल से घुसपैठियों का पलायन: एक से दस साल तक जमे बांग्लादेशी नागरिक देश छोड़ने को मजबूर

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर स्थित हाकिमपुर चेकपोस्ट बार्डर पर पिछले दो दिनों से सीमा की ओर बढ़ते चेहरों में घबराहट है। जेल नहीं जाने के डर से घुसपैठिए परिवार सहित बंगाल छोड़ रहे हैं। सीमा की ओर जाते बच्चों की आंखों में अनिश्चितता और महिलाओं के हाथों में जल्दबाजी में बांधे गए कपड़ों के छोटे-छोटे बैग और प्लास्टिक की थैलियां दिखाई देती हैं। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद घुसपैठ और फर्जी दस्तावेजों के खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई की चर्चाओं ने उन परिवारों में भय पैदा कर दिया है, जो वर्षों से कोलकाता, बारासात, दमदम, हावड़ा और आसपास के इलाकों में रह रहे थे।



घुसपैठियों के लिए होल्डिंग सेंटर बनने के बाद से अवैध रूप से रहने वाले लोग आतंकित हैं। सूत्रों के मुताबिक घुसपैठिए पुष्टि होने के बाद उन्हें सीमा पार (पुश बैक) भेज दिया जा रहा है। इससे पहले एसआईआर और देश के अन्य राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान ऐसी स्थिति दिखी थीं।

दिलचस्प यह है कि इन चेहरों में सिर्फ डर नहीं, पछतावा भी दिखता है। कुछ लोग वर्षों से बंगाल में दैनिक कार्य का हिस्सा बन चुके थे। रिक्शा चलाने वाले, निर्माण मजदूर, घरेलू सहायिका और छोटे कारखानों में काम करने वाले इन लोगों ने शहरों के भीतर अपनी छोटी दुनिया बना ली थी।

सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात से लेकर सुबह तक छोटे-छोटे समूहों में लोग पहुंच रहे हैं। 28 वर्षीय नसीम मोल्ला ने बताया कि वह कोलकाता के एक चमड़ा कारखाने में काम करता था। पहले लगा कि सिर्फ कागज चेक होंगे, लेकिन अब फैक्ट्री मालिक भी कह रहा है कि कुछ दिन गायब हो जाओ। हम गरीब लोग हैं, जेल नहीं जाना चाहते।

सीमा से लगे गांवों में रहने वाले लोगों का कहना है कि पिछले एक साल में यह दूसरा मौका है जब अचानक बड़ी संख्या में लोग सीमा की ओर लौटते दिखाई दे रहे हैं।

# खेत में आकाशीय बिजली गिरने से टेक इंजीनियर की मौत, आधुनिक खेती के लिए छोड़ी थी नौकरी

**चेन्नई, एजेंसी।** कर्नाटक के मैसूर जिले में आकाशीय बिजली ने मंगलवार और बुधवार को भारी तबाही मचाई। अलग-अलग घटनाओं में कोडागु के एक युवक समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं, बिजली गिरने से एक गाय की भी जान चली गई। इन घटनाओं के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कोडागु निवासी होसोकलु रोशन बालकृष्ण की मंगलवार को मैसूर के पास येलवाला में बिजली गिरने से मौत हो गई। रोशन मडिकेरी के पास हेरावनद गांव के रहने वाले थे और स्वर्गीय होसोकलु बालकृष्ण के बेटे थे। वह पेशे से ढ्ढ्र कर्मचारी थे, लेकिन हाल ही में उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद वह अपने एक सहकर्मी के साथ मिलकर खेती-बाड़ी से जुड़े कामों में जुटे हुए थे।



बताया गया है कि दोनों आधुनिक कृषि उपकरणों को किसानों तक पहुंचाने और उनकी मार्केटिंग का काम कर रहे थे। रोशन अपनी पत्नी और बेटे के साथ येलवाला के पास अपनी जमीन देखने पहुंचे थे। इसी दौरान वह आम तोड़ने के लिए गए थे, तभी अचानक उन पर बिजली गिर गई। बिजली गिरते ही वह मौके पर ही गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। घटना के समय उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया, हालांकि उसे गंभीर चोटें नहीं आईं। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रोशन का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव हेरावनद में किया गया। अपने पीछे वह पत्नी और एक बेटे को छोड़ गए हैं। इसी तरह की एक अन्य घटना बुधवार को मैसूर में सामने आई, जहां बिजली गिरने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हुनसुर तालुक के होशापुरा गांव की निवासी यशोदम्मा खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान उन पर बिजली गिर गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यशोदम्मा स्वर्गीय बोरेगौड़ा की पत्नी थीं और उनके परिवार में दो बेटियां हैं। यह घटना हालेपुरा गांव में हुई, जहां परिवार के पास करीब आधा एकड़ जमीन है।

वहीं, एक अलग घटना में ॥ष्ठ कोटे तालुक के मालदहल्ली गांव निवासी अप्पैया की भी बिजली गिरने से मौत हो गई। अप्पैया, सुब्बा के बेटे थे। बताया गया है कि दोपहर करीब 1 बजे उन पर बिजली गिरी। बाद में उनका शव एक पेड़ के नीचे मिला। इसके अलावा ॥ष्ठ कोटे के अंथरासंथे इलाके में दोपहर करीब 1:30 बजे बिजली गिरने से एक गाय की भी मौत हो गई।

# अफेयर का राज खुलने पर कलयुगी मां ने तीन बच्चों को उतारा मौत के घाट

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पुलिस ने बुधवार को एक चौंकाने वाली घटना का खुलासा किया है। एक महिला ने कथित तौर पर अपने तीनों बच्चों को जहर (फिनाइल) पिला कर और गला घोंटकर मार डाला। इसके बाद खुद भी फिनाइल पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। महिला फिलहाल अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक, महिला के पारिवारिक संबंधों को लेकर पति को जानकारी मिली थी, जिसके बाद पति-पत्नी के बीच भारी झगड़ा हुआ। इस विवाद के बाद महिला ने यह घातक कदम उठाया।

वलसाड के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जे.के. पटेल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला ने अपने बच्चों की हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची टीम ने जांच में पुष्टि की कि महिला ने अपने तीनों बच्चों को फिनाइल पिलाया और गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी फिनाइल पी लिया।

पुलिस के अनुसार, यह घटना पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद के बाद हुई। पति को अपनी पत्नी के अफेयर का पता चल गया था, जिसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। इसी विवाद के बाद महिला ने यह कदम उठाया। डीएसपी जे.के. पटेल ने कहा कि हमें सूचना मिली कि महिला ने बच्चों की हत्या कर दी है। जांच में पता चला कि पति को पत्नी के अफेयर के बारे में पता चलने के बाद दोनों में झगड़ा हुआ था। महिला ने बच्चों को फिनाइल पिलाया और खुद भी फिनाइल पी लिया। हमने उसे बेहोशी की हालत में पाया और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

पुलिस ने महिला के खिलाफ तीन बच्चों की हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। महिला वर्तमान में अस्पताल में बेहोश है। उसके होश में आने के बाद आगे पूछताछ की जाएगी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# गुरुग्राम में अनुसूचित जाति के लिए मत्स्य पालन में बड़ी सौगात

## मिलेगा लाखों रुपये का अनुदान

**गुरुग्राम, एजेंसी।** मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए डेवलपमेंट आफ शेड्यूल्ड कास्ट फैमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्पेशल कंपोनेंट योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को मछली पालन व्यवसाय से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। जिला मत्स्य अधिकारी सतवीर सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत पंचायत तालाब पट्टे पर लेने के लिए प्रथम वर्ष में पट्टा राशि का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर, जो भी कम हो, अनुदान के रूप में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त द्वितीय एवं आगामी वर्षों में पट्टा राशि पर 40 प्रतिशत या अधिकतम 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक सहायता प्रदान की जाएगी।

अधिसूचित पानी में मछली पकड़ने के लिए ठेकेदारों को स्वीकृत बोली का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रुपये तक की राशि प्रदान की जाएगी। रेहड़ी (स्टोव, गैस चूल्हा, बर्तन आदि सहित) खरीदने पर 60 प्रतिशत या अधिकतम 36 हजार रुपये प्रति लाभार्थी का अनुदान दिया जाएगा।



इसी प्रकार मछली पालन हेतु खाद-खुराक पर कुल लागत एक लाख 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर का 60 प्रतिशत अथवा अधिकतम 90 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा जाल खरीदने पर 60 प्रतिशत या अधिकतम 24 हजार रुपये प्रति लाभार्थी की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

इच्छुक व्यक्तियों को मत्स्य पालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि वे बेहतर तरीके से इस कार्य को कर सकें। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी, बेरोजगार तथा किसी सरकारी संस्था से मत्स्य पालन में प्रशिक्षित होना आवश्यक है। योजना के तहत किसी भी मद में लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन सरल पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं।

## संदेशखाली में सात साल बाद बड़ा एक्शन, तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में 10 आरोपित गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में 2019 के लोकसभा चुनाव बाद हुई हिंसा में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या मामले में सीबीआइ ने 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पूर्व टीएमसी नेता शेख शाहजहां का करीबी कादेर मोल्ला भी शामिल है। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से जुटाए गए सुबूतों, गवाहों के बयान और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर यह गिरफ्तारी अभियान चलाया गया। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद आठ जून को संदेशखाली में हुई हिंसा में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की गोली मारकर और धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। यह घटना झंडा हटाने को लेकर हुए विवाद के बाद घटी थी। शुरुआत में मामले की जांच सीआईडी कर रही थी, लेकिन बाद में जांच रिपोर्ट और चार्जशीट से शेख शाहजहां समेत 28 लोगों के नाम हटा दिए गए थे। इसके बाद मृतकों के स्वजन ने कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया और सीबीआई जांच की मांग की। कोर्ट के आदेश के बाद जांच सीबीआई को सौंप दी गई, सीबीआई ने जांच तेज करते हुए यह गिरफ्तारी की है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत, बदलते मौसम का बढ़ता खतरा

बढ़ते तापमान की तपिश ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि इससे कृषि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह फसलों को नुकसान हो रहा है। उत्तर और मध्य भारत के दस से अधिक राज्य इन दिनों भीषण गर्मी से तप रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा पहुंचा है। लोग गर्मी से निजात पाने के लिए मैदानों से पहाड़ की ओर जाते हैं, लेकिन अब कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में भी लू चलने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा में जहां अधिकतम तापमान 47 डिग्री को पार कर गया है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार की रात पिछले चौदह वर्षों में सबसे गर्म रही।बढ़ते तापमान की तपिश ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि इससे कृषि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह फसलों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि हर साल मौसम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव आखिर क्यों हो रहा है। जाहिर है कि यह जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक ताप का ही नतीजा है, जिससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है।तापमान का बढ़ना सिर्फ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं को शारीरिक रूप से ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि इसका असर व्यापक होता है। अत्यधिक गर्मी से प्राकृतिक जलस्रोत सूखने लगते हैं, जिससे पेयजल संकट पैदा हो जाता है। सिंचाई के बिना फसलें बर्बाद हो जाती हैं और कई दफा बुआई का कार्य भी प्रभावित होता है।यही नहीं, झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकलते हैं और बाजारों की रौनक गायब हो जाती है। नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां सुस्त पड़ जाती हैं और इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। गर्मी की सबसे ज्यादा मार गरीब तबकों को ही झेलनी पड़ती है, जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। सरकार की ओर से ऐसे लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।इस बात पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए कि आखिर मैदानों के साथ अब पहाड़ भी क्यों तपने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैज्ञानिक तरीके से खनन और पर्यटक वाहनों के बढ़ते दबाव से स्थानीय मौसम चक्र में बदलाव हो रहा है। ऐसे में अगर अब भी हम नहीं संभले, तो निकट भविष्य में इसका परिणाम भयावह हो सकता है।

*एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है।*

## तपती धरती, झुलसता जीवन- जनता के समक्ष हीटवेव की चुनौती

(ललित गर्ग)

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं। हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर कंक्रीट के जंगल बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती। दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं पौधों की वृद्धि रोकती हैं, जल स्रोतों को सुखाती हैं और मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी इसका गंभीर प्रभाव दिख रहा है। लू लगना, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले श्रमिकों को है। गर्मी का यह संकट सामाजिक और मानवीय संकट भी बन सकता है। जल स्रोतों के सूखने, कृषि संकट और जीवन परिस्थितियों के बिगड़ने से बड़े पैमाने पर पलायन बढ़ सकता है। जैव विविधता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अनेक जीव-जंतु और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रही हैं। हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी करना पर्याप्त नहीं है। हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के प्रमुख विषय के रूप में स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। सबसे पहले शहरों में हीट एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। प्रत्येक शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण, छायादार मार्ग, सार्वजनिक प्याऊ और शीतलन केंद्रों की व्यवस्था आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों के समय निर्धारण में क्षेत्रीय तापमान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। तीखी दोपहर में श्रमिकों के लिए कार्यावधि सीमित की जाए और उनके लिए विश्राम तथा पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य हो। सरकार को भवन निर्माण नीति में भी परिवर्तन लाना होगा। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला-हवादार घर, आंगन, मिट्टी आधारित निर्माण, हरित छतें और प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए। कांच की चमचमाती इमारतों और ऊष्मा अवशोषित करने वाले निर्माणों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। कूल रूफतकनीक, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा आधारित शीतलन प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वन संरक्षण और वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। शहरों में माइक्रो फॉरेस्ट, पार्क और हरित गलियारों का निर्माण किया जाए। जल निकायों और पारंपरिक तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए क्योंकि वे स्थानीय तापमान नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन केवल सरकारें यह लड़ाई नहीं जीत सकतीं। आम जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। हमें उपभोगवादी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। पानी का संयमित उपयोग, ऊर्जा की बचत, वृक्षारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण अब व्यक्तिगत विकल्प नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी हैं। भारतीय समाज में कभी सार्वजनिक प्याऊ, छायादार विश्राम स्थल और जल सेवा की समृद्ध परंपरा थी। गर्मियों में राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था पुण्य कार्य माना जाता था। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

## कॉकरोच जनता पार्टी क्या सिर्फ एक छलावा मात्र है?

15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दे दी। सत्य कभी-कभी कल्पना से भी कहीं ज्यादा विचित्र होता है। आज से पहले शायद ही कभी किसी ने ऐसा सोचा भी होगा कि एक दौर ऐसा आएगा जब लोगों में अपने आपको कॉकरोच कहने की होड़ लग जाएगी। देश भर में 'मैं भी कॉकरोच' जैसा एक बड़ा अभियान शुरू हो जाएगा। लोग, खासतौर से लाखों युवा 'मैं भी कॉकरोच' जैसे मीम्स और बैनरों के जरिए न केवल अपने आपको कॉकरोच कहने में गर्व महसूस करेंगे बल्कि हैशटैग के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय बनाने की भी कोशिश करेंगे।लेकिन ऐसा हुआ और इतनी तेजी से हुआ कि किसी को भी सोचने-समझने का मौका तक नहीं मिला। 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। देशभर में सरकारी सिस्टम से नाराज लाखों युवा अलग-अलग अंदाज में लगातार अपना गुस्सा तो जाहिर कर ही रहे थे लेकिन देश की राजधानी दिल्ली से लगभग 11,500 किमी दूर बैठे एक भारतीय युवा अभिजीत दीपके के दिमाग में एक आइडिया आया और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तुरंत 'कॉकरोच जनता पार्टी' बना दी।

## अहंकार ही है हमारा सबसे चालाक दुश्मन

(सुंदरचंद ठाकुर)

जीवन में हमारे जितने भी शत्रु हैं, उनमें सबसे खतरनाक वह है जो दिखता नहीं। जो सामने आकर वार नहीं करता। जो इतनी चालाकी से काम करता है कि हम उसे पहचान ही नहीं पाते। और जब तक पहचानते हैं, तब तक वह अपना काम कर चुका होता है। यह शत्रु बाहर नहीं है। यह हमारे भीतर रहता है। इसका नाम है - अहंकार। अहंकार के बारे में एक बड़ी गलतफहमी है। हम सोचते हैं कि अहंकारी वह होता है जो अकड़कर चलता है, जो सबको नीचा दिखाता है, जो हमेशा अपनी बड़ाई करता है। लेकिन यह अहंकार का सबसे स्थूल रूप है। असली अहंकार बहुत सूक्ष्म होता है। वह इतने कोमल रूपों में आता है कि हम उसे पहचान नहीं पाते। कभी वह प्रेम का रूप लेता है। हम कहते हैं ङ्क मैं उसके लिए इतना करता हूँ, पर वह समझता ही नहीं। यहां प्रेम कम है, अपेक्षा अधिक है। और अपेक्षा अहंकार की ही संतान है। कभी वह स्वाभिमान बनकर आता है। हम कहते हैं - मैं किसी के आगे झुकूंगा नहीं। यह स्वाभिमान है या अकड़ - यह प्रश्न हम खुद से नहीं पूछते। कभी वह सिद्धांत का चोला पहन लेता है। हम अपनी ज़िद को मूल्य कहने लगते हैं। अपनी असहमति को साहस कहते हैं। और इस तरह अहंकार हमारे सबसे पवित्र लगने वाले भावों में छिपकर बैठ जाता है। वेदांत कहता है कि अहंकार वह भ्रम है जिसमें हम अपने वास्तविक स्वरूप को भूलकर एक सीमित पहचान से जुड़ जाते हैं। मैं यह शरीर हूं, मैं यह नाम हूं, मैं यह पद हूं, मैं यह सफलता हूं - यही तो अहंकार है। और जब यह पहचान खतरे में पड़ती है, तब मन तुरंत रक्षात्मक हो जाता है। तर्क करने लगता है, लड़ने लगता है, या चुप होकर भीतर से टूटने लगता है। अहंकार का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह हमें दूसरों से नहीं, खुद से काटता है। जब अहंकार प्रबल होता है तब हम सुन नहीं सकते। हम बस सुनाना चाहते हैं। हम सीख नहीं सकते। हम बस सिखाना चाहते हैं। झुक नहीं सकते। भले ही झुकना सही हो। हम बस झुकाना चाहते हैं। और इस कठोरता में हमारे रिश्ते टूटते हैं, हमारे अवसर हाथ से जाते हैं और भीतर एक गहरा अकेलापन जन्म लेता है। अहंकार की एक और चाल है जो बहुत कम लोग पहचान पाते हैं। वह हमें दूसरों की पीड़ा के प्रति अंधा बना देता है। जब हम अपनी पहचान में इतने डूबे होते हैं, तब हमें केवल अपना दुख दिखता है, अपनी ज़रूरत दिखती है। दूसरे का दर्द, दूसरे की मजबूरी, वह हमारी दृष्टि से ओझल हो जाती है। और तब हम रिश्तों में होते हुए भी अकेले होते हैं। साथ होते हुए भी दूर होते हैं। यही अहंकार की सबसे बड़ी त्रासदी है कि वह हमें भीड़ में भी एकाकी बना देता है। इसीलिए जो व्यक्ति अहंकार को गलाने लगता है, उसके रिश्ते गहरे होने लगते हैं। उसके आसपास के लोग सहज महसूस करने लगते हैं। क्योंकि तब वह केवल अपने लिए नहीं, दूसरे के लिए भी जगह बनाता है। तो इससे मुक्ति कैसे? पहला कदम है पहचानना। जब भी भीतर कोई तीव्र प्रतिक्रिया उठे, एक क्षण रुककर पूछिए कि यह मेरा सत्य है या मेरा अहंकार? यह छोटा सा प्रश्न बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकता है। दूसरा कदम है ध्यान और साक्षी भाव। जब हम अपने विचारों और प्रतिक्रियाओं को देखने लगते हैं, तब अहंकार की पकड़ धीरे-धीरे ढीली होने लगती है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 6106

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1987 को यह देश एक गणराज्य घोषित हुआ (2)
3. 1980 को इस देश ने संविधान को अंगीकार किया (3)
6. विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
7. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
9. जब सूर्य कन्या राशि में हो, श्राद्ध पक्ष (4)
11. रिश्ता, संबंध (2)
13. गुलुबंद को यह भी कहते है (4)
15. किसी आपत्ति, आदि से बचाव, हिफाजत (2)
16. हाथ, कर, एक प्रकार का नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
17. प्राप्त करना, लब्ध करना (2)
18. ताश के खेलों का एक प्रकार, सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
19. ध्यानचंद नाम इस खेल से जुड़ा है (2)
20. एक संवादहीन फिल्म जिसमें कमलहासन के साथ अमला थी (1987)(3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनखंख्या वाला द्वीप है (2)
24. कुल संख्याओं का जोड़, परिकलन (3)

**ऊपर से नीचे**

1. उर्दू भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार जिनका मूल नाम रघुपति सहाय था (निधन 3 मार्च 1982)(8)
2. फतह हासिल करना, विजय प्राप्त करना (3)
3. बात का सहीअर्थ न समझना, बात समझने में धोखा खा जाना (6)
4. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
5. फख्र, घमंड, विलास चेष्टा, नखरा (2)
8. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
10. गहरा दुख, शोक (2)
12. खींचकर कड़ा करना, फैलाना (3)
14. थका हुआ, शिथिल, अशक्त (2)
17. शुद्ध, पवित्र, स्वच्छ (3)
18. दस्तावेज लिखित, कलमबंद, तहरीरी (3)
21. मर्यादा, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
23. फरियादी, मुकदमेबाज, मुद्दई (2)

### वर्ग पहेली 6105 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | | गु | डा | के | श |
| स | ना | थ | | ग | ल | | ह |
| | | प | हे | ली | | प | ना |
| श | प | थ | | | स | गा | ई |
| ह | त | | त | ल | वा | र | |
| र | वा | | मा | त | लि | | ख |
| या | र | | शा | | या | प | न |
| र | | र | ई | स | | ता | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी दिख रही है। आपकी नियमित आय सुरक्षित रहेगी। दीर्घकालिक निवेश आपको शुभ फल देंगे। शाम के समय स्वास्थ्य या छोटे-मोटे मेडिकल चेकअप पर अत्यधिक खर्च करने से बचें। कार्यस्थल पर दिन की शुरुआत योजनाएं बनाने और नए विचारों पर विचार करने से होगी। यदि आप किसी रचनात्मक क्षेत्र में हैं।

### वृष
आज धन के प्रबंधन में काफी कुशल रहेंगे। राहु आपके मित्रों के माध्यम से धन लाभ के संकेत दे रहे हैं। ध्यान रहे, बारहवें भाव में शनिदेव की उपस्थिति के कारण किसी को भी बिना सोचे-समझे पैसा उधार न दें। सुबह के समय आपके पास काम की अधिकता रहेगी। आपको अपने कार्यों को व्यवस्थित करने और अधूरे कामों को सावधानी से पूरा करने की जरूरत है।

### कर्क
आज आपको पहले के किए गए प्रयासों से धन लाभ मिलने की अच्छी संभावना बनी हुई है। यात्रा या स्वास्थ्य पर कुछ धन खर्च हो सकता है। शाम का समय अपने बजट पर विचार करने और नई आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए उत्तम है। दिन की शुरुआत कड़ी मेहनत के साथ करने की आवश्यकता है।

### सिंह
आज नए सौदे करने और कांट्रैक्ट साइन करने के लिए उत्तम है। शाम के समय आपको अपने धन को लेकर थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। जल्दबाजी में आकर कोई भी आर्थिक फैसला न करें और न ही बड़ा खर्च करें। अपने बजट को नियंत्रण में रखना इस समय बेहद जरूरी है। ? करियर के मामले में सुबह का समय लोगों से मिलने-जुलने और टीम वर्क के लिए अच्छा है।

### मिथुन
आज स्थिति अनुकूल बनी हुई है। आपको निरंतर आय प्राप्त होती रहेगी और मित्रों का सहयोग मिलेगा। हालांकि, आपका मन घर या परिवार पर धन खर्च करने का हो सकता है। अपनी जेब का ख्याल रखें और फिजूलखर्ची से बचें। ऑफिस में काम का दबाव काफी अधिक रहेगा।

### कन्या
आज आपको धन के मामलों में अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। आप अपने धन और निवेश को लेकर सही और उपयुक्त निर्णय लेने में पूरी तरह सफल रहेंगे। सुबह के समय आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। आपको यह समझना होगा।

### तुला
आज का दिन काफी शानदार रहने वाला है। सिंह राशि के जातक अपने बजट को बहुत अच्छी तरह मेंटेन कर पाएंगे और निवेशों पर नजर रखेंगे। दोस्तों के माध्यम से धन लाभ होने की पूरी संभावना है, जिससे पैसों का फ्लो अच्छा रहेगा। बस ध्यान रखें कि शाम के वक्त फिजूलखर्ची पर थोड़ा नियंत्रण रखें।

### वृश्चिक
आज दिन का अंत होते-होते आप आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे। सुबह के समय लग सकता है कि आपके प्रयास आगे नहीं बढ़ रहे हैं। जैसे ही चंद्रदेव आपके दूसरे भाव (धन का क्षेत्र) में प्रवेश करेंगे, आप बजट और धन प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। बचत पर चर्चा करना आपके लिए हितकर रहेगा। करियर के लिहाज से आज का दिन बहुत अच्छा है।

### मकर
आज धन के मामले में सुबह का समय लाभ कमाने या कोई पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बेहतरीन है। शाम के समय आपको विशेष सावधानी बरतनी होगी। गैर-जरूरी चीजों पर धन खर्च करने से बचें। रात के समय अपने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल न करना ही आपके लिए समझदारी होगी। करियर के मामले में आज आप बेहद मजबूत स्थिति में रहेंगे।

### कुंभ
आज आपको अपने धन के लिए एक सटीक योजना बनानी होगी। दूसरे भाव में बैठे राहु आपको पैसों के मामले में कुछ नए और जोखिम भरे प्रयोग करने के लिए उकसा सकते हैं। बेहतर होगा कि आप शाम तक का इंतजार करें। जब चंद्रदेव दसवें भाव में आएंगे, तब स्थितियां अधिक स्थिर और अनुकूल हो जाएंगी। आज आप अपने काम पर फोकस करेंगे। सुबह के समय कुछ रिसर्च होगा।

### धनु
आज दिन के समय आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। ग्रहों की स्थिति अचानक कुछ अनचाहे खर्च करवा सकती है। अच्छी बात यह है कि शुभ ग्रह आपकी समग्र वित्तीय स्थिति की रक्षा कर रहे हैं। शाम के समय आप धन से जुड़े महत्वपूर्ण और सटीक निर्णय लेने में सक्षम होंगे। ? सुबह के समय शांत रहकर अपने कार्यों को निपटाना बेहतर होगा।

### मीन
आज दिन की शुरुआत थोड़ी धीमी हो सकती है। सुबह के समय कुछ खर्च सामने आ सकते हैं। शाम होते-होते स्थितियों में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। आपको आकस्मिक धन लाभ या परिवार से सहयोग मिल सकता है। कार्यस्थल पर आज आपकी उत्पादकता बहुत अच्छी रहेगी। आपको पूरी एकाग्रता के साथ अपने काम निपटाने होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

### विश्व चैंपियनशिप की मेडलिस्ट पूजा ढांडा बोलीं-

# एशियन गेम्स में भारत जीतेगा ढेरों मेडल

### विनेश फोगाट को भी दी बधाई



**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज महिला पहलवान और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पूजा ढांडा को भरोसा है कि आने वाले एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे। मीडिया के साथ बातचीत में पूजा ढांडा ने भारत को दोबारा कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने, भारतीय रेसलिंग के बदलते माहौल, बच्चों में बढ़ती खेल संस्कृति और विनेश फोगाट की वापसी जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी।

साल 2018 में गोल्डकोस्ट में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वालीं पूजा ढांडा ने कहा कि भारतीय रेसलिंग अब फिर से पटरी पर लौट रही है और देश के खिलाड़ी आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स में ढेरों मेडल जीतने का दम रखते हैं।



**सवाल : भारत को फिर से कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिली है। इसको किस तरह से देखती हैं?**

**पूजा ढांडा :** बहुत ही बढ़िया है, क्योंकि जब 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स भारत में हुए थे तो उस समय मैंने राष्ट्रमंडल खेल में हिस्सा लेने का सपना देखा था। उस समय हम छोटे थे और भारत में कोई चीज हो रही थी तो हमें लगा कि ये बहुत बड़ी प्रतियोगिता है और इसे जीतना चाहिए। इसके लिए मेहनत करनी चाहिए और इसीलिए हमने अपनी मेहनत को दोगुना कर दिया था। दरअसल, जब कोई चीज अपने घर में होती है तो कहीं न कहीं बढ़-चढ़कर बड़े चाव के साथ बच्चे प्रैक्टिस करते हैं कि हमें अपना सौ फीसदी देना है और गोल्ड मेडल ही जीतना है। तो नि:संदेह हमारे देशवासियों और हमारे खिलाड़ियों का फायदा होगा। खिलाड़ी जी-जान लगाकर मैदान पर उतरेंगे और मुझे उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम लेकर आएंगे।

**सवाल : विश्व रेसलिंग चैंपियनशिप में आपने कांस्य पदक जीता है।** 2018 गोल्डकोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में आपने रजत पदक जीता था। अब जब आप बतौर खिलाड़ी बहुत एक्टिव नहीं हैं। अपनी जर्नी का कोई बेस्ट मूवमेंट याद करना चाहेंगी?

**पूजा ढांडा :** बिल्कुल जब 2018 में ऑस्ट्रेलिया में कॉमनवेल्थ गेम्स में मैंने देश के लिए रजत पदक जीता था। वह मेरी जिंदगी के लिए बहुत ही अहम क्षण था। मेरी जिंदगी बदलने वाला क्षण था। उसने मेरी जिंदगी को हर तरीके से बदल दिया। सामाजिक रूप से, भावनात्मक रूप से, वित्तीय रूप से हर तरीके से मुझे मान-सम्मान हर चीज मिली जो आज मेरी जीवनशैली में झलकती है और हर पल उस पल का शुक्रिया करती हूं।

**सवाल : कुछ ही महीनों में एशियाई खेल होने वाले हैं। भारतीय पहलवानों से कितनी उम्मीदे हैं?**

**पूजा ढांडा :** देखिए बिल्कुल भारत की रेसलिंग काफी बढ़ी है। पहले जो नतीजे आए हैं, उससे बेस्ट परिणाम इस समय जो हमारे खिलाड़ी हैं उनसे देने की उम्मीद है। मैं उन सभी को शुभकामनाएं देना चाहती हूं कि वह एशियाई खेलों में अपना बेस्ट करें, क्योंकि इंडिया किसी से पीछे नहीं है। इंडिया के पास हर सुविधाएं हैं। मेहनत की भी कोई कमी नहीं है। किसी भी चीज की हमारे पास कोई कमी नहीं है।

# IPL 2026 में | वैभव का वैभवशाली रिकार्ड

## वैभव की तूफानी बल्लेबाजी से ध्वस्त हुए कई रिकॉर्ड

**न्यू चंडीगढ (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के एलिमिनेटर मैच में वैभव सूर्यवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद में 97 रन बनाकर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए. 15 साल के राजस्थान रॉयल्स के इस ओपनर ने अपनी पारी के दौरान 5 चौके और 12 छक्के जड़े, जिसकी वजह से राजस्थान न्यू चंदीगढ़ में 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 243 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। अपनी इस रिकॉर्ड पारी के साथ वैभव ने दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाज क्रिस गेल समेत कई रिकॉर्ड तोड़ दिए।

### क्रिस गेल का टूटा रिकॉर्ड

आईपीएल 2026 में वैभव अब तक 65 छक्के जड़ चुके हैं, जिसके साथ वो टूर्नामेंट के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम था, जिन्होंने 2012 में आरसीबी के लिए खेलते हुए एक सीजन में 59 छक्के लगाए थे।

### एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के

65 - वैभव सूर्यवंशी (2026)
59 - क्रिस गेल (2012)
52 - आंद्रे रसेल (2019)
51 - क्रिस गेल (2013)
45 - जोस बटलर (2022)

### बतौर अनकैप्ड सबसे ज्यादा रन

वैभव इस सीजन में अब तक 680 रन बना चुके हैं, जो की एक आईपीएल सीजन में किसी भी अनकैप्ड द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है. इससे पहले ये रिकॉर्ड राजस्थान के ही सशस्वी जायसवाल के नाम था. जिन्होने 2023 में कुल 625 रन बनाए थे।




### आईपीएल प्लेऑफ की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के

12 – वैभव सूर्यवंशी बनाम हैदराबाद, जयपुर, 2026
10 – शुभमन गिल बनाम मुंबई, अहमदाबाद, 2023
9 – रजत पाटीदार बनाम गुजरात, धर्मशाला, 2026

### प्लेऑफ में सबसे तेज फिफ्टी

इस मैच में वैभव सूर्यवंशी ने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. जो कि आईपीएल प्लेऑफ में संयुक्त रूप से सबसे तेज फिफ्टी बन गई. इससे पहले ये रिकॉर्ड सुरेश रैना के नाम था जिन्होंने 2014 में पंजाब के खिलाफ 16 गेंद में फिफ्टी जड़ी थी।

### एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के

वैभव सूर्यवंशी ने अपनी 97 रनों की पारी में 12 छक्के लगाए. जो कि आईपीएल के प्लेऑफ में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड है. इससे पहले प्लेऑफ में एक पारी के दौरान 10 छक्के लगाने का था. जो शुभमन गिल ने मुंबई के खिलाफ 2023 में किया था।

### आईपीएल सीजन बतौर अनकैप्ड सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

680 – वैभव सूर्यवंशी (आरआर, 2026)*
625 – यशस्वी जायसवाल (आरआर, 2023)
616 – शॉन मार्श (पीबीकेएस, 2008)
573 – रियान पराग (आरआर, 2024)
549 – प्रभसिमरन सिंह (पीबीकेएस, 2025)

### वैभव सूर्यवंशी की बदौलत राजस्थान फाइनल की रेस में बरकरार, हैदराबाद टूर्नामेंट से बाहर

न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 47 रनों से हरा दिया. इस जीत के साथ ही रॉयल्स क्वालीफायर 2 में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला इस मैदान पर 29 मई को गुजरात टाइटंस से होगा। राजस्थान की इस शानदार जीत के स्टार वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नॉकआउट इतिहास की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक खेली।

### आईपीएल सीजन में पावरप्ले (1-6 ओवर) में सबसे ज्यादा रन

490 - वैभव सूर्यवंशी (2026)*
467 - डेविड वॉर्नर (2016)
402 - ट्रैविस हेड (2024)
402 - साई सुदर्शन (2025)
382 - एडम गिलक्रिस्ट (2009)

### आईपीएल की एक पारी में 10+ छक्के सबसे ज्यादा बार लगाने वाले खिलाड़ी

4 - क्रिस गेल
4 - वैभव सूर्यवंशी*
2 - अभिषेक शर्मा
2 - फिन एलन

### आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के (भारतीय)

12 – वैभव सूर्यवंशी (आरआर) बनाम एसआरएच, 2026
12 – वैभव सूर्यवंशी (आरआर) बनाम एसआरएच, 2026 ईएलएम
11 – मुरली विजय (सीएसके) बनाम आरआर, 2010
11 – वैभव सूर्यवंशी (आरआर) बनाम जीटी, 2025

### सचिन से लेकर युवराज तक

## वैभव की बल्लेबाजी पर हुए फिदा

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर समेत समूचे क्रिकेट जगत ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल एलिमिनेटर में 29 गेंद में 97 रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की है और तेंदुलकर ने उनके बल्ले के स्विंग को बेहतरीन बताया है। सूर्यवंशी ने आईपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक 59 छक्कों का क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, 'वैभव सूर्यवंशी के बल्ले का स्विंग बेहतरीन है। इससे भी खास बात यह है कि अपने पैरों पर पड़ती गेंद के लिए जगह बनाते हुए वह फ्रंटफुट का कैसे खूबसूरती से इस्तेमाल करता है। इससे वह मनचाहे शॉट खेल पाता है। उसकी पारी शानदार थी।'



विश्व कप 2011 के 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज सिंह ने सूर्यवंशी को अविश्वसनीय कहा। उन्होंने लिखा, 'बॉस बेबी ने वर्ल्ड बॉस का रिकॉर्ड तोड़ा। इस लड़के की बल्लेबाजी अविश्वसनीय है। देखने में मजा आता है।' पूर्व हरफनमौला सुरेश रैना ने कहा कि सूर्यवंशी जैसे क्रिकेटर सुनिश्चित करते हैं कि भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा, 'इस टूर्नामेंट में वैभव सूर्यवंशी ने जो किया है, उसे बताने के लिए शब्दकोष में पर्याप्त शब्द नहीं है। क्या शानदार खिलाड़ी है। लोग उसकी बल्लेबाजी का इंतजार कर रहे हैं जिससे साबित होता है कि भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है।' वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर इयान बिशप ने कहा, 'एक बार फिर वैभव सूर्यवंशी की खास पारी। पहली बार आईपीएल प्लेऑफ खेलते हुए 29 गेंद में 97 रन। शानदार प्रदर्शन।' भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा, 'हम चमत्कार देख रहे हैं। भविष्य के सितारे को देख रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी 'वंडर ब्वॉय' को देख रहे हैं।' इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा, 'सूर्यवंशी कोई मजाक है।

### 'मेरे शतक लगते रहेंगे', वैभव ने गेल के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ने से चूकने पर दिया बयान

वैभव सूर्यवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 97 रन की पारी खेलकर आईपीएल के एक सीजन में क्रिस गेल के सबसे ज्यादा छक्कों (59) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के कुल 65 छक्के हो गए हैं। लेकिन वह गेल के सबसे तेज शतक जोकि 30 गेंदों पर बना था, वह रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए क्योंकि वह 29 गेंदों पर शतक से 3 रन दूर रह गए। हालांकि इस युवा बल्लेबाज को इस बात की परवाह नहीं है कि वह गेल का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए बल्कि उन्होंने कहा कि मेरे शतक लगते रहेंगे। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड के बाद सूर्यवंशी ने बताया कि उनके दिमाग में कभी भी अपने निजी रिकॉर्ड्स या मील के पत्थर बनाने की बात नहीं थी। उनका पूरा ध्यान सिर्फ राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाने पर ही था। शायद इस सीजन की शुरुआत में जयपुर में इसी टीम के खिलाफ बनाए गए उनके शतक की यादें कहीं न कहीं उनके जहन में थीं, वह पारी, जो शतक बनाने के बावजूद टीम की हार के साथ ही खत्म हुई थी। उन्होंने कहा, 'मेरे 100वें (शतक) लगते रहेंगे।' जब उनसे गेल का रिकॉर्ड तोड़ने से बाल-बाल चूकने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे तो आउट होने के बाद ही पता चला। उस समय मेरा पूरा ध्यान सिर्फ टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा योगदान देने पर था, क्योंकि शतक तो आगे भी बनते रहेंगे, लेकिन अभी मेरा पूरा ध्यान इस बात पर है कि हम यह ट्रॉफी कैसे जीतें। अगर मुझे लगता है कि मुझे कहीं कोई दिक्कत आ रही है, तो मैं उस पर काम करता हूं। मैं यह नहीं सोचता कि विरोधी टीम क्या प्लान बना रही है, वह उनका प्लान है। मैं इस बात पर फोकस करता हूं कि मेरा प्लान क्या है, और मैं बस नॉर्मल क्रिकेट खेलने की कोशिश करता हूं।'

### आज जीटी से पार पाना आरआर के लिए आसान नहीं

## हेड टू हेड रिकॉर्ड दे रहे गवाही

**नई दिल्ली।** 'आईपीएल- 2026' का दूसरा क्वालीफायर मुकाबला राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच शुक्रवार को खेला जाएगा। आरआर के खिलाफ जीटी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। जीटी को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी, जबकि राजस्थान रॉयल्स ने एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। आरआर और जीटी के बीच आईपीएल में अब तक कुल 10 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 7 मुकाबलों में जीत जीटी के हाथ लगी है, जबकि राजस्थान रॉयल्स सिर्फ 3 मैच ही जीत सकी है। गुजरात टाइटंस अपने इस दमदार रिकॉर्ड को दूसरे क्वालीफायर में भी बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, राजस्थान रॉयल्स एलिमिनेटर मुकाबले के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। आरआर के लिए एलिमिनेटर मुकाबले में सब कुछ सही घटा था। बल्लेबाजी में वैभव सूर्यवंशी ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए सिर्फ 29 गेंदों में 97 रनों की दमदार पारी खेली थी, तो ध्रुव जुरेल ने भी महज 21 गेंदों में 50 रन बनाए थे।



## यूनिटी कप: जमैका ने सेमीफाइनल में भारत को 2-0 से हराया, तीसरे स्थान के लिए होगी जिम्बाब्वे से भिड़ंत

**लंदन।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को द वैली में यूनिटी कप के दूसरे सेमीफाइनल में जमैका से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। आठवें मिनट में कर्टनी क्लार्क के शानदार शुरुआती स्ट्राइक और 78वें मिनट में काहेम डिक्सन के गोल ने जमैका को फाइनल का टिकट दिलाया। इंग्लैंड की धरती पर साल 2002 के बाद अपना पहला मैच खेल रही भारतीय टीम अब 30 मई को तीसरे स्थान के प्लेऑफ में जिम्बाब्वे का सामना करेगी। जिम्बाब्वे को पहले सेमीफाइनल में नाइजीरिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। खिताबी मुकाबले में नाइजीरिया की भिड़ंत पिछले साल की तरह ही जमैका से होगी। इस मैच में कई महत्वपूर्ण व्यक्तिगत पल देखने को मिले। नौफल पीएन और रिकी शाबोंग ने सीनियर नेशनल टीम में डेब्यू किया, जबकि एडमंड लालरिंडिका को भारत के लिए अपना पहला स्टार्ट मिला। जमैका सेमीफाइनल मुकाबले में पूरी तरह से भारत पर हावी रहा और टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। आठवें मिनट में जमैका ने तेज काउंटर अटैक किया और भारतीय डिफेंस को मुश्किल में डाल दिया। इस दौरान गुरप्रीत सिंह संधू को एक टाइट एंगल से शानदार बचाव करना पड़ा और उन्होंने गोल होने से बचा लिया। हालांकि, खतरा पूरी तरह टला नहीं था। भारत अपनी डिफेंसिव लाइन से गेंद को ठीक से क्लियर नहीं कर पाया, और क्लार्क गलत पास को रोककर हाथ आए मौके को भुनाने में सफल रहे। उन्होंने बॉल को अपने दाहिने पैर पर कंट्रोल किया और फिर गुरप्रीत के डाइव करने के बावजूद गेंद को टॉप-राइट कॉर्नर में मारकर शानदार गोल किया।




### सिंगापुर ओपन

### दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ

# एचएस प्रणय ने किया उलटफेर

### लक्ष्य सेन भी जीते

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सिंगापुर में शानदार जीत के साथ 10 लाख डॉलर इनामी सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 33 वर्षीय प्रणय ने एक घंटे से कुछ अधिक समय में दुनिया के पांचवें नंबर के इंडोनेशियाई खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को 10-21, 21-12, 21-18 से हराया। क्रिस्टी के खिलाफ पिछले पांच वर्षों में यह प्रणय की पहली जीत है। इससे पहले उन्होंने 2021 इंडोनेशिया ओपन में क्रिस्टी को हराया था। प्रणय अब अगले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इसके बाद दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी ल्यू गुवांग झू को 42 मिनट में 21-17 21-15 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से भिड़ेंगे।




**श्रीकांत हारे-** ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी वोंग टिएन सी और लिम च्यू सिएन की मलेशिया की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। किदांबी श्रीकांत और मालविका बंसोड़ पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को स्थानीय खिलाड़ी लोह कीन यू के खिलाफ 20-22, 21-19, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**लोह कीन यू ने लिया बदला-** लोह कीन यू ने इस जीत के साथ पिछले हफ्ते भारतीय खिलाड़ी के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। चोट के बाद वापसी कर रही मालविका भी चीनी ताइपे की लिन शियांग टी को कड़ी चुनाती देने के बावजूद 21-11, 19-21, 12-21 से हार गई।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### केंद्र सरकार के खिलाफ 12 वर्षों के कार्यकाल को लेकर पोल-खोल अभियान चलाएगी कांग्रेस

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** केंद्र की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को लेकर पोल-खोल अभियान चलाने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार की कथित विफलताओं और जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच रखा जाएगा। गुरुवार को संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाए। आनंद शंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ी है, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश की समस्याओं से ध्यान हटाकर विदेश दौरों में अधिक व्यस्त रहते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री के इटली दौरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को 'मेलोडी चॉकलेट' देने से देश को कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि भारत की विदेशों में साख कमजोर हुई है और कई बड़े समझौते प्रभावित हुए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में सोने की कीमत करीब 35 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जबकि वर्तमान में यह सवा लाख रुपये के आसपास पहुंच गई है। उन्होंने डॉलर की बढ़ती कीमत पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पहले भाजपा नेता डॉलर के 60 रुपये होने पर अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते थे, लेकिन अब डॉलर 97 रुपये के पार पहुंचने के बावजूद सरकार चुप है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में 900 से अधिक प्रश्नपत्र लीक हुए, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। साथ ही केंद्र सरकार पर बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अंबानी और अडानी जैसे उद्योगपतियों के लिए बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई कराई गई और विभिन्न राज्यों में हजारों एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और युवाओं के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन तेज करेगी तथा सरकार की नीतियों को जनता के बीच उजागर करेगी। बैठक में पंकज यादव समेत कई कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की राजनीति कर रही है। बैठक में सत्येंद्र नारायण शर्मा, दीपक वर्मा, अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह पप्पू, मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह उर्फ लुटूर सिंह, ताजा कुमार सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, ब्रजकिशोर सिंह, नरेश यादव, रवि सिंह, विक्रांत सिंह, नीरज कुमार और भीम सिंह चौहान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धूप में खड़ा कर बेरहमी से पीटने का आरोप, शव को सात किलोमीटर दूर नदी किनारे दफनाया

# 13 साल के बेटे की हत्या, पिता और सौतेली मां गिरफ्तार

**एसवीवी संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



पिता और सौतेली मां की फाइल फोटो

जिले में एक 13 वर्षीय किशोर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप उसके पिता और सौतेली मां पर लगा है। घटना उपहारा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी पिता राजेश चौधरी उर्फ मुंगड़ी चौधरी और सौतेली मां मंजू देवी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान खेसरिया कुमार (13) के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार की रात पुनपुन नदी के बालू घाट से किशोर का शव बरामद किया। शव घर से करीब 7 किलोमीटर दूर बालू में दफनाया गया था। ग्रामीणों की सूचना पर अरवल प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में दंडाधिकारी के समक्ष शव को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में शव को नदी तक पहुंचाने के लिए बाइक और संभवतः स्कॉर्पियो वाहन के इस्तेमाल की बात सामने आई है। पुलिस दोनों वाहनों की तलाश कर रही है। उपहारा थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद हत्या की वजह बनकर सामने आया है। बताया जा रहा है कि खेसरिया का अपनी सौतेली मां मंजू देवी से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। रिश्ते में मंजू देवी मृतक की मौसी भी लगती है। विवाद की शिकायत उसने अपने पति मुंगड़ी चौधरी से की, जिसके बाद आरोपी पिता ने बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार आरोपी पिता ने कड़ी धूप में किशोर को लाठी-डंडों से पीटा। मारपीट इतनी बर्बर थी कि खेसरिया गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। बताया जाता है कि वह लगातार अपनी जान की भीख मांगता रहा, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। आरोप है कि घायल बच्चे का इलाज कराने के बजाय उसे धूप में ही छोड़ दिया गया, जिससे उसकी हालत और बिगड़ती गई। मौत के बाद शव को छिपाने की साजिश रची गई और पुनपुन नदी किनारे बालू में दफना दिया गया। ग्रामीणों को शक होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पूरा मामला उजागर हुआ।

मामले में परिवार के अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। मृतक की दादी सोनमटिया देवी ने दावा किया है कि खेसरिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। उनके अनुसार घर में ताला नहीं मिलने को लेकर पहले मां और बेटे के बीच विवाद हुआ था। बाद में मुंगड़ी चौधरी ने बेटे की पिटाई की और उसके हाथ-पैर बांधकर गर्म बालू पर सुला दिया। दादी का कहना है कि बाद में मंजू देवी ने भी उसकी पिटाई की, जिसके बाद किशोर ने कथित रूप से भूसा घर में जाकर फांसी लगा ली। हालांकि पुलिस इस दावे की भी जांच कर रही है।

वहीं मृतक की बहन मुन्नी कुमारी ने माता-पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसके भाई के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी और घटना वाले दिन भी उसके साथ बेरहमी से पिटाई हुई थी, जिसके कारण उसकी मौत हुई। ग्रामीणों के बीच आरोपी मुंगड़ी चौधरी को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। लोगों का कहना है कि उसने अपनी पहली पत्नी की भी पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। बाद में उसने अपनी साली मंजू देवी से दूसरी शादी कर ली थी। हालांकि उस मामले में किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। अशोक कुमार दास ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। चौकीदार महबूब आलम के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस हत्या, आत्महत्या और शव छिपाने सहित सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल आरोपी पिता और सौतेली मां से पूछताछ जारी है, जबकि मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सड़क हादसे के 7वें दिन घायल किसान की मौत

- हाजीपुर जाते वक्त पिकअप ने बाइक में मारी थी टक्कर, निजी क्लिनिक पर लापरवाही का आरोप

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में सड़क हादसे में घायल एक किसान की इलाज के दौरान सातवें दिन मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान सजन गांव निवासी 55 वर्षीय मृत्युंजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि 21 मई की सुबह मृत्युंजय कुमार सिंह बाइक से अपने गांव आजन से हाजीपुर गांव स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी दौरान रानीगंज गांव के पास नेशनल हाइवे-19 पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल किसान को मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी हालत नाजुक रहने पर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया। परिजनों के अनुसार बाद में उन्हें रायपुरा मोड़ के समीप एनएच-19 स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां कई दिनों तक इलाज चलता रहा। गुरुवार को क्लिनिक के चिकित्सकों ने उन्हें दोबारा सदर अस्पताल रेफर किया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने निजी क्लिनिक संचालक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरीज की गंभीर स्थिति की सही जानकारी दी जाती तो उन्हें किसी बड़े अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के नाम पर उन्हें लगातार निजी क्लिनिक में रखा गया, जिससे उनकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उनकी मौत हो गई। मृत्युंजय कुमार सिंह पेशे से किसान थे। उनके परिवार में पत्नी आशा देवी और तीन पुत्र हैं। बड़ा पुत्र भारतेश कुमार (30) जबकि जुड़वा बेटे विनीत कुमार और विपुल कुमार (28) हैं। किसान की मौत के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बकरीद : मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की गई विशेष नमाज



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में बकरीद का पर्व धार्मिक उत्साह, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। बच्चे, बुजुर्ग और युवा नए कपड़े पहनकर अपने-अपने घरों से निकले और शहर की विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में पहुंचकर विशेष नमाज अदा की। शहर के ईदगाह मैदान, जामा मस्जिद और पठान टोली समेत कई इलाकों में नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। पूरे शहर में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। खास बात यह रही कि हिंदू समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को बकरीद की शुभकामनाएं देकर आपसी एकता का संदेश दिया।

ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में भी लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नमाज के बाद देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। ईद-उल-अजहा, जिसे बकरीद भी कहा जाता है, इस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व माना जाता है। यह पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम की अल्लाह के प्रति अटूट आस्था, त्याग और समर्पण की याद में मनाया जाता है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार अल्लाह ने हजरत इब्राहिम की परीक्षा लेने के लिए उनसे उनकी सबसे प्रिय चीज की कुर्बानी मांगी थी। अपने पुत्र हजरत इस्माइल को सबसे प्रिय मानने वाले हजरत इब्राहिम अल्लाह के आदेश का पालन करने के लिए तैयार हो गए थे। मान्यता है कि जब उन्होंने आंखों पर पट्टी बांधकर कुर्बानी देने के लिए छुरी चलाई, तब अल्लाह ने उनके पुत्र की जगह एक भेड़ भेज दी और हजरत इस्माइल को सुरक्षित बचा लिया। इसी घटना की याद में मुस्लिम समाज के लोग बकरीद पर कुर्बानी की परंपरा निभाते हैं।

## टेम्पो स्टैंड से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र स्थित महराजगंज टेम्पो स्टैंड के पास से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में रामपुर निवासी शाहनवाज ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित शाहनवाज ने पुलिस को बताया कि 27 मई की दोपहर करीब 2:50 बजे उन्होंने अपनी पैशन प्रो बाइक टेम्पो स्टैंड के पास खड़ी की थी। कुछ देर बाद वापस लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। चोरी हुई बाइक लाल और काले रंग की पैशन प्रो मॉडल की बताई जा रही है। पीड़ित ने पुलिस से बाइक बरामद करने और मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रफीगंज थाना प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस जांच में जुट गई है।

## रफीगंज में अकीदत और भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद



**निज संवाददाता | रफलीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे उत्साह, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। त्याग, समर्पण और अल्लाह के प्रति अटूट विश्वास का यह पर्व क्षेत्रभर में खुशियों और सौहार्द का संदेश लेकर आया। यह पावन पर्व पैगंबर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के महान बलिदान की याद में मनाया जाता है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, अल्लाह के आदेश पर उन्होंने अपने सबसे प्रिय पुत्र हजरत इस्माईल की कुर्बानी देने का निश्चय किया था। उनकी सच्ची नीयत और समर्पण को देखते हुए अल्लाह ने हजरत इस्माईल की जगह एक दुम्बा भेज दिया और उनकी कुर्बानी कुबूल की। यह घटना इंसान की नीयत, आस्था और समर्पण के महत्व को दर्शाती है। सुबह होते ही रफीगंज शहर और ग्रामीण इलाकों की मस्जिदें तकबीर की सदाओं से गूंज उठीं। शहर के महाराजगंज मोहल्ला, इमादपुर, राजा बागीचा, हाजीपुर गोला, सदर बाजार, रजा नगर और ईदगाह समेत कई स्थानों पर विशेष नमाज अदा की गई। इसके अलावा केराप, फिदा बिगहा, हाजीपुर, काजीचक, शेरा बिगहा, चरकावां, अहमदपुर और सुल्तानपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों में भी सामूहिक नमाज हुई। नमाज के बाद मौलानाओं ने खुतबा पढ़ा और देश में अमन-चैन, तरक्की तथा आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। नमाज समाप्त होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर "ईद मुबारक" कहा और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। संवेदनशील इलाकों और प्रमुख चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासनिक अधिकारी लगातार गश्त करते रहे ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। इस अवसर पर सईद अनवर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. गुलाम शाहिद, पूर्व मुखिया शाहजादा शाही, नेशात अहमद, खाजा अतीक रजा, मो. ऐनुल हक, हाजी महफूज आलम, अब्दुल्लाह सिद्दीकी, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खां, सुहैल आरजू, मुखिया सराज अंसारी, लक्खू खां, शम्भु खां, मुखिया जैनुल अंसारी, पूर्व मुखिया नकी इमाम, फहद शाही और माहिद खान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ओबरा प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई बकरीद



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगबाद)**

ओबरा प्रखंड क्षेत्र में बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे, उत्साह और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय समेत बेल, सिहुड़ी, कारा, बभनडीहा, तेजपुरा, मनोरा, बारा, झुकलाही और भरुब सहित विभिन्न गांवों एवं पंचायतों में लोगों ने पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाया। सुबह से ही क्षेत्र की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन, खुशहाली तथा भाईचारे की दुआ मांगी।

## हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारों को सम्मानित करेगा नवबिहार टाइम्स

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्दी दैनिक नवबिहार टाइम्स द्वारा आगामी 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। नवबिहार टाइम्स की ओर से दिए जाने वाले सम्मान पत्र के तहत उन पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने हिन्दी पत्रकारिता को सशक्त बनाने, जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस संबंध में नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने बताया कि यह सम्मान हिन्दी पत्रकारिता की 200 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को नमन करते हुए समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पत्रकारिता के मूल्यों को प्रोत्साहित करना तथा नई पीढ़ी के पत्रकारों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने समाज को दिशा देने, लोकतंत्र को मजबूत करने और आम लोगों की आवाज को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में पत्रकारों का सम्मान करना पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा के प्रति सम्मान प्रकट करने जैसा है।

## बाइक हटाने के विवाद में मारपीट, पिता-पुत्र घायल, पटना रेफर

**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** नगर थाना क्षेत्र के टिकरी मोहल्ला में बाइक हटाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट में पिता और पुत्र घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान मोहम्मद गुड्डू खान और उनके पुत्र मोहम्मद आदिब के रूप में हुई है। घायल मोहम्मद गुड्डू खान ने बताया कि उनका पुत्र आदिब बाइक से मोहल्ले के रास्ते से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद नेता युसूफ आजाद अंसारी के परिवार के लोगों की गाड़ी खड़ी थी, जिससे रास्ता बाधित हो रहा था। गाड़ी हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पहले मोहम्मद आदिब के साथ मारपीट की गई। जब उसके पिता बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। घटना में दोनों को चोटें आई हैं। मारपीट के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। हालांकि, फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से थाने में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## 10 और 11 जुलाई को मनाया जाएगा मातृ-पितृ वंदन महोत्सव



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जनेश्वर विकास केंद्र एवं महोत्सव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय अधिवक्ता भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने की। बैठक में वर्षों से औरंगाबाद की जगह देव को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन पर चर्चा की गई। इस क्रम में निर्णय लिया गया कि 3 जुलाई को स्थानीय गांधी मैदान से समाहरणालय तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। मार्च के बाद प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें औरंगाबाद का नाम बदलकर देव जिला बनाने की मांग की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि इससे क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी।

बैठक में आगामी 10 एवं 11 जुलाई को आयोजित होने वाले मातृ-पितृ वंदन महोत्सव की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। महोत्सव को सफल बनाने की जिम्मेदारी कौशल विकास मंच के अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव को सौंपी गई। बताया गया कि माता-पिता की सेवा करने वाले लोगों को "श्रवण सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में बटाने पुल के समानांतर एक वैकल्पिक पुल निर्माण की मांग भी उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि इससे आम लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

बैठक में प्रोफेसर रामाधार सिंह, राम रॉय, रंजीत सिंह, लवकुश प्रसाद सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, कंचन देव सिंह, संजय सिंह, अरुण कुमार सिंह, अरुण कुमार पाठक, बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वीरेन्द्र मिश्रा, नगीना सिंह, अशोक कुमार सिंह, ललन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

स्थानीय अनुग्रह इंटर विद्यालय परिसर में "माहवारी स्वच्छता दिवस" के अवसर पर छात्राओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा किशोरियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ शोभा मिश्रा ने कहा कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और यह अभिशाप नहीं, बल्कि प्रकृति का वरदान है। उन्होंने कहा कि इसके प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार तथा सुरक्षित स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां दीं। साथ ही सैनिटरी पैड के सही उपयोग एवं माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ मिश्रा ने छात्राओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं और विशेषज्ञों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं से माहवारी के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनने का आह्वान किया गया।

## सोशल मीडिया में किसी भी धर्म को ठेस पहुंचाने का काम नहीं करें : सल्लू खान

- प्रेम-भाईचारे के साथ मनी ईदउल अजहा
- मेरा हिंदुस्तान जिंदाबाद, हिंदू मुस्लिम एकता जिंदाबाद, हम सब भाई भाई हैं। आपसी भाईचारा जिंदाबाद के नारे लगाए

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



पैगाम ए इंसानियत एवं मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इसके बाद संगठन के सदस्यों ने शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पुजारियों को गुलाब, शॉल, फूल एवं मिठाई भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के जिलाध्यक्ष मो. शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने किया। उनके साथ मो. जुल्फिकार, मो. इबरार, मो. बंटी, मो. सहाबुद्दीन एवं मो. राजा खान समेत कई लोग मौजूद रहे।

संगठन के सदस्य धर्मशाला मोड़, संकट मोचन मानस मंदिर, नावाडीह रोड स्थित महावीर मंदिर तथा सब्जी मंडी स्थित कारगिल चौक के समीप शंकर मंदिर पहुंचे, जहां मंदिरों के पुजारियों को सम्मानित कर ईद-उल-अजहा की बधाई दी गई। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया।

इस अवसर पर सल्लू खान, शिव शंकर मंदिर के पुजारी डब्लू पांडे, संकट मोचन मानस मंदिर के अजय पांडे, नगर थाना परिसर स्थित भोला शंकर मंदिर के पुजारी दीपक पांडेय, गणेश मंदिर के मनीष पांडे एवं सुनील पांडे ने कहा कि साझा संस्कृति ही देश की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के लोग वर्षों से मिल-जुलकर रहते आए हैं और हर पर्व पूरे समाज का पर्व होता है। सल्लू खान ने कहा कि ईद, रामनवमी, होली, दिवाली, महावीर जयंती या क्रिसमस जैसे सभी त्योहार लोगों को आपस में जोड़ने का काम करते हैं। अलग-अलग धार्मिक पहचान के बावजूद सभी की सांस्कृतिक जड़ें इसी मिट्टी से जुड़ी हैं, जो प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। ईद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पैगाम ए इंसानियत के सदस्य शहरभर में सक्रिय रहे। नमाज स्थलों से लेकर विभिन्न चौक-चौराहों तक हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते नजर आए। जिलाध्यक्ष सल्लू खान ने बताया कि एक दिन पूर्व शहर के पठन टोली मस्जिद परिसर में प्रेस वार्ता कर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। साथ ही सभी लोगों से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

## एनएच-139 पर भारी वाहनों की एंट्री बंद

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी है। अब इस पुल से बड़े और भारी वाहन नहीं गुजर सकेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, पुल की संरचनात्मक स्थिति कमजोर हो चुकी है और लगातार भारी वाहनों के दबाव के कारण हादसे की आशंका बढ़ गई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि किसी बड़े दुर्घटना से बचा जा सके। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाए। पुल के दोनों ओर चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाने की तैयारी भी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल लंबे समय से मरम्मत की मांग कर रहा था, लेकिन भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा था। प्रशासन के इस निर्णय से फिलहाल राहत मिली है, हालांकि परिवहन और व्यवसाय से जुड़े लोगों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ेगा। प्रशासन ने आम लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सुरक्षा मानकों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।